CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 23°C

मेरठ, रविवार 27 जुलाई 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 56 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र भाजपा प्रमुख की रेस: ब्राह्मण-ओबीसी समीकरण में उलझी पार्टी पेज 2



एशिया कप यूएई में खेला जाएगा खेल टाइम्स



अमेरिका कोर्ट से ट्रम्प को फिर बड़ा झटका पेज 11



दर्शकों को खूब पसंद आ रही सैयारा बॉलीवुड

# ऑपरेशन सिंदूर से पाक को दिया सीधा संदेश: आर्मी चीफ

श्रीनगर, वार्ता

**सेना प्रमुख** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ पर शनिवार को यहां कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि भारत का संकल्प, संदेश और पाकिस्तान को निर्णायक जवाब था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे।



- आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा, कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

जनरल द्विवेदी ने लद्दाख के द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के अंतर्गत कारगिल की चोटियों पर अद्वितीय विजय प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं ने उस समय स्पष्ट कर दिया था कि उसकी सीमाओं के भीतर किसी भी नापाक इरादे को सफलता नहीं मिलेगी। भारत की एकता और -शेष पृष्ठ दो पर

## कारगिल विजय दिवस पर मुर्मू ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1999 के कारगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस दिन को देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले भारतीय सैनिकों के असाधारण पराक्रम, अटूट साहस और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक बताया। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में लिखा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मैं मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

## खड़गे, सोनिया गांधी ने कारगिल नायकों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संप्रग की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को बरसों तक 'भारत के इतिहास में वीरता का स्वर्णिम अध्याय' बताया जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री खड़गे ने 'एक्स' पर लिखा कि कारगिल विजय दिवस पर हम अपने सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और सभी साथी भारतीयों को हार्दिक बधाई देते हैं।

## हमारे बहादुर जवानों की कुर्बानी प्रेरणा देती रहेगी: पीएम



**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस पर पीएम मोदी ने 1999 के कारगिल युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री ने इस दिन को भारत के उन वीरों के अद्वितीय साहस और अदम्य साहस की याद दिलाने वाला बताया जिन्होंने सर्वोच्च चोटियों पर राष्ट्र के सम्मान की रक्षा की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखे एक पोस्ट में कहा कि कारगिल विजय दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह अवसर हमें भारत माता के उन वीर सपूतों के अद्वितीय साहस और पराक्रम की याद दिलाता है, जिन्होंने राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

## 50 करोड़ कीमत की 10 किलो हेरोइन जब्त, आठ गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे जुड़े एक सुसंगठित हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है तथा उनके पास से 50 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की 10 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक किशोर सहित आठ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से दस किलो एक सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

## झारखंड के डैम में डूबने से चार युवकों की मौत

**नई दिल्ली।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चेक डैम में डूबने से चार युवकों की मौत हो गई। सभी दलाईकला गांव के रहने वाले थे और डैम में नहाने आए थे। इनमें दो युवक बेस्ट फ्रेंड थे, जबकि दो आपस में रिश्तेदार थे।

### बेबाकी से कहा सीजेआई ने

# सरकार और अदालतों में एक जैसी लालफीताशाही

अमरावती, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने जनता के घर-द्वार तक न्याय

**न्यायपालिका का विकेंद्रीकरण हो: गवई**

पहुंचाने के लिए न्यायपालिका के विकेंद्रीकरण का सुझाव दिया। वे अपने पैतृक जिले अमरावती के दरियापुर कस्बे में कोर्ट बिल्डिंग का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

सीजेआई गवई ने कहा कि न्यायिक अवसंरचना समिति के प्रमुख के रूप में उन्होंने नए तालुका और जिला न्यायालयों की स्थापना का एक मॉडल तैयार किया है। उनके प्रस्ताव पर काम हो रहा है, लेकिन अदालतों और सरकार में लालफीताशाही एक जैसी है। हालांकि उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, एकनाथ शिंदे, उद्धव ठाकरे न्यायिक अवसंरचना कार्यों के प्रति सकारात्मक रहे हैं। आज भी पर्याप्त फंड दिया जा रहा है। सीजेआई ने कहा कि वह दरियापुर में -शेष पृष्ठ दो पर

## पुराने वाहन मामले में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध में ढील देने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगी। सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के मद्देनजर अपनाए गए कड़े उपायों और बड़ी संख्या में लोगों होने वाली परेशानियों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत से 2018 के प्रतिबंध से संबंधित अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि प्रतिबंध से प्रदूषण मानकों का पालन करने वाले वाहनों के मालिकों को व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। सरकार ने 'एमसी मेहता बनाम भारत सरकार' मामले में एक आवेदन के जरिये शीर्ष अदालत से यह गुहार लगाई है।

## भगदड़ मामला: आरसीबी, इवेंट कंपनी और राज्य क्रिकेट संघ को जिम्मेदार बताया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की ओर से बनाए गए जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग की रिपोर्ट सामने आई। इसमें स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेडियम की डिजाइन ऐसी नहीं है कि वहां बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित तरीके से इकट्ठा हो सकें।

## एनआईए ने आईएसआईएस की विचारधारा फैलाने वाले के खिलाफ किया आरोपपत्र दायर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कुख्यात आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) की कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने और षड्यंत्र मामले के एक मुख्य आरोपी के खिलाफ तमिलनाडु में शनिवार को आरोपपत्र दायर किया।

एनआईए के अनुसार अलफसिथ नाम का यह आरोपी तमिलनाडु के मयिलादुथुराई का रहने वाला है और उसके खिलाफ खिलाफ पूनमल्ले (तमिलनाडु) स्थित एनआईए की विशेष अदालत में भारतीय दंड संहित की धारा 153 ए और 505 तथा गैर कानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम की धारा 13 और 39 के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है। अलफसिथ आईएसआईएस के कट्टर समर्थकों मोहम्मद आशिक और साथिक बच्च के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ था। ये दोनों तमिलनाडु में आतंकवाद से संबंधित कई मामलों में शामिल थे।

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram College
Parikarma Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
src_mzn@rediffmail.com www.srgcmzn.com
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)



Hon'ble Smt Anandiben Patel, Governor of UP felicitating Dr S C Kulshreshtha, Founder Chairman, SRC for getting "NAAC A++ Award"



Prof Vimala Y, VC, MS University, Saharanpur felicitating Dr Poonam Sharma, President & Sankalp Kulshreshtha, Secretary, Management Committee, SRC for getting "Autonomous Status"

Benefits to Study in Autonomous College
- Flexible & Future Ready Next Generation Programmes.
- Redesigned Multistream Existing Courses as per NEP-2020.
- Internship & Apprenticeship Based Programmes with Collaboration of Industries.
- For Dual Program New Certificate & Diploma Courses Tailored as per need of Industries & Market.
- Dual Programmes with International & National Collaborations.
- Courses with Enhanced Employability and Job Prospects.
- Own Admission Portal. No involvement of the University.
- Hi-tech and Hybrid Mode Teaching Pedagogies.
- Industry-Institution-Interface Forum (I3F).
- Performance Based Transparent Assessment.
- On Time, Grievances free and Syllabus Aligned Exams & Higher Credits for Internal Assessment.
- Declaration of Results in time and Transparent Evaluation Process.
- Industry & Market Ready Training with Excellent Placement.
- Mark Sheets and Certificate/ Diploma will be Issued by the College under its Seal and Degree by the Parent State University.

Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

Maa Shakumbhari University
Saharanpur
Letter of Appreciation to
Shri Ram College, Muzaffarnagar
Maa Shakumbhari University, Saharanpur is overwhelmed and feels proud for Shri Ram College, Muzaffarnagar which has become the only college certified with A++ grade by NAAC in the entire state of Uttar Pradesh.
It is equally an unprecedented and historical achievement for Maa Shakumbhari University that its affiliated college Shri Ram College, Muzaffarnagar has become "Autonomous College" not only the first college of the University but also the first college of universities of Western Uttar Pradesh. The management, faculty members, staff and students deserve great appreciation for this achievement.
Maa Shakumbhari University expresses its appreciation towards the efficient leadership of Shri Ram College and hopes that the college will also illuminate other educational institutions of the University with its aura.
With best wishes for the bright future of the college,
Date- 28th March 2025
Place- Muzaffarnagar
* Excluding Tech University
(Professor Vimala Y)
Vice Chancellor

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at M S University Admission Portal

Courses Offered
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy | MSc- Agri Chem & Soil Sc
BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance
BSc- Tourism & Hospitality Management
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism * Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration | Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

For Further Information Please Contact @
Business Administration: 9927729646; Agriculture: 9412192801; Computer Application: 9358348700; Bioscience: 9456895886; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Edu.: 8394930091; Phy Edu.: 7817861855; Fine Arts: 9719402220; Journalism: 9927668855; Home Sc. & AEDP: 8800538281

# डेमोक्रेटिव ग्लोबल लीडर रेटिंग में मोदी टॉप पर

नई दिल्ली, वार्ता

- दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति दूसरे स्थान पर
- टैरिफ वॉर की वजह से ट्रम्प को आठवां स्थान मिला

**पीएम मोदी** ने शनिवार को जारी डेमोक्रेटिव ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में टॉप स्थान प्राप्त किया है। उन्हें 75 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है।

दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग हैं। जे म्युंग को 59 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अंडर 5 में जगह नहीं मिली है। ये आंकड़े अमेरिका स्थित व्यवसायिक खुफिया फर्म मार्निंग कंसल्ट जारी करती है। ट्रम्प को 45 फीसदी से कम अप्रूवल रेटिंग के साथ आठवां स्थान मिला है। यह ताजा ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग 4 से 10 जुलाई 2025 के बीच की है।

## 17 सांसद संसद रत्न से सम्मानित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 17 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इनमें एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले, भाजपा के रविकिशन और निशिकांत दुबे और शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत का नाम शामिल है। संसद रत्न बनने वाले सांसदों में सबसे ज्यादा 7 सांसद महाराष्ट्र से हैं। इनके अलावा 4 स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी शामिल हैं। इनमें भाजपा के भर्तृहरि महताब, क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के एनके प्रेमचंद्रन, एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले और शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्ने शामिल हैं। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा है। बाकी सांसदों में भाजपा की स्मिता उदय वाघ, शिवसेना के नरेश म्हस्के, कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़, भाजपा की मेधा कुलकर्णी, प्रवीण पटेल, विद्युत बरन महतो और दिलीप सैकिया भी शामिल हैं।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फक्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकाने पर चला बुलडोजर

**बलरामपुर।** अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। शनिवार को छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकानों पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा और सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी में सबरोज का ठिकाना सरकारी जमीन पर बनाया गया था। वहीं छांगुर के करीबियों पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई भी जारी है। अवैध मकान को ढहाने की स्थिति का जिला. धिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन परती की जमीन पर सबरोज ने मकान बनाया था।

### कर्नाटक के दो अधिकारियों के बीच मारपीट में चले जूते

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में तैनात राज्य सरकार के दो वरिष्ठ अधिका. रियों के बीच हुई बहस के बाद मारपीट होने की खबर सामने आई है। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के विशेष अधिकारी एच. अंजनेया ने सहायक स्थानीय आयुकत एवं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विशेष अधिकारी सी. मोहन कुमार पर जूते से उन पर हमला करने का आरोप लगाया है। यह घटना नई दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन के कार्यालय परिसर में घटी और तब प्रकाश में आई, जब अंजनेया ने स्थानीय आयुकत इमकोंगला जमीर के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की। अंजनेया ने अपनी शिकायत में कहा कि मुझे जूते से पीटा गया और मेरे सम्मान एवं गरिमा को ठेस पहुंची है।

# उप्र भाजपा प्रमुख की रेसः ब्राह्मण व ओबीसी समीकरण में उलझी पार्टी

**लखनऊ, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई में नए अध्यक्ष को लेकर मंथन जारी है। संगठन के सूत्रों की मानें, तो छह नामों की एक सूची राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजी गई है, उसमें दो ब्राह्मण, दो पिछड़े समुदाय से और दो दलित समुदाय से हैं। इन नामों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जल्द ही शीर्ष नेतृत्व द्वारा इसका ऐलान भी कर दिया जाएगा।

दरअसल भारत के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में अगले साल पंचायत चुनाव होने हैं। वहीं 2027 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और राज्य इकाई प्रमुख का चुनाव इन बातों को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा। राज्य में लोकसभा चुनाव में मिली हार को पलटकर लखनऊ में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करना चाहेगी। भाजपा ने 37 में से 25 से ज्यादा संगठनात्मक इकाइयों में राज्य प्रमुखों का चयन कर लिया है। अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की भी तैयारी कर रही है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सुझाए गए नामों में पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और बस्ती के पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी (दोनों ब्राह्मण), उत्तर प्रदेश के मौजूदा मंत्री धर्मपाल सिंह और मौजूदा केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा (दोनों ओबीसी), और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया और मौजूदा एमएलसी विद्यासागर सोनकर (दोनों दलित) शामिल हैं। भाजपा नेता ने कहा कि संगठन ने अपनी ओर से केंद्रीय नेतृत्व को उपयुकत नाम सुझाए हैं, जिन पर उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए विचार किया जा सकता है और नेतृत्व सक्रिय रूप से उनका मूल्यांकन कर रहा है। अगले दो हफ्तों में और संभवतः उससे भी पहले कोई फैसला होने की संभावना है। अपनी साफ-सुथरी छवि और शैक्षणिक योग्यता के लिए जाने जाने वाले ब्राह्मण नेता शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और शीर्ष नेतृत्व का विश्वास प्राप्त है। द्विवेदी भी ब्राह्मण हैं और युवा तथा संसदीय अनुभव लेकर आते हैं।

# आरओ-एआरओ परीक्षा यूपी के २३८२ केंद्रों पर आज

## यूपीपीएससी के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पर पर निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए

**प्रयागराज, वार्ता**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 पर निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यह परीक्षा 27 जुलाई को प्रदेश के 2382 केंद्रों पर होगी।

इससे पूर्व 11 फरवरी 2024 को हुई इसी परीक्षा में पेपर लीक हो गया था और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को परीक्षा निरस्त करनी पड़ी थी। यह परीक्षा अब डेढ़ साल बाद होने जा रही है और इस दौरान परीक्षा की पारदर्शिता व निगरानी के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए। आरओ/एआरओ परीक्षा पहली बार आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआई) की निगरानी में होगी। किसी भी गड़बड़ी की आशंका पर कंट्रोल रूम को सीधे अलर्ट मिल जाएगा और गड़बड़ी को रोका जा सकेगा। परीक्षा कक्ष में अगर कोई अभ्यर्थी उधर-उधर देखना है या धीमे से भी



**यूपी में परीक्षा पहली बार आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआई) की निगरानी में होगी**

कुछ बोलता है, तो एआई तकनीकी मदद से उसे तुरंत चिह्नित कर लिया जाएगा। सिर्फ अभ्यर्थी ही नहीं बल्कि कक्ष निरीक्षकों पर भी एआई की निगरानी होगी, ताकि किसी भी तरह से गड़बड़ी की कोई आशंका न रह जाए। आरओ/एआरओ के 411 पदों पर भर्ती के लिए 1076004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। आयोग को पहली बार इस परीक्षा के लिए प्रदेश के सभी जिलों में केंद्र बनाने पड़े हैं। प्रयागराज में कुल 106 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के दौरान प्रवेश/निकास द्वार पर किसी भी तरह की हलचल का पता चलने पर अलर्ट रहेगा। कक्षाओं के अंदर फर्नीचर ठीक से व्यवस्थित न होने पर अलर्ट, कैमरे ऑफलाइन होने या मास्किंग या ब्लैक स्क्रीन द्वारा छेड़छाड़ किये जाने पर अलर्ट, परीक्षा से एक घंटे पहले या बाद में कक्षाओं में किसी भी तरह की हलचल होने पर भी अलर्ट रहेगा। 27 जुलाई को आरओ/एआरओ की भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए रेलवे आठ कोच की मेमू ट्रेन का संचालन बनारस से प्रयागराज जंक्शन होते हुए कानपुर तक करेगा। गाड़ी संख्या 05187 बनारस से 26 जुलाई की शाम 6.00 बजे रवाना होकर रात 8.32 बजे प्रयागराज रामबाग, 8.52 बजे प्रयागराज जंक्शन एवं रात 11.40 बजे कानपुर पहुंचेगी। दूसरी ओर यूपी रोडवेज द्वारा ऑन डिमांड अतिरिक्त बसों का संच. ालन किया जाएगा।

## भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता के सरकार के दावे खोखले: राहुल

# विफलता सिर्फ सड़े हुए सिस्टम का आईना

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में बढ़े स्तर पर पेपर लीक हो रहे हैं और उम्मीदवारों के सैकड़ों किलोमीटर यात्रा कर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने पर परीक्षाएं रद्द होने की सूचना मिलती है जिससे युवाओं में निराशा है, लेकिन मोदी सरकार तंत्र की इस विफलता को तोड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

गांधी ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि मोदी सरकार परीक्षाओं में पारदर्शिता की बात करती है, लेकिन देश भर में बड़े स्तर पर पेपर लीक की घटनाएं हो रही है और सरकार माफियाओं पर नकेल कसने में



**देशभर में लीक हो रहे पेपर माफियाओं पर नकेल कसने में सरकार विफल**

पूरी तरह से विफल रही है। कांग्रेस नेता ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) फेज़-13 की परीक्षा में सामने आ रही गड़बड़ियां सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि मोदी सरकार के विफलता और सड़े हुए सिस्टम का आईना हैं। अभ्यर्थी 400-500 किलोमीटर दूर से परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचता है पता चलता है कि उनकी परीक्षा रद्द कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सिस्टम की खामियों के कारण लगातार पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने की घटनाएं हो रहे हैं, जिसके कारण लाखों युवाओं और उनके परिवार के लोगों की मेहनत, समय और उम्मीदें बर्बाद हो रही हैं। पिछले 10 साल में नीट, एनईटी, यूपीपीएससी, बीपीएस और बोर्ड परीक्षाओं सहित 80 से ज्यादा पेपर्स में खुलेआम धांधली हुई है। सिर्फ इस साल की धांधली से 85 लाख बच्चों का भविष्य प्रभावित हुआ है, लेकिन इन्हें रो. कने में सरकार नाकाम रही है और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा सुधार के बड़े-बड़े उनके वादे खोखले साबित हुए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं सरकार के निकम्मेपन, प्रशासनिक भ्रष्टाचार और परीक्षा माफियाओं के गठजोड़ का नतीजा है। युवाओं के सपनों के साथ यह विश्वासघात बंद होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने एक अखबार और समाचार चैनल की खबर को भी पोस्ट किया है, जिसमें पेपर लीक के संकट का विस्तृत विवरण दिया गया है।

### कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के महिला विरोधी विवादित बयान पर भड़की कांग्रेस

**लखनऊ।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महिलाओं को लेकर दिये गये विवादास्पद बयान के बाद लोगों के निशाने पर हैं और इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी उन पर आज जमकर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा कि अनिरुद्धाचार्य का महिलाओं के प्रति दिया बयान बहुत ही निंदनीय है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय सेवक संघ को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस ऐसे लोगों का बचाव करती है, जो महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, क्योंकि भाजपा-आरएसएस महिलाओं का सम्मान नही करती, उन्हें महिलाओं का अपमान करने वाले पसंद हैं।

# संवैधानिक हक दिलाने में कांग्रेस विश्वासपात्र नहीं रही: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**



बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा ओबीसी वर्ग के हितों को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ओबीसी के हित व संवैधानिक हक दिलाने के मामले में कांग्रेस कभी विश्वासपात्र नही रही है। यह दिल मे कुछ व जुबान पर कुछ जैसी स्वार्थ की राजनीति ज्यादा लगती है।

बसपा प्रमुख ने शनिवार को अपने सोशल एकाउंट पर एक्स करते हुए लिखा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा यह स्वीकार करना कि देश के विशाल आबादी वाले अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) समाज के लोगों की राजनीतिक व आर्थिक आशा, आकांक्षा व आरक्षण सहित उनका संवैधानिक हक दिलाने के मामलों में कांग्रेस पार्टी खरी व विश्वासपात्र नहीं रही है। यह कोई नई बात नहीं है। बल्कि यह दिल में कुछ व जुबान पर कुछ जैसी स्वार्थ की राजनीति ज़्यादा लगती है। सुश्री मायावती ने कहा कि वास्तव में उनका यह बयान उसी तरह से है जैसा कि देश के करोड़ों शोषित, वंचित व उपेक्षित एससी/एसटी समाज के प्रति रहा है। जिसके चलते इन वर्गों के लोगों को अपने आत्म- सम्मान व स्वाभिमान तथा अपने पैरों पर खड़े होने के लिए अलग से अपनी पार्टी बहुजन समाज पार्टी बनानी पड़ी है।



सेंसेक्स 82184.17
निफ्टी 25062.10

सोना रु. 98280
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 113400
प्रति किलो



# मुंबई में रोडशो के जरिये योगी सरकार ने दिखाई औद्योगिक ताकत

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश को निवेश और निर्यात के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुंबई में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का जोरदार रोडशो आयोजित किया गया।

देश की आर्थिक राजधानी में आयोजित इस आयोजन के माध्यम से टीम योगी ने महाराष्ट्र के व्यापार जगत, सोर्सिंग एजेंसियों और संस्थागत खरीदारों को न केवल आकर्षित किया, बल्कि उत्तर प्रदेश के साथ औद्योगिक साझेदारी को नया आयाम भी दिया। वालचंद हीरा. चंद हॉल में आयोजित इस रोडशो में उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार और देश के प्रमुख उद्योग संगठनों के शीर्ष अधिकारी भी



शामिल हुए। इस अवसर पर राकेश सचान ने कहा कि यूपीआईटीएस केवल एक व्यापार मेला नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की प्रतिभा और परंपरा का वैश्विक मंच है। ओडीओपी और पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाएं प्रदेश के एमएसएमई और कारीगरों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला रही हैं। आयुकत उद्योग वी. पांडियन ने बताया कि 25 से 29 सितंबर 2025 तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला यह मेला फूड प्रोसेसिंग, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग और ओडीओपी उत्पादों समेत कई क्षेत्रों को जोड़ने वाला बड़ा सोर्सिंग प्लेटफॉर्म होगा। उन्होंने बताया कि विशेष बी2बी बैठकें, अंतरराष्ट्रीय खरीदार प्रतिनिधिमंडल और निर्यात क्लस्टर यूपी की औद्योगिक शकित को दर्शाएंगे। ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि भारतीय कारीगरों के उत्पादों का वैश्विक निर्यात देश की सामाजिक-आर्थिक तरक्की के लिए अत्यंत आवश्यक है। यूपीआईटीएस इसी दिशा में मजबूत कदम है। महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स, बीएआई और इंडिया एक्सपो मार्ट के प्रतिनिधियों ने यूपी सरकार के इस दूरदर्शी प्रयास की सराहना की और राज्य के साथ मजबूत व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। सीईओ सुदीप सरकार ने यूपीआईटीएस 2025 की विस्तारित विशेषताओं, ओडीओपी शोकेस, एमएसएमई पवेलियन, बी2बी ज़ोन और निर्यात क्लस्टर की जानकारी दी।

# सोने -चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** देशभर में पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव पिछले एक हफ्ते में खूब तेजी से उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं। जहां पिछले एक हफ्ते में सोना 1 लाख पार हो गया था, इसी बीच आज सोना 710 रुपए सस्ता हुआ है। आज देश में सोन का दाम 98,280 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। बीते दिन यह 99,030 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं शनिवार को चांदी का भाव 113,400 रुपए प्रति 1 किलो रहा। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के सर्राफा में आज सोने के भाव में 750 रुपए की मंदी दिखी है, तो वहीं चांदी 2,250 रुपए सस्ती हुई है।

अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं, तो कभी भी गुणवत्ता से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से रखकर ही सोना खरीदें। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपके सोने में मिलावट भी हो सकती है।

# चावल, गेहूं नरम, दालें सस्ती, अधिकतर खाद्य तेल महंगे

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल और गेहूं के भाव टूट गए। चीनी में तेजी रही। दालों में नरमी देखी गई। मूंगफली तेल को छोड़कर अन्य तेलों के दाम बढ़ गये। घरेलू थोक बाजारों में चावल की औसत कीमत 41 रुपये घटकर 3,795.97 रुपये प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं भी तीन रुपये रुपये टूटकर 2,828.56 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा करीब छह रुपये सस्ता होकर 3,282.98 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। मूंगफली तेल की कीमत 149 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सरसों तेल में 142 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल में 43 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गयी। वनस्पति करीब आठ रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 46



रुपये प्रति क्विंटल ऊपर रहा। पाम ऑयल में चार रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल-दलहनों में तेजी रही। दलहन बाजार में मसूर दाल में औसतन आठ रुपये की बढ़त दर्ज की गई रही। चना दाल भी 20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में 12 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गयी। दाल मूंग नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं चीनी छह रुपये प्रति महंगी हुई। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रह: दाल-दलहन: दाल चना 7858.38, मसूर काली 8030.88, मूंग दाल 10137.40, उड़द दाल 10466. 24, अरहर दाल 10880.35 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2828.56 रुपये और चावल 3795.97 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4271.36 और गुड़ 4890.58 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 17378.72 रुपये, मूंगफली तेल 17579.46 रुपये, सूरजमुखी तेल 15314.85 रुपये, सोया रिफाइंड 13798.52 रुपये, पाम ऑयल 12257.66 रुपये और वनस्पति तेल 14479. 35 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर...**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नहीं, बल्कि निवासी के रूप में आए हैं। उन्होंने कहा कि दरियापुर कोर्ट यह सुनिश्चित अखंडता पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, ऑपरेशन विजय की कड़ी में दुश्मन को करारा जवाब है। उन्होंने कहा कि हमने शांति को अवसर दिया, पर कायरता का उत्तर केवल पराक्रम से दिया। ऑपरेशन सिंदूर हमारा संकल्प है, संदेश भी और उत्तर भी। पहलगाम हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इस बार भारत ने ठान लिया था कि अबकी बार निर्णायक जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशवा. सियों का अटूट विश्वास और सरकार द्वारा दी गई रणनीतिक स्वतंत्रता से भारतीय सेना ने एक सुनियोजित, सटीक और निर्णायक जवाब दिया। सेना प्रमुख ने कहा कि यह केवल जवाब नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे। जनरल द्विवेदी ने कहा कि 7 से 9 मई के बीच की पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाईयों का भारतीय सेना ने नपा-तुला और सटीक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमारी वायु रक्षा प्रणाली एक अजेय दीवार बनकर सामने खड़ी रही जिसे कोई ड्रोन या मिसाइल नहीं भेद सकी। यह सब संपूर्ण राष्ट्र के एक समान दृष्टिकोण के कारण संभव हो सका जहां सेना, वायु सेना, नौसेना और अन्य सरकारी विभाग मिलकर एक साथ खड़े रहे। इसमें सख्त संदेश दिया गया कि जो भी शक्तियां भारत की संप्रभुता, अखंडता या जनता को क्षति पहुंचाने की योजना बना रही हैं उन्हें करारा जवाब दिया गया है और आगे भी दिया जाएगा। सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सेना तेजी से आधुनिक और भविष्य की शक्ति में बदल रही है इसके अंतर्गत 'रुद्र' के रूप में नई ब्रिगेड का गठन किया जा रहा है जिनमें इन्फेंट्री, मकैनाइज्ड इन्फैंट्री, बख्तरबंद यूनिट, तोपखाना, स्पेशल फोर्स और ड्रोन जैसी लड़ाकू इकाईयों का एकीकरण किया जा रहा है। इन्हें विशेष रूप से तैयार लॉजिस्टिक और कॉम्बेट स्पोर्ट से मदद दी जाएगी।

**सरकार और....**

करेगा कि न्याय समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। सीजेआई गवई ने नए लॉ ग्रेजुएट्स को सलाह दी कि वे वकीलों से जुड़े पद और प्रतिष्ठा को अपने दिमाग पर हावी न होने दें। इस दौरान उन्होंने जूनियर वकीलों को सलाह दी कि वे अपना करियर बनाने से पहले प्रशिक्षुता हासिल करें। अगर कोई बिना किसी अनुभव के अदालतों में बहस करना चाहता है और छह महीने में मर्सिडीज या बीएमडब्ल्यू का मालिक बनना चाहता है, तो उसे अपने इरादे समझने की जरूरत है। सीजेआई बोले कि मैंने जूनियर वकीलों को अपने सीनियर को सीट देते हुए देखा है। इसी तरह, एक ऐसा मामला भी आया जब एक जूनियर वकील अदालत में बेहोश हो गया जब उसे जज ने बर्खास्त कर दिया। जज और वकील दोनों बराबर के भागीदार हैं। कुर्सी लोगों की सेवा के लिए होती है और इससे जुड़ी शक्ति को हावी नहीं होने देना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश अपने पिता आरएस गवई की 10वीं पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। आरएस गवई केरल और बाद में बिहार के राज्यपाल भी रहे।

# 'घात के विरुद्ध प्रतिघात' भारत का नया नियम: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि भारत कभी भी विस्तारवाद की नीति पर नहीं चला है, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद देश ने घात करने वाले पर प्रतिघात का एक नया नियम जरूर बना दिया है।

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'करगिल दिवस' के उपलक्ष्य में राजधानी मे आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जबसे मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश का कार्यभाल संभाला है, तबसे यह स्पष्ट हो गया है कि उधर से गोली चलेगी, तो इधर से गोला चलेगा। उन्होंने उरी, पुलवामा और पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों और उन पर पीएम मोदी की प्रतिक्रियाओं और भारत की कार्रवाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विस्तारवादी नहीं है, घात करने वाले पर प्रतिघात अब नया नियम हो गया है। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए करगिल युद्ध के कई शहीदों के परिजन, भूतपूर्व सैनिक, भाजपा के पदा. धिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नड्डा ने करगिल की लड़ाई में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को याद करते हुए उस लड़ाई में प्राणोत्सर्ग करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उरी में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों के हमले में 18 जवानों की मौत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, पाकिस्तान तुमने बड़ी गलती कर दी है। इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर लखनऊ के शहीद स्मृति वाटिका में शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के महान वीर जवानों ने देश को ऐतिहासिक विजय दिलाई थी। आज उनको याद करने का दिन है।

पाकिस्तान को धूल चटाकर दुनिया को हैरान कर दिया था। योगी ने कहा कि हम भारत के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं। आज का दिन भारत की सेना के शौर्य का भी प्रतीक है। कारगिल युद्ध पाकिस्तान ने भारत पर थोपा था जिसका मुंहतोड़ जवाब हमारे वीर जवानों ने दिया था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सरधना के दो युवकों की हरियाणा में मौत

## बेकाबू मैजिक व ट्रक की टक्कर से हुआ हादसा, मोमन फरीदपुर के रहने वाले थे मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** हरियाणा में भाड़ा लेकर गए मोमन फरीदपुर गांव के दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी टाटा मैजिक रोहतक के पास एक ट्रक में जा घुसी, जिससे ये हादसा हुआ। सूचना मिलते ही परि. जनों में कोहराम मच गया। देर शाम दोनों के शवों को गांव लाकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार सरधना थाना क्षेत्र के मोमन फरीदपुर गांव निवासी 22 वर्षीय दुष्यंत पुत्र मूलचंद अपने चचेरे भाई 20 वर्षीय निशांत पुत्र गवर्नर उर्फ मंजू के साथ टाटा मैजिक पर भाड़ा ढोने का काम करता था। ग्रामीणों ने बताया कि



शनिवार अल सुबह वह भाड़ा लेकर मुरथल हरियाणा जा रहे थे। अल सुबह करीब चार बजे वह जैसे ही रो. हतक के खरावड़ क्षेत्र में पहुंचे तो अचानक से मैजिक अनियंत्रित हुआ



और आगे चल रहे ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मैजिक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में निशांत व दुष्यंत की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने मैजिक काटकर किसी तरह शव को बाहर निकाला। इसके बाद दोनों शव मोर्चरी के लिए भेज दिए।

उनके पास मिले आधार से दोनों भाइयों की पहचान हो सकी। तब जाकर पुलिस ने उनके परिजनों को हादसे की सूचना दी। युवकों की मौत की सूचना से परिजनों में को. हराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजन व गांव के काफी लोग मौके पर रवाना हो गए। शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा। जिन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दो जवान मौत से गांव में गम का माहौल छा गया। बाद में गमगीन माहौल में दोनों शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# राज मिस्त्री के 80 हजार रुपये हड़प गया ठेकेदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** डहार निवासी एक राजमिस्त्री ने ठेकेदार पर मजदूरी के 80 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी सरधना को एक प्रार्थना पत्र देकर ठेकेदार से मजदूरी के रुपये दिलाने की गुहार लगाई है। पीड़ित राजमिस्त्री रोहताश ने बताया कि उसने नानू निवासी एक ठेकेदार के पास करीब दो साल तक काम किया। उसके मजदूरी के लगभग 80 हजार रुपये ठेकेदार के पास अभी भी बकाया है। पिछले एक वर्ष से वो लगातार ठेकेदार से मजदूरी के रुपये मांग रहा है, लेकिन वह भुगतान नहीं कर रहा। पहले वह उससे फोन पर तकादा कर देता था, इसका विरोध जताया तो उसके साथ अभद्रता की गई और उसे भुगतने की धमकी दी।

# कलाम के नाम पर भाजपा का मुस्लिमों से संवाद

## अल्पसंख्यक मोर्चे ने मेरठ में किया कार्यक्रम, भारी संख्या में पहुंचे मुस्लिम

■ **पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन का हसीन यासीन ने किया भव्य स्वागत**

**शाहवेज खान/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** वैसे तो भाजपा के ऊपर मुस्लिम विरोधी राजनीति करने के आरोप लगाते रहते हैं लेकिन धरातल पर भाजपा मुसलमान के साथ संवाद और पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के जरिये यह पैगाम देने में लगी है कि भाजपा देश के मुस्लिम समाज के साथ है। इसी को लेकर मेरठ में देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम कलाम को सलाम के नाम पर आयोजित हुआ।

जिसमें अतिथियों के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन, प्रदेश के राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, सत्येंद्र सिसोदिया क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिमी, चौधरी जाकिर हुसैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सहित मेरठ के बड़े नेता रहे। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मुस्लिम समाज को विपक्षी पार्टियों ने राजनीति और समाज के मुख्य धारा से दूर रखा है आज भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज राजनीति के साथ-साथ हर वर्ग में हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। वहीं राज्य मंत्री दानिश आजाद ने कहा कि मुस्लिम समाज का जितना फायदा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में हुआ है उतना किसी पार्टी के कार्यकाल में नहीं हुआ है। मंच पर आए सभी अतिथियों ने मुसलमानो को संबोधित करते हुए पार्टी की उपलब्धियां से अवगत कराया और साथ ही साथ यह भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी मुस्लिम समाज को अपने साथ देखना चाहती है। इस दौरान कलाम के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में मुसलमानों की बड़ी तादत मौजूद रही, सभी ने इस कार्यक्रम में अपनी रुचि दिखाई वहीं कार्यक्रम के आयोजक बासित अली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों और शोषित समाज को आगे लाने का काम कर रही है पूर्व की सरकारों में मुस्लिम समाज का शोषण होता रहा है। मुस्लिम समाज को गुमराह किया जाता रहा है जिसके चलते मुस्लिम शिक्षा से बहुत दूर हुए लेकिन जब से भाजपा की सरकार आई है तब से मुस्लिम तरक्की की ओर बढ़ रहा है। इस दौरान मेरठ के वरिष्ठ समाजसे. वी और युवा व्यापारी हसीन यासीन ने मंच पर बैठे अतिथियों का स्वागत किया और केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन का मेरठ आगमन पर गर्म जोशी से इस्तकबाल किया।



पूर्व केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हसीन यासीन।

हसीन यासीन ने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली मुस्लिम समाज को पार्टी के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं जिसका रिजल्ट अब दिखने लगा है। हसीन यासीन ने कहा कि पूर्व की सरकारें मुस्लिम समाज को बहकाती आई है लेकिन अब मुस्लिम समाज अपना अच्छा और बुरा समझने लगा है और वह भारतीय जनता पार्टी के साथ संवाद करने और उसके साथ आने को बेताब दिख रहा है। इस दौरान हसीन यासीन ने भाजपा अल्प संख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली सहित भाजपा नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि पार्टी का अल्पसंख्यक मोर्चा मुस्लिम समाज को समझने और उन्हें अपने साथ लाने में धीरे-धीरे कामयाब हो रहा है। आपको बता दें कि मेरठ में कलाम के नाम पर आयोजित मुस्लिम सम्मेलन के माध्यम से भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे ने यह दिखाने का प्रयास किया है कि भारत का मुसलमान अब मोदी के साथ आ रहा है। जिसमें मुस्लिम समाज ने भी अपनी रुचि और भागीदारी दिखाई है मुस्लिम समाज की बड़ी भागीदारी ने विपक्ष की पार्टियों को चिंतित कर दिया है क्योंकि अगर मुस्लिम समाज थोड़ी तादाद में भी भारतीय जनता पार्टी के साथ जाता है तो इसका एक बड़ा नुकसान विपक्ष की पार्टियों को उठाना पड़ सकता है अब देखना है कि विपक्ष की पार्टियां मुस्लिम समाज को भारतीय जनता पार्टी के साथ जाने से किस तरीके से रोकती हैं।

# मकान में चोरी करने घुसे बदमाशों को ग्रामीणों ने दौड़ाया

## सरधना क्षेत्र के कुलंजन गांव का है मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कुलंजन गांव में शुक्रवार देर रात एक मकान में चोरी करने घुसे बदमाशों को ग्रामीणों ने दौड़ा लिया। काफी दूर तक ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वे जंगल की तरफ भागने में सफल रहे। पुलिस भी जांच के लिए मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है।

शुक्रवार देर रात उस्मान पुत्र बंदू के मकान में हथियारबंद बदमाश घुस आए। बदमाशों ने कमरे में रखी अलमारी और संदूक खोल लिए। नकदी व आभूषण की तलाश में सारा सामान निकाल कर बाहर फेंक दिया। इस दौरान आहट होने पर उस्मान व

■ **आहट होने के बाद परिवार में हुई थी जाग**

उसके परिजन जाग गए। उन्होंने बदमाशों को देखकर शोर मचा दिया। शोर सुनकर ग्रामीण उस्मान के घर की तरफ दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा किया और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बदमाशों को तलाश किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। फिलहाल बदमाशों की आमद को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# शहीद हुए ललित के गांव में लगा लोगों का जमावड़ा, परिवार को दी सांत्वना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** ब्लाक के गांव पस्तरा निवासी जवान अग्नि वीर ललित जम्मू में पुछ में तेनात था जहा पेट्रोलिंग करते समय उसका पेर एक विस्फोटक के नीचे आ गया था जहा सेना के अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

ललित तीन भाइयों में सबसे छोटा था और जाट रेजीमेंट में तेनात था। डेढ़ साल पहले ही सेना में भर्ती हुआ था। जिसमें परिवार वालों को बड़ी आस थी की बेटा फौज में चला गया है अब सारे दुख दर्द दूर हो जाएंगे, लेकिन ऐसा भगवान को मंजूर नहीं था उसकी शहीद की खबर सुनते ही परिवार वालों में और गांव में सन्नाटा छा गया पूरे दिन सोशल मीडिया व्हाट्सएप और



इंस्टाग्राम पर ललित की देशभक्ति की फोटो सभी ने वायरल की और अपना दुख बयान किया और पूरे दिन गांव में परिवार वालों से मिलने आसपास के गांव के लोग और जनप्रतिनिधि पहुंच गए और परि. जनों को संत्वना दी। वहीं परिवार वालों ने बताया की कारगिल दिवस के चलते उसका शव गांव नहीं पहुंच पाया इसलिए रविवार को ललित का शव उसके गांव पस्तरा में पहुंचेगा और अंतिम संस्कार किया जाएगा इसमें पूरे दिन घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल था।

# एमआईईटी स्कूल में एक अगस्त से होगा शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मवाना रोड स्थित एमआईईटी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन एक अगस्त से किया जाएगा। चार दिवसीय इस आयोजन की जानकारी एक प्रेस वार्ता के दौरान प्रिंसिपल रूपाली सहगल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में देहरादून रीजन और नोएडा रीजन की सीबीएसई से संबंध प्रतिष्ठित स्कूलों की छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

देहरादून डिवीजन के अंतर्गत उत्तराखंड के 11 जिलों एवं नोएडा रीजन के पश्चिम उत्तर प्रदेश के 26 जिलों से कुल 252 स्कूलों के खिलाड़ी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। सीबीएसई की वेबसाइट पर



अब तक 1200 से अधिक प्रतियोगी प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। आयोजन सचिव विजय चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल और 10 मीटर एयर पिस्टल कैटेगरी में अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 में मुकाबले होंगे। नामांकन प्रक्रिया 31 जुलाई से आरंभ होगी और प्रतिदिन लगभग 300 प्रतिभागी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल ने कहा कि बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के रहने भोजन और प्राथमिक चिकित्सा एवं परिवहन की व्यवस्था स्कूल प्रशासन द्वारा की गई है। प्रेस वार्ता में चेयरमैन विष्णु चरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, प्रिंसिपल रूपाली सहगल, एकता सक्सेना, मीडिया हेड अजय चौधरी और शूटिंग कोच आकाश मौजूद रहे।

# सरधना में सेल्समैन की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शुक्रवार देर रात्रि सरधना क्षेत्र के गांव ज्वालगढ़ में एक सेल्समैन की शराब के ठेके पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपों मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश में पुलिस ने कई जगह दबिश दी, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग सका।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सरधना क्षेत्र के गांव ज्वालगढ़ के पास स्थित महाराणा प्रताप चौक पर देशी ठेका मौजूद है। जिस पर कुलदीप पुत्र रामभूल सेल्समैन है। शुक्रवार रात्रि गांव का ही एक युवक शराब लेने आया और इसी बीच तमंचे से कुलदीप को गोली मार दी। गोली की



कुलदीप, मृतक

आवाज सुनते ही अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना था कि जल्द ही हत्यारोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# डीएम-एसएसपी ने इंटर कॉलेजों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह व एसएसपी विपिन ताडा द्वारा जनपद के सेंट जोजफ इंटर कालेज, एस. एस.डी. ब्वायज इंटर कालेज लालकुर्ती, त्रिशला देवी कनोहर लाल बालिका इंटर कालेज तथा कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम व अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह आदि अधिकारी रहे।

# हरियाली तीज पर मेंहदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में दौराला मसूरी मार्ग पर स्थित राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को हरियाली तीज के मौके पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ओर कॉलेज की अध्यापिकाओं के हाथों पर एक से बढ़कर एक डिजाइन की मेंहदी सजाई। प्रतियोगिता में कक्षा 8 ए से मुस्कान ने प्रथम स्थान व जानवी ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 7 से सादिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सुनीता भारती ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए आशीर्वाद दिया। इस दौरान सुनीता भारती के अलावा कौशल रानी, बीना कंसल, रंजना, ललिता, अरुणा गुप्ता, अंकिता शर्मा, रेनू भारद्वाज, ममता कश्यप, प्रीति सैनी, प्राची, कुमकुम, अंशु गुप्ता आदि अध्यापिकाएं मौजूद रही।

# महिला लेखपाल सरकारी जमीन पर कब्जा कराने की दे रही इजाजत, वीडियो वायरल

■ **एसडीएम ने कहा वीडियो की जानकारी उन्हे नहीं है देखने के बाद होगी कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** तहसील मवाना में भ्रष्टाचार का एक नया मामला सामने आया है। तहसील में तैनात एक महिला लेखपाल की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें आरोपी लेखपाल कुछ लोगों से बात करती दिखाई दे रही है। लेखपाल एक सरकारी जमीन पर कब्जा कराने की बाबत रिश्वत का मोलभाव करती दिखाई दे रही है। वीडियो वायरल होने के बाद तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया है। इस मामले में एसडीएम ने वीडियो देखने के बाद जांच करने व कार्रवाई करने की बात कही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो तहसील परिसर में आपूर्ति कार्यालय के सामने कर्मचारी आवास परिसर का है। वीडियो सठला गांव से संबंधित एक सरकारी जमीन के संबंध में बातचीत का बताया जा रहा है। कुछ लोग महिला लेखपाल से सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर मोलभाव करते नजर आ रहे हैं।

### सरकारी जमीन के बारे में लिखकर नहीं दे सकती

महिला लेखपाल कहती नजर आ रही है कि जमीन सरकारी है। वह लिखित रूप से नहीं दे सकती। बस नक्शा बनाकर देगी। वे अपनी चहारदीवारी कर लें। सरकारी जमीन पर कब्जे की खुली छूट देती लेखपाल नजर आ रही है। उधर, इस बाबत पूछे जाने पर एसडीएम मवाना संतोष सिंह ने कहा कि उन्हें वीडियो की जानकारी नहीं है। वीडियो देखने के बाद यदि सत्यता पाई गई तो इसमें कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# कारगिल विजय दिवस पर मेडिकल में लगा ब्लड कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में रक्त कोष विभाग मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रो. एस बालामनी बोस द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया गया। जिसमें नर्सिंग कॉलेज के शिक्षक, छात्र एवं छात्राओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद अरुण गोविल, प्राचार्य डॉ. आर. सी गुप्ता, रक्त कोष प्रभारी डॉ. प्रिया गुप्ता व मेडिकल ऑफिसर डॉ. सिद्धार्थ द्वारा किया गया। डॉ. प्रिया ने बताया कि इस शिविर में 50 रक्त दान हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ अर्पिता, डॉ. सांची, दीपक, देवेन्द्र, राहुल, रश्मी, सजूं, अंजू, प्रिया एवं समस्त रक्त कोष स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। वहीं प्राचार्य ने इस कार्य की सराहना की है।

# तक्षशिला स्कूल में छात्र कार्यकारिणी के मानसून सत्र का हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस सत्र का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना के साथ किया गया। समारोह में स्कूल की विभिन्न समीतियों तथा क्लबों के इंचार्ज ने हैड बॉय व हैड गर्ल के साथ सर्वप्रथम मार्च पास्ट किया तथा अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए स्कूल के चारों हाऊस गांधी हाऊस, सुभाष हाऊस, नेहरू हाऊस, आजाद हाऊस तथा व्हाइट समिति के सदस्यों को स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने शपथ दिलवाई।

कक्षा 12 के विज्ञान के छात्र हैड बॉय हेमंत को तथा कक्षा 12 की साइंस की छात्रा हैड गर्ल अनन्या गौतम ने सत्र में विभिन्न समीतियों



तथा क्लबो के बच्चों के साथ होने वाली गतिविधियों के बारे में जानक. ारी ली। चारों हाऊस के कप्तानों ने आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए बच्चों का चयन किया। ईको क्लब के बच्चों ने ग्लोबल वार्मिंग पर अपनी प्रस्तुती दी व अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने स्कूल के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के लिए धन्यवाद दिया तथा बच्चों को परिश्रम एवं अनुशासन से आगे बढ़ने को कहा।

# शोभित में टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड टू. बी. यूनिवर्सिटी मोदीपुरम मेरठ द्वारा सरकार की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा प्राप्त सूची के अनुसार वर्ष 2024-25 के छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किए गए। जिसका शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय के कुल. पति डॉ. वी. के. त्यागी, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, डी.एस.डब्ल्यू डॉ. दिव्या प्रकाश एवं प्रो. लोमस तोमर के कर कमलों द्वारा टैबलेट वितरण किये गये। कुलपति द्वारा सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के माध्यम से प्राप्त हुए टैबलेट से छात्र बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इसके



अलावा यह टैबलेट आने वाले समय में छात्रों को नौकरी ढूंढने करने में भी सहायता प्रदान करेंगे। इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा डिजिटल एक्सेस भी प्रदान की जाएगी। जिससे छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में काफी सहायता मिलेंगी। कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी सुनील कश्यप के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डॉ. गणेश भारद्वाज ने समस्त छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और बच्चों को टैबलेट का सदुपयोग कर अपना भविष्य सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान टैबलेट प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं बहुत खुश नजर आए और उन्होंने विवि एवं प्रदेश सरकार को अपना धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष जनसम्पर्क अधिकारी, अन्य शिक्षक गण एवं छात्र उपस्थित रहे।

# 27 सितम्बर को किया जायेगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रमेश कुशवाहा ने बताया कि ऋण वसूली न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित वादो के निस्तारण हेतु 27 सितम्बर को विशेष लोक अदालत का आयोजन करते हुये ऋण वसूली से संबंधित विवादो को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही साथ आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में भी ऋण वसूली से संबंधित विवादो का निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में उन्होंने बताया कि ऋण वसूली से संबंधित विवादो निस्तारण हेतु 27 सितम्बर को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें ज्यादा से ज्यादा मामलों का समय रहते निस्तारण किया जाएगा।

# सुभारती विवि में हुआ इंटरनेशनल लाउंज का उद्घाटन

■ **यूरोपीय देशों के प्रतिनिधि मंडल के साथ हुआ एमओयू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा ले फ्रेहिंदी के संयुक्त तत्वावधान में यूरोपीय देशों के संगठनों ने सुभारती विश्वविद्यालय का दौरा किया।

फ्रांस, उत्तरी फिनलैंड एवं स्पेन आदि देशों के प्रति निधिमंडल के सदस्यों ने शैक्षिक एवं सांस्कृतिक आदान प्रदान को छात्र कल्याण की दिशा में बल देने हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इसके साथ ही प्रति. निधि मंडल के सदस्यों ने इंटरनेशनल लाउंज का उद्घाटन भी किया। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति कार्यालय में पेरिस के लीसी



ऐमे सेसायर के प्रमुख विंसेंट कोलंबियर, पेरिस से स्वास्थ्य ट्रेनर मेडिलेन कोलंबियर, उत्तरी फिनलैंड की अर्ध-सरकारी शैक्षिक संस्था विजिट ओउलू में अंतर्राष्ट्रीय गतिशीलता की प्रमुख जोहाना सालमेला, शेफील्ड एजुकेशन, स्पेन में अंतर्राष्ट्रीय गतिशीलता प्रमुख रकील बेडोया, फ्रांस के ल्योन में 150 साल पुराने व्यावसायिक संस्थान एसईपीआर ल्योन से क्रिस्टीन वेरलांग, ले फ्रेहिंदी के सीईओ हारु मेहरा का विवि के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा ने गर्म जोशी से स्वागत किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज एवं कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णा मूर्ति ने इंटरनेशनल लाउंज के उद्घाटन एवं एमओयू हस्ताक्षर पर हर्ष प्रकट करते हुए बधाई दी। इस दौरान विवि के सभी संकाय एवं विभाग के प्रमुखों के साथ प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों की बैठक आयोजित हुई।

जिसमें स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा गुणवत्ता युक्त शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता सहित विश्व कल्याण की दिशा में किये जा रहे कार्यों से सभी को रूबरू कराया गया। इसके बाद सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में विवि के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पेरिस से आए लीसी ऐमे सेसायर के प्रमुख विंसेंट कोलंबियर ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के दौर में एक दूसरे के विचारों, संस्कृति एवं शिक्षा का आदान प्रदान करना अति आवश्यक है।

# कपड़ा व्यापारी की गोली मारकर हत्या

## पुरानी रंजिश को लेकर चल रहा था विवाद, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर बीच बाजार में कपड़ा व्यापारी की गोली मार कर हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना मिलने पर चार थानों की पुलिस, एसपी सिटी व सीओ कोतवाली मौके पर पहुंचे।

थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में राधना वाली गली के रहने वाले कपड़ा कारोबारी अबरार (50 वर्ष) पुत्र अब्दुल हमीद को बीच बाजार दिनदहाड़े सड़क पर राधना वाली गली के पड़ोस के रहने वाले आरोपी युवक ने गोली मारकर हत्या कर दी। कपड़ा कारोबारी अबरार की गोली लगने से मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि मृतक कपड़ा कारोबारी और आरोपी युवक का पुराना विवाद चला आ रहा है जिसको लेकर दोनों पक्ष पुरानी आपसी रंजिश रखते थे। वहीं आसपास के लोगों ने बताया कि आरोपी युवक सड़क पर कपड़ा कारोबारी अबरार के गोली मार भागने लगा। भीड़ में आरोपी युवक को गेर कर पकड़ लिया और



मृतक अबरार व आरोपी युवक।

उस की जमकर पिटाई कर दी। कपड़ा कारोबारी अबरार लिसाड़ी गेट क्षेत्र के भूमिया का पुल रोड ट्यूबवेल के पास कपड़े की सोफिया टेक्सटाइल के नाम से दुकान चलाता था और समय करीब चार बजे दुकान से घर पर खाना खाने निकला था। वहीं नाबालिग उजैर पुत्र मोबीन थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के राधना वाली गली ने कपड़ा कारोबारी के गोली मार दी। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और हत्या में इस्तेमाल करने वाला तमंचा भी पुलिस बरामद कर लिया। पुलिस को हत्या की सूचना मिलने पर चार थाने पुलिस थाना ब्रह्मपुरी, थाना लिसाड़ी गेट, थाना कोतवाली, थाना नौचंदी, मौके पर पहुंची। वहीं मौके पर एसपी सिटी और सीओ कोतवाली मौजूद रहे। पुलिस ने मृतक कपड़ा कारोबारी का शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें लगी पुलिस ने मौके से आरोपी को हिरासत में लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा आसपास के इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। पुलिस की तीन टीमें पूरे मामले की जांच में लगी हैं। आसपास के लोगों और मृतक के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। अभी तक पता चला है कि कुछ युवकों से अबरार की पुरानी रंजिश चली आ रही है जिसको लेकर कपड़ा कारोबारी अबरार की हत्या की गई।

## नंगला कुंभा के रजवाहे में मिला अज्ञात शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना क्षेत्र के गांव नंगला कुंभा में एक अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्र के अनुसार सिवालखास खास नंगला कुंभा स्थित रजवाहे में एक अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया तभी गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर व सिवालखास कार्यवाहक चौकी इंचार्ज सुजीत कुमार ने ग्रामीणों की मदद से शव को निकाला। शव काफी पुराना था जहां उसकी पहचान की गई मगर कोई पता ना चला अज्ञात व्यक्ति की उम्र करीब 45 वर्ष बताई गई है। वहीं पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भाईचारे का संदेश देता है इस्लाम धर्मः मौलाना उस्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान लुधियानवी ने शनिवार को सरधना में आयोजित एक दिवसीय जलसे में कहा कि इस्लाम धर्म में हमेशा आपसी भाईचारे व शांति का संदेश दिया है। कहा कि दूसरे धर्म को गलत मत कहो, सबका सम्मान करो। अपने धर्म पर चलो और दिन के काम करो। बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने पर भी बल दिया।



शाही इमाम ने कहा कि इस्लाम केवल इबादत का मजहब नहीं, बल्कि एक मुकम्मल जिंदगी गुजारने का तरीका है। सबसे पहला हुक्म इकरा यानी पढ़ो दिया गया। आज मुसलमानों को उसी राह पर लौटना होगा। उन्होंने कहा कि तालीम ही हर परेशानी से निकालने वाला रास्ता है। फिरकों में बंटने के बजाय शिक्षा और रोजगार पर ध्यान देना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि वे अपने मजहब का पालन करें, लेकिन किसी अन्य धर्म या व्यक्ति के प्रति नफरत न रखें। मौलाना ने कहा कि जिसकी नमाज में नफरत शामिल है उसकी नमाज नहीं होती। उन्होंने कहा कि इस्लाम अमन भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। मौलाना लुधियानवी ने महिलाओं के लिए कहा कि दीन इस्लाम में महिलाओं ने उम्मत की तरक्की और इस्लाम की हिफाजत में मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि अगर आज की महिलाएं दीन पर कायम रहेंगी, तो अगली पीढ़ी खुद-ब-खुद सही रास्ते पर चलेगी। शाही इमाम ने कहा कि आज का मुसलमान भटकाव और बाहरी प्रभावों के बीच फंसा हुआ है। ऐसे में जरूरी है कि वह अपनी पहचान, संस्कृति और धार्मिक मूल्यों को समझे और उस पर अडिग रहे। उन्होंने खुद में सुधार कर समाज के लिए एक मिसाल बनने की अपील की।

# कारगिल दिवस पर सीवीपीएस में प्रार्थना सभा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर एक विशेष प्रातःकालीन प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी कैडेट शीतल द्वारा वीर शहीदों की शौर्यगाथा प्रस्तुत करते हुए हुई। छात्र विशेष हस्तियां ने कविता प्रस्तुत की इसके साथ ही कक्षा छह से आठ के विद्यार्थियों द्वारा एक हृदय स्पर्शी नाटक का मंचन किया गया, जिसने सभी की आँखें नम कर दीं। ध्वजारोहण कार्यक्रम प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह द्वारा किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य सहित सीनियर कोऑर्डिनेटर मीनू कपूर,



कोऑर्डिनेटर वर्षा अग्रवाल, ज्योति अहलूवालिया, विनी दयाल, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शिक्षक 'शिश सिधवानी ने 'संदेशे आते हैं' इस गीत को गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। विद्यालय निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल ने कहा कि कारगिल के वीरों की कुर्बानी हमें सदैव राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाती है और विद्यार्थियों में अनुशासन, समर्पण और देशप्रेम की भावना विकसित करती है।

# जीटीबी स्कूल में अनुशासन समिति का हुआ गठन

■ करन छारी हेड बॉय व जसलीन कौर हेड गर्ल बने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शनिवार को अनुशासन समिति का गठन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मंच का संचालन पूनम जैन ने किया। समिति में करन छारी को हेड बॉय व जसलीन कौर को हेड गर्ल चुना गया। आरूष जैन को वाईस हेड बॉय व अनुष्का धीमन को वाईस हेड गर्ल बनाया गया। कार्तिकेय जोशी एवं अंशी को स्पोर्ट्स कप्तान तथा अंशुल व तनीष्का को वाईस स्पोर्ट्स कैप्टन चुना गया। एक्टिविटी इंचार्ज के लिए गोपाल शर्मा व राधिका गुप्ता तथा वाईस एक्टिविटी इंचार्ज देव वर्मा व सृष्टि राना को चुना गया। डिसिप्लन इंचार्ज रोहित कुमार व जोहा नाज तथा वंश गिरि व मनाली हरेन्द्र सिंह को वाईस डिसिप्लिन इंचार्ज बनाया गया।




भाई वीर सिंह हाउस कप्तान प्रियांशु जैन एवं आकृति और मौ. अयान व अन्हा फिरोज को वाईस हाउस कप्तान चुना गया। गुरू गोविंद सिंह हाउस कप्तान नित्यन शर्मा एवं इशिता चौधरी वाईस हाउस कप्तान अर्शवीर सिंह व हर्षिता सोम रहे। हरी सिंह नलवा हाउस कप्तान लक्ष शर्मा व शिवानशी तथा वाईस हाउस कप्तान आरव भाटी व गुरप्रीत कौर को बनाया गया। अंत में महाराजा रंजीत सिंह हाउस के कप्तान में हर्ष ढाका व वंशिका सोम नामित किए तथा वाईस हाउस कप्तान अंश तोमर व आरकिता शर्मा को चुना गया। साथ ही क्लासवाइज 50 बच्चों को प्रीफेक्ट के बैच भी लगाए गए। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने समिति के लिए चयनित सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई और अपने कार्य को निष्ठा से करने को कहा। साथ ही अनुशासन की महत्ता और नृतत्व की क्षमता जाग्रत करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिस प्रभा रॉव, विशाल गौड़, अंजिल शर्मा, विलायत हुसैन, शीरी एवं सभी हाउस वार्डन ने सहयोग किया।

# अफवाह फैलाकर युवक पर किया जानलेवा हमला

## किठौर के ग्राम फतेहपुर नारायण में भीड़ ने दो युवकों को पीटा, एक की हालत गंभीर, मेरठ मेडिकल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कपड़े की फेरी करने गए दो युवकों पर शनिवार दोपहर को अफवाहों के चलते किठौर थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर नारायण में उग्र भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका साथी किसी तरह मौके से भाग कर जान बचाने में सफल रहा।

घायल युवक की पहचान मेरठ निवासी आरिफ पुत्र बाबू कस्बा फलावदा के रूप में हुई है, जिसे प्राथमिक उपचार के लिये किठौर के 50 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन स्थिति नाजुक होने के चलते उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है जहां आरिफ की



हालत चिंताजनक बताई गई है।

सूत्रों के अनुसार गांव फतेहपुर में कुछ शरारती तत्वों द्वारा फैलाए गए भ्रम और अफवाहों के चलते अचानक भीड़ भड़क गई और दोनों कपड़ा फेरी वालों पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमला उकसावे की भावना से किया गया था। हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल उठता है कि क्या पुलिस हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी? क्या अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर भी कठोर कदम उठाए जाएंगे?

फतेहपुर नारायण की यह घटना न केवल अफवाहों के खतरनाक प्रभाव को उजागर करती है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करती है कि क्या समाज अब भी भीड़तंत्र के हवाले है? अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस मामले में कितनी तत्परता से न्याय सुनिश्चित करता है।

### यह बोले क्षेत्राधिकारी किठौर

क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को उपचार हेतु मेडिकल भर्ती कराया है। स्वजनों की तरफ से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी।

''चोरी की अफवाहों के चलते अगर गरीब, मजदूर या ठेले, पटरी पर सब्जी बेचने वाले व्यक्ति अपना व्यापार गांव-गांव जाकर नहीं करेंगे फिर उनके परिवार कैसे चलेंगे। यदि कोई असामाजिक तत्व उन गरीब व्यक्ति के साथ मारपीट करता हैं तो पुलिस प्रशासन को तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करके रासुका की कार्यवाही करनी चाहिए। अगर पुलिस प्रशासन की तरफ से कठोर कार्यवाही नहीं हुई तो ऐसे में ये हालात फिर देखने को मिल सकते हैं और किसी भी व्यक्ति की उग्र भीड़ जान भी ले सकती हैं।''

**-शान मोहम्मद, छात्र नेता चौ. चरण सिंह यूनिवर्सिटी**

## प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान भारत-ब्रिटेन एफटीए 'मेक इन इंडिया' के लिए नए युग का प्रतीकः टीवीएस मोटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टीवीएस मोटर कंपनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर का स्वागत किया। इस एफटीए का स्वागत करते हुए टीवीएस मोटर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मिस्टर सुदर्शन वेणु ने कहा इस बड़े समझौते से 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 60 अरब डॉलर से दोगुना होकर 120 अरब डॉलर होने की उम्मीद है और यह प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में एक बड़ा कदम है। यह एफटीए भारतीय मैन्युफैक्चरिंग और डिजाइन के लिए नए ग्लोबल रास्ते खोलेगा, खासकर भारत सरकार के खास 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत।

# सीओ एलआईयू पर अमिताभ ठाकुर ने लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में मेरठ में कार्यरत एलआईयू की सीओ प्रीति सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



अमिताभ ठाकुर

अपने प्रार्थना पत्र में अमिताभ ठाकुर का कहना है कि प्रीति सिंह को पांच वर्ष मेरठ में हो गए हैं। साढ़े तीन वर्ष से वह एलआईयू की सीओ हैं इससे पूर्व वह डेढ़ वर्ष मेरठ में ही पीटीएस में रही हैं। इसके अलावा अमिताभ ठाकुर की माने तो सीओ एलआईयू ने अपनी एक साथी इंस्पेक्टर के साथ मिलकर गांव राली चौहान में करोड़ों रुपये की भूमि खरीदी है। अमिताभ ठाकुर ने प्रीति सिंह की सत्यनिष्ठा व सम्पत्ति की जांच की मांग की है। इसके अलावा अभी बीते दिनों सीओ एलआईयू द्वारा 11 लोगों के तबादले गैर जनपदों में कराए गए हैं जिनमें नियमानुसार एक भी कर्मचारी का कार्यकाल जनपद में पूरा नहीं हुआ है। आरोप है कि इन कर्मचारियों से मैडम की पटरी नहीं बैठ पा रही थी। कुल मिलाकर आजाद अधिकार सेना ने एलआईयू सीओ पर काफी चौकाने वाले आरोप लगाते हुए उनकी जांच की मांग की है।

# शोभित विवि में उल्लास के साथ मनाया तीज महोत्सव

■ भारतीय संस्कृति और परंपराओं से सराबोर हुआ विश्वविद्यालय परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय), मेरठ में आज शाम तीज महोत्सव पारंपरिक हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ धूमधाम से मनाया गया।

विश्वविद्यालय के लॉन में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम ने सभी छात्र- छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य किया। इस भव्य आयोजन का संयोजन प्रोफेसर (डॉ.) दिव्या प्रकाश के मार्गदर्शन में किया गया जबकि आयोजन समन्वयक की भूमिका में डॉ. सुरभि सरोहा रहीं। इस कार्यक्रम का आयोजन यूनिवर्सिटी हेरिटेज एंड कल्चरल क्लब द्वारा किया गया। महोत्सव में पारंपरिक संगीत, नृत्य, गीतों की गूंज, लोक खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर लोकगीतों और नृत्यों की प्रस्तुति दी, वहीं शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी उत्सव में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। झूले, मेंहदी और पारंपरिक व्यंजनों ने आयोजन को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति की गरिमा और मूल्यों को विद्यार्थियों तक पहुंचाना और उन्हें परंपराओं से जोड़ना रहा।

## को-ब्रांडेड फोनपे एसबीआई कार्ड लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के सबसे बड़ी प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एसबीआई कार्ड ने फोनपे के साथ मिलकर फोनपे एसबीआई कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। इस नए को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य रोजमर्रा के खर्चों पर एक फायदेमंद अनुभव प्रदान करना है, जिसे पूरे भारत में ग्राहकों की बढ़ती वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह क्रेडिट कार्ड दो वेरिएंट में आता है। फोनपे एसबीआई कार्ड पर्पल और फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक, जो ग्राहकों की विभिन्न प्राथमिकताओं और लाइफस्टाइल खर्चों की जरूरतों को पूरा करते हैं। इस कॉन्टैक्टलेस क्रेडिट कार्ड के दोनों वेरिएंट रूपे और वीजा पेमेंट नेटवर्क पर उपलब्ध हैं, जिससे उपभोक्ताओं को उनकी जरूरतों के हिसाब से सबसे अच्छा नेटवर्क चुनने का विकल्प मिलता है।

# अनुशासन और आम जनमानस के प्रति कल्याण की भावना से बनेगी बेहतर पुलिसिंगः कलानिधि नैथानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी द्वारा शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर दिनेश कुमार सिंह के साथ रिजर्व पुलिस लाईन जनपद बुलंदशहर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ 'संवाद/गोष्ठी' कर प्रशिक्षण व दिनचर्या के बारे में चर्चा की गई।

इस दौरान डीआईजी ने प्रशिक्षुओं को थाना प्रबंधन और पुलिस की विभिन्न शाखाओं के बारे मे बताया गया। यहां पर उन्होंने भोजनालय जाकर खाने की गुणवत्ता चौक की गई और प्रशिक्षणार्थियों से उत्तर प्रदेश पुलिस के विभिन्न पहलुओं एवं प्रशिक्षण पर चर्चा की करते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में समझाया।



उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग, अनुशासन और आम जनमानस के प्रति कल्याण की भावना से कार्य करने से ही बेहतर पुलिसिंग का उदाहरण दिया जा सकता है। साथी उन्होंने कंप्यूटर संविधान बीएनएस के बारे में चर्चा की गई तथा थाना प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई साथ ही चौकी, हल्का, बीट तथा एफआईआर, एनसीआर के बारे में बारिकी से सबको समझाया और जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त निरोधात्मक कार्यवाही धारा-170, 126, 135 बीएनएसएस के बारे में भी बताया गया। इस दौरान प्रशिक्षण व पुलिस सम्बन्धी अच्छी जानकारी रखने पर प्रशिक्षु आदित्य भदौरिया, सुनील कुमार व अभिषेक बघेल को पुरस्कृत किया गया।

आरक्षियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि हम सब पुलिस परिवार का हिस्सा है, बतौर पुलिस परिवार एक दूसरे के सुख दुख मे खड़े रहें। पुलिस विभाग मे अच्छा कार्य करने और लोगो की मदद करने के बहुत अवसर मिलते है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. तेजवीर सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक लाइन रिजुल, क्षेत्राधिकारी सिकंदराबाद भास्कर कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## भारत और फ्रांस ने कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में सहयोग के लिए एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शिक्षा और कार्यबल विकास के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत सरकार और फ्रांस सरकार ने कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री, जयंत चौधरी की उपस्थिति में 22 जुलाई को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित भारत स्किल नेक्स्ट 2025 कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुआ।

# राष्ट्र प्रेम से बढ़कर कोई प्रेम नहींः चेयरमैन सुधीर गिरि

## श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर विराट कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में 'जरा याद करो कुर्बानी' विषय पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर से पधारे एक दर्जन से अधिक विख्यात कवियों एवं साहित्यकारों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत शानदार रचनाऐं सुनाकर सभी की आंखों को नम कर दिया। इसके साथ संस्थान की ओर से सभी कवियों के साथ ही शहीदों के परि. जनों को पटका, पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के रविन्द्र नाथ टैगोर सभागार में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित ''जरा याद करो कुर्बानी'' विराट कवि सम्मेलन का शुभारंभ संस्थापक अध्यश सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, जिलाध्यक्ष उदयगिरि, कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे आदि ने सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। विराट कवि सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए युवा कवि सफर अमरोही ने कहा कि ''ए जिंदगी तेरा हर इम्तिहान कबूल है, मैं जुनून से जीता हूँ, यही मेरा उसूल है।'' ओज के विख्यात कवि एवं कार्यक्रम संचालक डॉ. राहुल अवस्थी ने कहा कि 'ख्याले इश्क जम्मू की सुगढ़ जागीर जैसा है, जिगर का दर्द पर झेलम नदी के नीर जैसा है। हमारा कारगिल सा दिल, तुम्हारा दिल कराची सा, हमारा प्यार भारत पाक में कश्मीर जैसा है।'' सुनाकर खूब




बाहवाही लूटी।

विख्यात कवियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी ने कारगिल शहीद विजयन्त थापर पर पढ़ा कि ''लौटकर आऊंगा यह सोचकर हूं चला, पर सफर तो सफर राह मत देखना। आ सका तो मिलूंगा दोबारा तुम्हे, पर मिलन के सपन आह मत देखना।'' सुनाकर सभी की आँखे नम कर दी।

कार्यक्रम अध्यश कवि यतेन्द्र कटारिया ने पढ़ा कि समक्ष लक्ष्य एक था, अनेक विघ्न भी, रुके डरे थमे नहीं माँ भारती के लाल सभी। पहाड़ फाड़ वह बढ़े, मगेन्द्र से दहाड़ते, समुन्द्र तुल्य झूमते, कुविघ्न राशि ताड़ते।'' सुनाकर तालिया बटोरी।

वरिष्ठ कवियत्री डॉ. शशि त्यागी ने पढ़ा ''यू आँसू ना बहा मैंने कुर्बानी दी है, देश के चैनो अमन शीश निशानी दी है।'' सुनाकर सभी की आंखे नम कर दी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. राजवर्धन, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. नीतू पंवार, नसीम अहमद, डॉ. संजीव भट्, एमए चौधरी, एचआर हेड कुलदीप, मार्केटिंग हेड तरूण कम्बोज, सीएफओ विकास भाटिया, निदेशक वित्त युवराज सिंह, दशमीत बग्गा, डॉ. विकास पाण्डेय, डॉ. सुमन, डॉ. राम गुप्ता, डॉ. स्नेहलता डॉ. आरती गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# शताक्षी इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया तीज महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चितवाना शेरपुर स्थित शताक्षी इंटरनेशनल स्कूल में तीज महोत्सव मनाया गया जिसमें सभी छोटे-छोटे बच्चों को झूले झुलाए गए व चूड़ी बनाने की प्रतियोगिता व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चूड़ी प्रतियोगिता में पूर्वी ने प्रथम, ऋतुराज ने द्वितीय व राहुषि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा आठ की छात्रा मानसी ने प्रथम , कक्षा सात की छात्रा शगुन व कक्षा छः की छात्रा रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई व इस मौके पर स्कूल चेयरमैन मोनू तोमर विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी शर्मा ने बच्चों की प्रशंसा की। इस मौके पर सुधीर मावी, मेहविश अंसारी, सुनांक कौशिक आदि ने मिलकर सहयोग किया।



# कब्र से शव निकाल पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## परिजनों ने बिना किसी सूचना के चुपचाप किया अंतिम संस्कार, मृतका के परिजनों पर हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के दोघट के एक गांव में प्रेम प्रसंग के चलते युवती की गला दबाकर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चार दिन पहले संदिग्ध हालात में युवती की मौत हो गई थी, जिसके बाद परिजनों ने बिना किसी सूचना के चुपचाप उसका अंतिम संस्कार कर दिया था।





मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शक के आधार पर कार्रवाई करते हुए कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के परिजनों पर हत्या का आरोप है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवती का गांव के ही एक युवक से प्रेम संबंध था, जिसे परिवार स्वीकार नहीं कर रहा था। बताया जा रहा है कि परिजनों ने दोनों को पकड़कर पहले पीटा और फिर गला दबाकर युवती की हत्या कर दी। घटना के दौरान प्रेमी युवक को भी गंभीर रूप से पीटा गया, जो इस समय मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने युवक के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले की गहनता से जांच कराई जा रही है। पुलिस भी मामले की छानबीन में जुट गई है। मौके पर एसडीएम बड़ौत मनीष कुमार यादव क्षेत्राधिकारी बडौत विजय चौधरी थे पुलिस बल के साथ मौजूद थे। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। दोघट थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस पर भेज दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। गांव में किसी प्रकार की कोई भी तनावपूर्ण स्थिति अभी तक नहीं है। फिर भी गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारियों की रेख देख में शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

# पूर्वी यमन नहर पुल के पास पड़ा मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड पूर्वी यमन नहर पुल के पास शनिवार को एक अज्ञात बुजुर्ग पुरुष उम्र करीब 75 वर्ष का शव मृतक व्यवस्था में पानी में तैरता हुआ लोगों को दिखाई दिया। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मर्तक में स्फेद कुर्ता पजामा पहन रखा था। मर्तक के शरीर पर किसी भी प्रकार का कोई भी चोट का निशान नहीं है। उम्र तक की लंबाई करीब 5 फीट 9 इंच है मौके पर पुलिस बल के साथ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार चाहल पहुंचे। उन्होंने मृतक को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# इकरा हसन के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली में संपूर्ण समाधान दिवस पर जनता की समस्याएं सुन रहे एसडीएम मनीष कुमार यादव को एक ज्ञापन सौंपा समाजसेवी एडवोकेट आकिब चौधरी ने सांसद इकरा हसन के खिलाफ गलत बयान बाजी उनके खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर प्रदर्शन करते हुए योगेंद्र राणा को जेल भेजे जाने की मांग की।

समाजसेवियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा कैराना लोकसभा क्षेत्र की सांसद इकरा हसन के खिलाफ गलत तरीके से टिप्पणी की गई थी जिसकी घोर निंदा लगातार की जा रही है।

समाजसेवी लोगों ने सांसद इकरा हसन के खिलाफ ज्ञापन देकर टिप्पणी करने वाले को जेल भेजना उन पर रासुका लगाए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में समाजसेवी एडवोकेट आकिब चौधरी रिजवान चौधरी जावेद चौधरी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनीश कुरैशी परवेज यामीन समद जावेद फरमान अख्तर आदि मौजूद रहे।

# शराब का ठेका स्कूल के पास खोले जाने पर भड़के ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** गांव लूंम में स्कूल के समीप खोले गए शराब ठेके को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। शिक्षा के पवित्र मंदिर के सामने शराब बिक्री के इस फैसले को लेकर जनता में आक्रोश है। मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया जब भारतीय किसान यूनियन आजाद के प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा) अकिंत चौधरी ने ठेके को तुरंत हटाने की मांग करते हुए प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी दे डाली।



अकिंत चौधरी ने कहा कि स्कूल के पास शराब ठेका खोला जाना बेहद निंदनीय है। इससे न सिर्फ छात्रों के भविष्य पर गलत प्रभाव पड़ेगा, बल्कि गांव का शांति वातावरण भी बिगड़ सकता है। शराब का ठेका जहां बच्चों का भविष्य बिगाड सकता, उसको स्कूल के पास खुलना बेहद शर्मनाक है। यदि जिला प्रशासन ने इसे तुरंत बंद नहीं कराया या किसी दूरस्थ स्थान पर शिफ्ट नहीं किया, तो भारतीय किसान यूनियन आजाद को सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। उन्होंने दो टूक कहा उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण लगातार शिकायत कर रहे हैं कि स्कूल के पास शराब का ठेका खुलने से वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। इससे छात्राओं और महिलाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हम शिक्षा के मंदिर की पवित्रता से कोई समझौता नहीं करेंगे। ठेका हटाओ नहीं तो आंदोलन होगा। अकिंत चौधरी ने प्रशासन को सख्त चेतावनी दी। ग्रामीणों ने भी एक स्वर में प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ठेका हटाकर किसी सुनसान क्षेत्र में शिफ्ट किया जाए, जिससे बच्चों की शिक्षा और गांव की शांति सुरक्षित रह सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन ग्रामीणों की आवाज़ को सुनता है या आंदोलन की आग को न्यौता देता है।

## एक नजर

### रास्ता बनवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर गांव में दलित बस्ती का कच्चा मार्ग मुसिबत बना हुआ है। बस्ती के लोगो ने प्रर्दशन करते हुए मार्ग बनवाने की मांग की है। खट्टा प्रहलादपुर गांव में दलित बस्ती का मार्ग कच्चा है बस्ती मे 15 मकान बने हुए है। मार्ग कच्चा होने के कारण जलभराव की समस्या बनी रहती है। वही बरसात में मार्ग का पानी घरो मे घुस आता है जिससे ग्रामीण परेशान है। वही घरो मे पानी घुसने से जहा बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। वही मकानों मे दरारे भी आ रही है जिसके चलते बस्ती के लोग परेशान हो उन्होंने बताया की कई बार उच्च अधिकारीयों से शिकायत भी की लेकिन समाधान नहीं हो सका जिससे लेकर बस्ती के लोगो ने प्रर्दशन करते हुए मार्ग बनवाने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में आशा, लखमन, मितलेश, सोनम, दीपा, सीमा, तेजपाल आदि मौजूद रहे।

### मारपीट कर मोबाइल और नकदी छीनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर गांव में राजमिस्त्री का काम करने वाले दो लोगो से साथ के ही के एक युवक ने एक मोबाइल दस हजार रूपये छीन लिये। पीड़ित ने थानें में तहरीर दी है। कैराना निवासी साहिल पुत्र कय्यूम व जेद पुत्र मुमताज पिछले तीन वर्षो से खट्टा प्रहलादपुर में राजमिस्त्री का काम करते है। वह ठेकेदार इन्तजार निवासी कैराना के ही साथ काम करते है। उन्होंने बताया कि इन्तजार का भांजा सद्दाम ने साहिल और जेद से मारपीट कर दस हजार रुपये और एक मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने थानें पहुंच तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### सरकारी नलकूप से समरसेबल हटवाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली क्षेत्र के जोनमाना गांव के बाबूराम ने एसडीएम मनीष कुमार यादव को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने गांव में लगे हमारे मकान के पास सरकारी बोरिंग नलकूप में दबंगई करते हुए उसमें समरसेबल डाल दिया है जिस मोहल्ले के लोगों को पानी भरने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। एक तरफ तो प्रदेश सरकार सरकारी नलकूप लगाकर लोगों को राहत दे रही है। दूसरी तरफ सरकारी नलकूप में समरसेबल डालकर दबंग लोग कब्जा कर लेते हैं। बाबूराम ने सरकारी नलकूप से समरसेबल हटवाए जाने की मांग को लेकर शिकायती पत्र देते हुए सरकारी नलकूप से समरसेबल हटवाए जाने की मांग की।

### थाना समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली में संपूर्ण समाधान दिवस पर जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याएं सुनी गई जिसमें अधिकतर समस्याएं प्लांट पर कब्जा, मकान पर कब्जा विद्युत विभाग समस्याएं पारिवारिक समस्याएं लेकर फरियादी पहुंचे मौके पर दो समस्याओं का निस्तारण किया गया लगभग 22 शिकायत दर्ज हुई बाकी शिकायत जांच के लिए रखी गई जिनका जांच के उपरांत निस्तारण किया जाएगा सभी शिकायत क्राइम ब्रांच प्रभारी बडोत ने सुनी इस मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने दोनों शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

# भाजपा संविधान के साथ छेड़छाड़ कर इसको बदलना चाहती है:यशवीर धोबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को गांव बालैनी फार्म हाउस में आरक्षण व स्तम्भमान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी रहे। कार्यकाम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव यादव ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि के कहा सविधान स्तम्भ वह चीत्र है जिसके कारण हम व पूरा, देश संविधान से चलता है। सविधान में प्रत्येक वर्ग को सम्मान दिया गया है। बाबा साहब डा.अम्बेडकर ने अपनी शिक्षा के दम पर हमको सादिधान दिया है। भाजपा संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही इसको बदलना चाहती है। संविधान के पक्ष में हमारे राष्ट्रीय अखिलेश यादव सदक से संसद तक लड़ाई लड़ रहे है और उनका कहना है हमे चाहे कुछ करना पड़े हम आरक्षण नीति व संविधान को नहीं बदलने देंगे। जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमको जो भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का आदेश होगा उसका पालन करते आये है और हमेशा करते रहेंगे चाहे धरना प्रदर्शन से जेल भरो आन्दोलन तक ही पूर्ण रूप से पालन किया जायेगा। प्रदेश सचिव संजीव त्यागी ने कहा पहले राजा रानी के पेट से पैदा होता था अब हम अपनी मत से राजा चुनते है यह अधिकार हमको डा.अम्बेडकर द्वारा सविधान ने हमे दिया है। इस मौके पर सुरेन्द्र, रघुनन्दन पाल, रहुल यादव, रणधीर,अनुज, सतीश, राकेश, राजपाल शर्मा, सुरेन्द्र त्यागी, अजय चौ, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र भाटी, नगेन्द्र सिंह, संजय डीलर विभोर गुप्ता, शाहरुख, दिपक आदि मौजूद रहे।



# कारगिल की लड़ाई लड़ने वाले सैनिकों को फूलमाला पहनाकर किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को भाजपा कार्यालय पर कारगिल विजय दिवस पर भाजपा द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल की लड़ाई लड़ने वाले सैनिकों को फूलमाला पहनकर सम्मानित किया गया। साथ ही सैनिकों के मां के नाम पौधारोपण भी किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में आयें प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा.चन्द्रमोहन ने सम्बोधित करते हुए कहा कारगिल युद्ध के दौरान हमारे सैनिकों ने ऑक्सीजन की कमी, अत्यधिक ठंड, खड़ी चटानें और बर्फीली हवाओं जैसी कठिन परिस्थितियां में भी युद्ध को जीता था। यह युद्ध पाकिस्तान ने छिपकर और धोखा देकर लड़ा जबकि भारत ने खुल कर उसका मुकाबला किया और युद्ध जीतकर नामुमकिन को मुमि. कन बनाकर दिखाया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध में अपनी पूरी ताकत झोंकी और पाकिस्तानी सैनिकों को भारी नुकसान पहुंचाते हुए नियंत्रण रेखा के पास स्थित अपनी चौकियों को वापस प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान को शांति का मौका दिया, लेकिन उन्होंने कायरतापूर्ण कार्रवाई की, जिसका हमने साहस के साथ जवाब दिया। कारगिल की लड़ाई लड़ने वाले सैनिक चौधरी गजेन्द्र, जाहिद व जरीफ फौजी ने अपने दिल की भावनाएं जाहिर करते हुए कारगिल युद्ध के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अनील तोमर ने किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को वितरित किए सहजन के पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रुएक-पेड़-मां-के-नाम अभियान के अंतर्गत प्रदेश में पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पोषक तत्वों एवं औषधीय गुणों से भरपूर सहजन के पौधों का रोपण भी वन विभाग द्वारा संबंधित विभागों को वितरित कर किया जा रहा है, जिसके क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री आवास योजना एवं जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम के लाभार्थियों द्वारा 02-02 सहजन के पौधों का रोपण करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके क्रम में आज कलेक्ट्रेट परिसर में परियोजना अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अमरचंद वर्मा को वन विभाग की टीम ने वन क्षेत्र अधिकारी सरवन कुमार, सुनेंद्र कुमार उपलब्ध कारण यह पौधे कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को उपलब्ध कराए गए सहजन वृक्ष के फली, पत्ती, फूल, छाल, जड़, बीज एवं गोंद के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है।



# युवाओं की मुस्तैदी से चैन की नींद सोए ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार रात्रि निवाड़ा गांव में ड्रोन के जरिए रेकी किए जाने की अफवाह ने लोगों में खौफ का माहौल पैदा कर दिया। इस अफवाह के चलते गांव में असमंजस की स्थिति पैदा होने से लोगों की नींद उड़ गई और लोग तरह-तरह की बातें करने लगे। युवक मंगल दल निवाड़ा के बाद युवाओं ने इस स्थिति को समझते हुए गांव के लोगों को अफवाहों पर ध्यान ना देते हुए मुस्तैदी बरतने के लिए जागरूकता अभियान चलाया।



युवक मंगल दल के अध्यक्ष इनाम उल हसन व अन्य सदस्यों ने गांव के लोगों को अफवाहों को नजरअंदाज करने के लिए और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या स्थिति के दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया। उन्होंने गली गली में घूमकर लोगों को समझाया कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी असामा. जिक तत्व की बातों में आकर अपना नियंत्रण ना खो बैठें। किसी संदिग्ध के दिखने पर उसकी पिटाई ना करें बल्कि तत्काल पुलिस को सूचित करें। युवक मंगल दल के युवाओं ने पूरी रात पहरा दिया ताकि गांव में आम जनमानस शांति से सो सकें। उन्होंने गांव की सुरक्षा के लिए चौकसी बरती और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी। ग्रामीणों ने युवक मंगल दल के इस कदम की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें सुरक्षा का एहसास हुआ है। लोगों ने कहा कि वे अब अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देंगे। वहीं पुलिस से भी गांव में गश्त बढ़ाने की अपील की गई।

### दबंगों द्वारा मकान पर कब्जा किए जाने को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली में संपूर्ण समाधान दिवस पर लोयन गांव के राजेंद्र वाल्मीकि ने एसडीएम मनीष कुमार यादव को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि काफी लंबे समय से मकान के बने प्लांट पर कुछ दबंग लोग कब्जा करना चाहते है। कई बार शिकायती पत्र भी दिया जा चुका है। मगर आज तक भी समस्या का कोई समाधान हल नहीं किया गया। अब राजेंद्र घासीराम के परिवार में अपने घर पर घर से पलायन के पेंपलेट चिपका दिए हैं। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पूरा परिवार गांव से पलायन कर जाएगा। एसडीएम ने जांच कराकर समस्या का निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया। इस संबंध में ग्राम प्रधान संत कुमार का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को गांव से पलायन नहीं करने दिया जाएगा। मामला पुलिस प्रशासन की रेख देख में निपटाया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने किया उच्च प्राथमिक विद्यालय सूरजपुर महनवा का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की हकीकत जानने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शनिवार को सूर. जपुर महनवा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और पाठयक्रम से संबंधित प्रश्न पूछे। जिलाधिकारी ने छात्रों के उत्तरों से उनकी समझ और शिक्षण स्तर का मूल्यांकन किया। कुछ बच्चों ने उत्तर देकर जिलाधिकारी को प्रभावित भी किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने मिड-डे मील योजना की समीक्षा करते हुए भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं उपलब्धता की भी जांच की। भोजन में प्रयुक्त सामग्री, पकवानों की स्वच्छता, पोषण स्तर और वितरण प्रक्रिया की बारीकी से पड़ताल की गई। उन्होंने रसोइयों से भी बात की और बच्चों से भोजन के स्वाद एवं नियमितता को लेकर फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और शौचालयों की स्थिति, पेयजल व्यवस्था एवं छात्र उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को केवल पाठयपुस्तकों तक सीमित न रखें, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, नैतिक शिक्षा और संवाद कौशल भी विकसित करें।

# डीएम ने संबंधों के साथ बैठक कर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा की वर्तमान चुनौतियों की समीक्षा करना और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए भविष्य की कार्ययोजना को सुनिश्चित करना रहा।

बैठक की शुरुआत राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे गांवों की समस्याओं से हुई। जलभराव, कूड़ा-कचरा व जल निकासी की अव्यवस्था जैसे मुद्दे सामने आए, जो दुर्घटनाओं के बड़े कारण बनते हैं। जिलाधिकारी ने पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया कि वे प्रभावित गांवों के प्रधानों के साथ विशेष बैठक कर इस समस्या का स्थायी समाधान करें। विशेषकर सिसाना गांव, जो अक्सर जलभराव से प्रभावित रहता है, वहां ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्कूल वाहनों की फिटनेस की स्थिति पर भी चर्चा हुई। जिलाधिक. ारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी स्कूल वाहन बिना वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र के नहीं चलना चाहिए। इसके लिए परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि वे विद्यालय प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित करें ताकि छात्र परिवहन को सुरक्षित बनाया जा सके। सड़क सुरक्षा को शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रखते हुए ग्रामीण सड़क सुरक्षा समिति के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस समिति का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा से जुड़ी स्थानीय समस्याओं की पहचान करना और समाधान सुझाना होगा। समिति में ग्राम प्रधान, शिक्षक, यूथ क्लब, मंगल दल, सचिव, आशा जैसे लोगों को शामिल किया जाएगा। गांवों में ट्रैफिक जागरूकता फैलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट उपयोग को बढ़ावा देने, स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा शिक्षा देने एवं अंधे मोड़ों या दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की जानकारी प्रशासन को देने का कार्य करेगी। बैठक में एक अन्य उल्लेखनीय निर्णय विकास भवन और कलेक्ट्रेट परिसर के समीप स्मार्ट सिटी की अवधारणा से प्रेरित यातायात सुगमता हेतु रोटरी ट्रैफिक सर्किल के निर्माण को लेकर लिया गया। जिलाधिकारी ने एनएचएआई को इस संबंध में शीघ्र प्रस्ताव बनाकर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। रोटरी ट्रैफिक सर्किल के निर्माण से प्रमुख कार्यालयों जैसे विकास भवन, कलेक्ट्रेट, जिला सत्र न्यायालय, जिला अस्पताल आदि के बीच जाने वाले वाहनों के कारण होने वाली अव्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा। यह परियोजना न केवल सरकारी कर्मचारियों और आमजन के लिए राहतकारी होगी, बल्कि यातायात प्रबंधन का एक आदर्श उदाहरण बनेगी। बैठक में गेस्ट हाउस परिसर एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के निकट हाईमास्ट लाइट लगाने के निर्देश भी दिए गए, जिससे रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके और सुरक्षा बढ़े। इसके अलावा बिनौली में रेलवे ओवर ब्रिज जिसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, उसके शीघ्र उद्घाटन के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया वीरांगना फूलन देवी को याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को महान वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस के अवसर पर जागोस गांव में निषाद पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने महान वीरांगना फूलन देवी को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही ग्राम वासियों ने भी वीरांगना फूलन देवी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर निषाद पार्टी क्रांतिकारी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने महान वीरांगना फूलन देवी के जीवन से संबंधित बातों को समझाते हुए सभी से एक जुट होकर सर्व समाज के उत्थान के लिए कार्य करने को प्रेरित किया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेंद्र कश्यप ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी के विषय में बताया कि जिस प्रकार वीरांगना फूलन देवी ने संघर्ष के साथ लड़ी इसी प्रकार हमारे समाज की बहन बेटियों को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में रविंद्र कश्यप, गुड्डी कश्यप, सत्यवान उपाध्याय, तेजवीर सिंह कश्यप, सुरेश कश्यप, मनोज कश्यप, जोहरी कश्यप, संजय कश्यप, कपिल कश्यप, धर्मवीर कश्यप आदि मौजूद रहे।

**NOTICE**

That in the school records of Anshi Khan her mother's name is incorrectly mention as "SHAZIA KHAN" the correct name is "KM SHAJIYA Km Shajiya, D/O Ikbal Khan, resident of 73/1 Gali no. Court Road, ADrash Colony Baghpat, Tehsil & Distt. Baghpat

# डीएम व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 27 जुलाई को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से, डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानजय सिंह ने शनिवार को जनपद के प्रमुख परीक्षा केंद्रों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।

डीएम और एसपी ने नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित दीवान पब्लिक स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल में बनाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिका. रियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी कैमरे पूरी तरह से काम कर रहे हों और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही या तकनीकी खराबी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने परीक्षा कक्षों का भी गहन निरीक्षण किया और केंद्र व्यवस्थापकों को लोक सेवा आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम अभिषेक पांडेय ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की पारदर्शिता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और पारदर्शी परीक्षा हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर संबंधित तहसील और शिक्षा विभाग के अधिकारी, परीक्षा केंद्र प्रभारी और पुलिस बल भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस सतर्कता से परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों में परीक्षा की सुरक्षा



और निष्पक्षता को लेकर भरोसा बढ़ा है।

# मंदिर में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने गांव अल्लाबक्शपुर रोड स्थित गोरजा माता मन्दिर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी का सामान मूर्ति, घण्टी, नकदी व अवैध हथियार बरामद किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि चोरों द्वारा थाना क्षेत्र के गांव अल्लाबक्शपुर रोड स्थित गोरजा माता मन्दिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोर मुन्शी पुत्र गणेशी निवासी जाटो वाली थाना बछराऊ



जनपद अमरोहा, जयसिंह पुत्र रामकिशोर निवासी सागर भैली थाना गजरौला जनपद अमरोहा और गोपाल पुत्र रामप्रसाद निवासी मीरा की रेती कस्वा व थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को गांव नयाबांस जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से मंदिर से चोरी किया गया सामान माता की एक मूर्ति, भगवान कृष्ण की एक मूर्ती, एक घण्टी, 1280 रुपये की नगदी व एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सरकारी स्कूल में क्लास के दौरान गिरा छत का प्लास्टर, दो छात्र घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शिक्षा विभाग की लाप. रवाही एक बार फिर बच्चों की जान पर बन आई है। थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव भमैड़ा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में उस वक्त अफरा तफरी मच गई। जब कक्षा के दौरान छत का प्लास्टर अचानक गिर पड़ा। इस हादसे में दो छात्र घायल हो गए। सूचना मिलते ही नगर क्षेत्र अधिक. ारी जितेंद्र कुमार, एसडीएम इला प्रकाश, सदर तहसीलदार प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार घटना उस वक्त हुई जब बच्चे शांतिपूर्वक पढ़ाई कर रहे थे। तभी कक्षा की छत से प्लास्टर का बड़ा हिस्सा सीधे छात्रों पर आ गिरा। इस दौरान कक्षा में पढ़ रहे 10 वर्षीय छात्रा फिजा पुत्री इंशाद अली और 10 वर्षीय आहिल पुत्र वसीम घायल हो गए। घायल छात्रों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर बच्चों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए देवनंदनी अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जहां पर दोनों छात्रों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर क्षेत्राधिकार जितेंद्र कुमार, सदर एसडीएम इला प्रकाश, सदर तहसीलदार प्रवीण कुमार और थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और घायल बच्चों का हाल पूछा। स्थानीय लोगों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से शीघ्र ही स्कूल की मरम्मत कराने



की मांग की है। गौरतलाब है कि स्कूल करीब 25 साल पुराना बना हुआ बताया जा रहा है और स्कूल में करीब 181 छात्र पढ़ते है। सरकारी स्कूल में यह हादसा शिक्षा विभाग की लापरवाही पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

# तहसील में किसानों का प्रदर्शन, लेखपाल पर भ्रष्टाचार का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शनिवार को धौलाना तहसील में लेखपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया और उसे तत्काल बर्खास्त करने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी के नेतृत्व में किसान धौलाना तहसील पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील में तैनात लेखपाल किसानों से विभिन्न कार्यों के लिए रिश्वत लेता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बलराज भाटी ने मांग की कि ऐसे भ्रष्ट लेखपाल को तुरंत पद से हटाया जाए। किसानों के इस प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीएम धौलाना मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों की सभी शिकायतें सुनीं और आश्वासन दिया कि लेखपाल पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों की जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच की जाएगी। एसडीएम के आश्वासन के बाद भारतीय किसान यूनियन बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने लेखपाल के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा और इसके साथ ही किसानों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। भाकियू बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि हम किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। लेखपाल जैसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि किसानों को न्याय मिल सके। जिला



अध्यक्ष महेश सिसोदिया ने कहा कि किसानों को अपने जायज कामों के लिए भी रिश्वत देनी पड़ रही है, यह बेहद निंदनीय है। हम प्रशासन से इस मामले में तुरंत कार्रवाई की उम्मीद करते हैं। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जांच में देरी हुई या दोषी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# हरियाली तीज की पूर्व संध्या पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हरियाली तीज की पूर्व संध्या पर शनिवार को चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट कार्यालय, अमीनगर सराय पर एक मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन एडवोकेट सुबोध बंसल ने फीता काट कर किया। 20 बालिकाओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रत्येक बालिका ने एक से बढ़कर एक सुंदर मेहंदी रचाई। मुख्य अतिथि सुबोध बंसल ने कहा कि ये एक ऐसा त्यौहार है जो एक दूसरे को जोड़ता है और एकता का प्रतीक है, आज बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही ही है और उदाहरण पेश कर रही है। प्रशिक्षण प्रभारी टीना चौधरी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता केंद्र पर समय समय पर होती रहती



है और बालिकाओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलता है। इस अवसर पर टीना चौधरी, जायदा, अन्नू, सोनिया, खुशी, कशिश, श्यामा, आयशा, तनु, प्रियंका यादव और रेणु यादव आदि उपस्थित रहें।

# भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज व मंत्री दानिश पहुंचे हापुड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी हापुड़ पहुंचे। मेरठ में अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा आयोजित कलाम को सलाम कार्यक्रम से लौटते समय, दानिश आजाद अंसारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन, अधिवक्ता मल्लिका खान के आवास पर उनसे मिलने पहुंचे। अधिवक्ता मल्लिका खान ने बताया कि हाल ही में उनका एक्सीडेंट हो गया था और उनका हालचाल जानने के लिए सैयद शाहनवाज हुसैन और दानिश आजाद अंसारी उनके आवास पर आए थे। इस दौरान, उनके साथ सगीर खान, ताहिर खान, खालिद



खान, आसिफ खान, मोहम्मद दिलशाद, हसीब सिद्दीकी, नाज़िम खान, और आरिु खान सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव, पुलिस जाँच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चमरी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक घर में फांसी के फंदे पर एक युवक का शव लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि पुलिस को मोहल्ला चमरी में एक युवक द्वारा आत्महत्या की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक करीब 35 वर्षीय सद्दाम पुत्र समयदीन मजदूरी का काम करता था। कुछ दिन पूर्व मृतक की पत्नी ने उसे छोड़ दिया था। आशंका जताई जा रही है की पत्नी के छोड़ने से आहत होकर युवक ने यह कदम उठाया। फिलहाल शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** थाना कपूरपूर क्षेत्र के इकलेडी गांव में शुक्रवार शाम एक मामूली कहासुनी ने गंभीर रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक युवक पर धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर दिया गया। घायल युवक की पहचान बेगराज के रूप में हुई है। परिजन उसे तुरंत हापुड़ के एक निजी अस्पताल में ले गए। वर्तमान में उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उपचार के दौरान बेगराज ने अपने बयान में गांव के ही प्रेमपाल, गुल्ला, आकाश, विकाश ओर अभी पर हमला करने का आरोप लगाया है। कपूरपूर थाना प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामूली कहासुनी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। पीड़ित पक्ष की तरफ से तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना सामने नहीं आई है।

# कारगिल युद्ध मे वीर जवानों ने कारगिल को दुशमनों से कराया आजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मंशा के अनुरूप शहर कांग्रेस कमेटी बडौत अध्यक्ष रामहरी पंवार के नेतृत्व मे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध मे वीर जवानों ने अपने प्राणों की प्रवाह न करते हुए कारगिल को दुशमनो से आजाद कराया। शहीदो की याद मे पी एन शर्मा पार्क शहीद शक्ति स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

भारत माता की जय देश के अमर शहीदों की जय के गगनभेदी नारों के साथ शहीद जावानो को याद किया।

इस अवसर पर देवेन्द्र शर्मा, रविन्द्र, औमवीर, शोकेन्द्र नन्दराम, क्रष्णहरी पंवार, बिजेन्द्र शर्मा, हाकिम, जावेद सोमपाल शर्मा आमिर लोकेश पाँचल औकार दत्त शर्मा मीडिया प्रभारी आदि रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर कांग्रेसजनों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण दिल्ली रोड स्थित शहीद स्मारक पर एकत्रित हुए। जहां कांग्रेस जनो ने देश के अमर शहीदों की याद में मोमबत्ती जला कर देश के उन वीर सपूतों को याद किया, जिन्होंने देश के लिए हंसते हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था। जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ।

कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज के दिन को कारगिल विजय दिवस के रूप में इसलिए भी मनाया जाता हैं क्योंकि इस दिन देश के वीर जवानों ने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए कारगिल को दुश्मनों से आजाद कराया था। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि आज हम कारगिल विजय दिवस के महान वीर सपूतों को याद कर रहे हैं। राष्ट्र के प्रति उनका योगदान अतुलनीय हैं। कांग्रेस जनों ने देश के अमर शहीदों के लिए दो मिनट का मौन धारण किया और उन्हें याद किया। इस दौरान पूर्व विधायक गजराज सिंह, अनुशासन समिति के चेयरमैन अरविंद शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक, सुखपाल गौतम, डा. इसरार, अनूप , गोपाल, महबूब आदि लोग मौजूद रहे।



## गुमशुदा की तलाश



इस व्यक्ति का नाम जितेंद्र उर्फ भोलू पुत्र तेजपाल सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम सलावा थाना तहसील सरधना जिला मेरठ है। उम्र करीब 35 वर्ष। ये बीते 16 जुलाई सन 2025 से अपने गांव सलावा से गायब है। लंबाई करीब साढ़े 5 फुट। चेहरे का रंग साफ गेंहुआ। इसे हर जगह तलाश किया मगर ये कहीं नहीं मिला। जिस किसी भाई को इसका पता लगे तो तुरंत नीचे लिखे पते व मोबाइल नंबर पर संपर्क करे उसे इनाम मिलेगा। जितेंद्र बेटा आप जहां भी हो तुरंत घर आ जाओ। हम सब तुम्हारे बिना बहुत दुखी हैं।

**प्रार्थी : तेजपाल राजपूत निवासी ग्राम सलावा थाना सरधना जिला मेरठ यूपी। मोबाइल नं.**
**8630357880**
**8630748001**

# सामुहिक नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हरियाली तीज के उपलक्ष्य में 'विक्टरी वाईब्स संस्था' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम मची रही। इस दौरान महिलाओं ने हरियाली तीज के गीतों पर साम. ुहिक नृत्य करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

शनिवार की शाम नगर स्थित एक वेंक्ट हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। हरे रंग की वेशवूषा में सम्मिलित हुई महिलाओं ने तीज के गीतों पर सामुहिक व एकल नृत्य किया, तो वहीं पारंपरिक रूप से झूले का भी आनंद लिया।

गेम्स शो के साथ साथ



महिलाओं ने रैंप पर भी कैटवाक किया। शाम चार बजे से प्रारंभ हुआ यह कार्यक्रम आठ बजे समाप्त हुआ। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को तीज की बधाई दी। इस मौके पर संध्या अग्रवाल, एकता रस्तौगी, नीतू भाटी, मंजू सिंह, जूही, नूतन राणा, ज्योति अग्रवाल, निशा चाहल, अर्पणा अग्रवाल, मीनाक्षी कक्कड़, रितिका अग्रवाल आदि मौजूद रहीं। जबकि कार्यक्रम का संचालन अंजना बालियान ने किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका लीना प्रभाकर ने निभाई।

# अमरोहा सांसद की अध्यक्षता में दिशा बैठक संपन्न, विकास कार्यो और लाभार्थी योजनाओं पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को विकास भवन सभागार में अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कुंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई, साथ ही अधिकारियों को कई कड़े निर्देश दिए गए।

बैठक की शुरुआत में, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने सांसद को पिछली बैठक की अनुपालन आख्या से अवगत कराया। इसके बाद, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, दीन दयाल उपाध्याय विद्युत योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अमृत योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। सांसद ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। सांसद ने विशेष रूप से जोर दिया कि जिन विकास योजनाओं को शासन से स्वीकृति मिल चुकी है, उनके लोकार्पण और शिलान्यास से पहले जनपद के जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से सूचित किया जाए और उन्हें आमंत्रित किया जाए। सांसद कुंवर सिंह तंवर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार द्वारा संचा. लित लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कैंप लगाए जाएं। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी संबंधित विधायकों को देने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी कार्य मानक के अनुरूप हों। पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत तुरंत कराने तथा बंद पड़ी टंकियों को जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश भी अधिशासी अभियंता जल



विभाग को दिए गए। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत संचा. लित सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने अवगत कराया कि जनपद की सभी नगर पालिक. ाओं और नगर पंचायतों में पिंक शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है। विधायक सदर ने जनपद के अधिकतम मोहल्लों में सीवर लाइन बिछाने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिस पर सांसद ने संबंधित अधिकारी को विधायक से समन्वय बनाकर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। पूर्ण योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने, कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए। कृषि अधिकारी को जनपद के शत-प्रतिशत किसानों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। उन्होंने जोर दिया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ कोई भी पात्र लाभार्थी छूटने न पाए। इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विधायक सदर विजयपाल, विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया, विधायक धौलाना धर्मेश सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भजनों पर नाचते गाते आगे बढ़ रहे हैं कांवड़िए

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सावन के तृतीय सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये ब्रजघाट से कांवड़ लेकर मंजिलो की ओर बढ़ रहे हैं। हाइवे पर भगवान शिव के जयकारे गूंज रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस मुस्तैद है। जगह जगह पुलिस पिकेट तैनात हैं।

28 जुलाई को सावन माह का तीसरा सोमवार होगा। शनिवार को ब्रजघाट से कांवड़ियों के जत्थे कांवड़ लेकर अपनी मंजिल की ओर रवाना हुए। पुरूषों के साथ साथ महिला श्रद्धालु भी पूर्ण उत्साह और भक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही थीं। कांवड़ियों के जत्थे में सुन्दर झांकियां भी सम्मिलित थीं जो कि नगरवासियों का मन मोहित कर रहीं

**आस्था**

**सोमवार को करेंगे भगवान शिव का जलाभिषेक**

थीं। कांवड़ियों के जत्थे नगर से होकर गुजरने के कारण नगर का वातावरण भी भक्तिमयी हो गया। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने कांवड़ मार्ग पर भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। वहीं कांवड़ियों की सुरक्षा के द्रष्टिगत हाइवे की एक लेन को कांवड़ियों के लिये और दूसरी लेन को हल्के वाहनों के लिये रिजर्व किया गया।



# राह भटके युवकों को चोर समझकर पीटा

## चार युवक घायल, कार में की तोड़फोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** संभल जिले के मिलकपुर नवादा गांव निवासी पांच युवक जब शुक्रवार रात पानीपत से लौटते वक्त रास्ता भटककर डिडौली क्षेत्र के पतेई खालसा गांव पहुंचे, तो उन्हें चोर समझकर ग्रामीणों ने घेर लिया। अफवाह के बीच भीड़ ने कार में तोड़फोड़ की और युवकों को जमकर पीटा। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दरअसल, संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव मिलकपुर नवादा में शखावत हुसैन का परिवार रहता है। उनका बेटा आसिफ शुक्रवार रात अपने साथी मुशाहिद, अंकित, तहजीबुल के अलावा दो अन्य युवकों के साथ ट्राइवर कार में सवार होकर पानीपत से घर लौट रहा था। बताया जा रहा है ये सभी पानीपत में एक रूई फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। रात में करीब 9:30 बजे डिडौली क्षेत्र से गुजरते समय ये सभी रास्ता भटककर क्षेत्र के गांव पतेई खालसा पहुंच गए। वहीं, चोरों की अफवाहों के बीच गांव में पहरा दे रहे ग्रामीणों ने चोर समझकर कार को घेर लिया। इतनी ही देर में पूरे गांव में चोर पकड़े जाने का शोर मच गया। देखते ही देखते मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। चोर होने के शक में ग्रामीणों ने कार में तोड़फोड़ करते हुए युवकों जमकर पीटना शुरू कर दिया। हमले में आसिफ के अलावा मुशाहिद, अंकित, तहजीबुल लहूलुहान हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ती स्थिति पर काबू पाया तथा घायलों को हाईवे स्थित प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित आसिफ की तहरीर के आधार पर अज्ञात हमलवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वीडियो से मारपीट में शामिल रहे चेहरों की पहचान की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# खेत पर जा रहे युवकों को दबंगों ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बुग्गी में गोबर लेकर खेत पर जा रहे युवक को रास्ते में रोक कर दबंगों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल युवक परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की है।पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मटेना निवासी राहुल पुत्र तिरखा शुक्रवार की शाम कुछ युवकों के साथ गांव में ही बैठा हुआ था। तभी गांव का एक युवक शराब के नशे में वहां आ गया और राहुल को घूरने लगा। राहुल द्वारा मना करने पर कहासुनी होने लगी। साथी युवकों द्वारा बीच बचाव कर दिया गया। शनिवार की सुबह राहुल बैल बुग्गी में गोबर खेत पर ले जा रहा था तभी रास्ते में दबंगों द्वारा उसे रोक लिया गया और उसके साथ मारपीट करने लगे मारपीट के दौरान राहुल के सिर पर चोट लगने से वह घायल हो गया। घायल हालत में पीड़ित कोतवाली पहुंचा और आरोपी दबंगों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी ।पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। घायल राहुल ने गांव के ही चार दबंग के खिलाफ तहरीर दी है।

# बाग की रखवाली कर रहे युवकों को समझा चोर, जमकर पीटा

## गांव में दहशत, चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नसीरपुर शुमाली में शुक्रवार रात ऐसी दिल दहला देने वाली वारदात हुई, जिसने न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए, बल्कि इंसानियत को भी कटघरे में ला खड़ा किया। आम के बाग की रखवाली कर रहे युवकों पर ग्रामीणों ने चोर होने का शक जताकर जो कहर बरपाया, उसने जंगलराज की तस्वीर पेश कर दी।

पीरजादगान मोहल्ला निवासी डालचंद्र अपने साथियों नसीम, इस्लाम और एक अन्य युवक के साथ आम के बाग की रखवाली कर रहा था। रात करीब नौ बजे के आसपास गांव नसीरपुर निवासी गौरव, सुखवीर, नौसिंह, समरपाल और जितेंद्र प्रधान करीब 60 अज्ञात लोगों के साथ वहां



पहुंचे और बिना कुछ पूछे युवकों को घेरकर श्चोर-चोरश का शोर मचाते हुए उन पर टूट पड़े। युवकों ने अपनी सफाई देने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने उन्हें लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से बुरी तरह पीटा। जान बचाने के लिए चारों युवक खेतों में भागे, लेकिन हमलावरों ने घेरकर बर्बरता से हमला किया। किसी तरह घायलों ने 112 पर कॉल करने की कोशिश की, लेकिन नेटवर्क फेल हो गया। इतना ही नहीं, बाग में खड़ी गाड़ी को भी हमलावरों ने निशाना बनाकर तोड़ डाला। फायरिंग की भी बात सामने आ रही है, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। घायल युवकों को बछरायूं से जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने गंभीर धाराओं में गौरव, सुखवीर, नौसिंह, समरपाल और जितेंद्र प्रधान समेत 60 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ताजा अपडेट के अनुसार पुलिस ने चार आरोपियों गौरव पुत्र जगदीश सैनी, सुखवीर पुत्र शिवचरण, नौसिंह पुत्र हरदेव व समरपाल पुत्र रामसिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बाकी हमलावरों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# टीएसआई के खाते से उड़ाए 67 हजार

## साइबर अपराधियों ने बनाया निशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइबर अपराधियों ने टीएसआई के खाते से दो बार में 67 हजार रुपये उड़ा लिए गए। मोबाइल पर खाते से पैसे निकलने का अलर्ट मैसेज आते ही टीएसआई के होश उड़ गए। साइबर थाना पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से गाजियाबाद निवासी उपनिरीक्षक राजीव कुमार की तैनाती अमरोहा जिले में है। यहां वह यातायात शाखा में टीएसआई के पद पर ड्यूटी कर रहे हैं। बीती चार जून को टीएसआई राजीव कुमार ने प्ले स्टोर से कोई ऐप डाउनलोड किया था। इसके बाद उनके खाते से दो बार में 67480 रुपये कट गए। बैंक द्वारा मोबाइल पर खाते से पैसे निकलने का मैसेज मिलने पर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत बैंक स्टाफ से संपर्क करते हुए खाते से लेनदेन पर रोक लगवाई तथा मामले की शिकायत साइबर थाने में की। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शुरूआती जांच में पता चला है कि ऐप डाउनलोड करने के बाद साइबर अपराधियों ने खाता ट्रेस किया है। घटना का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा।

# रचनाकारों ने अपने शब्दों से किया कारगिल शहीदों को नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में 'जरा याद करो कुर्बानी' विराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का शानदार आयोजन किया गया। ओज के विख्यात कवि डॉ0राहुल अवस्थी के शानदार संचालन में

**कवि सम्मेलन**

**श्री वेंक्टेश्वरा विवि में आयोजित हुआ शानदार कार्यक्रम**

वरिष्ठ कवियत्री शशि त्यागी, युवा गजलकार सफर अमरोही, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं कवि डॉ0 यतेन्द्र कटारिया, युवा कवि हर्ष अमरोही, कारगिल शहीद अरविन्द सिंह की भाभी एवं



कवियत्री हरमिन्दर कौर समेत एक दर्जन कवियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत एक दर्जन से अधिक रचनाऐं सनाकर कारगिल शहीदो को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी, भाजयुमो अध्यक्ष शुभम चौधरी, पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने देशभर से आये कवियों एवं साहित्यकारो को शॉल, पगडी, पटका, तुलसी पौधा, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही कारगिल विजय दिवस पर अमेरिका में आयोजित 'वर्ल्ड पुलिस गेम्स 2025' में स्वर्ण विजेता अंशु चौधरी को भी शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर युवा कवि सफर अमरोही ने अपनी पंक्तियां प्रस्तुत करते हुए कहा कि, 'ए जिन्दगी तेरा हर इम्तिहान कबूल है, मैं जुनून से जीता हूँ, यही मेरा उसूल है।' कार्यक्रम में डॉ.राहुल अवस्थी, डॉ.मधु चतुर्वेदी, डॉ.यतेन्द्र कटारिया, डॉ.शशि त्यागी, हर्ष अमरोही आदि कवि एवं कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से प्रस्तुत सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर कुलपति प्रो0कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ0पीयूष पाण्डेय, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 राजवर्धन, डॉ0योगेश्वर शर्मा, डॉ0नीतू पंवार, नसीम अहमद, अरूण गोस्वमी, डॉ0 स्नेहलता गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने बदमाशों पर किया पथराव

## रातों को जागकर पहरा दे रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दो गांवों में चोर चोरी करने के इरादे से घरों में घुस गये। चोरों पर ग्रामीणों ने पथराव भी कर दिया। गाँवो में जाग होने के कारण चोर खाली हाथ लौट गये। ग्रामीण रातों को जागकर पहरा दे रहे हैं।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव बरतोरा में बीती रात चोर गांव के बाहरी छोर पर स्थित जसवंत सिंह के घर में घुस गये। घर में हो रही रोशनी को समाप्त करने के उद्देश्य वहां जल रहे बल्ब को उतारने लगे। इस दौरान पड़ोसी की नजर जसवंत के घर में खड़े चार बदमाशों पर पड़ी तो उसने उसे फोन कर दिया। जाग होने पर चोर वहां से फरार हो गये। उसके बाद चोर बंद पड़े एक वाल्मीकि के घर में घुस गये। जाग होने पर कर वहां से भाग गये।एक चोर जीने के नीचे छुप गया। लेकिन जब ग्रामीणों की भीड़ वहां पर जमा हो गई तो चोर वहां से निकलकर छत पर चढ़ गया तथा पीछे को कूद कर जंगल में फरार हो गया। रात ही कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलोती खुर्द में आधा दर्जन नकाबपोश बदमाश जगत सिंह के घर के पास खड़े थे। जाग होने पर जगत सिंह व परिवार ने बदमाशों पर पथराव करना शुरू कर दिया। जिससे वह वहां से भाग गये। उसके बाद बदमाश पड़ोसी गांव पिपलोती कला में पहुंच गये। लेकिन यहां पर ग्रामीणों द्वारा जागकर पहरा दिया जा रहा था। यह देखकर चोर कब्रिस्तान के बराबर में होकर निकल गये। ग्रामीण क्षेत्र में चोर होने की दहशत फैली हुई है। ग्रामीण रातों को जागकर पहरा दे रहे हैं। यदि दोनों गाँवो में रात ग्रामीण जाग नहीं रहे होते तो यकीनी रूप से घटना भी घटित हो सकती थी। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया पिपलोती गांव की उनके पास कोई सूचना नहीं है।

# भाई की मौत के बाद खाते से उड़ाए साढ़े चार लाख

## दिव्यांग भतीजे की देखभाल के बहाने रूके थे घर पर, लाखों की कर दी हेराफेरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हार्ट अटैक से प्रवक्ता की मौत के बाद छोटे भाई ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उनके खाते से 3.51 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। इतना ही नहीं दोनों ने बेडरूम की अलमारी में रखी एक लाख रुपये की नकदी व दो मोबाइल फोन पर भी हाथ साफ किया। प्रवक्ता की पत्नी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला शहर के मोहल्ला मोहम्मदी सराय से जुड़ा है। यहां रहने वाले मनोज गौड़ शहर के जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज में प्रवक्ता थे। बीती 24 जून की सुबह घर में योगा करते समय मनोज गौड़ की हार्ट अटैक से आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। उनकी पत्नी रेनू के मुताबिक अपने दिव्यांग बेटे रोहन की देखभाल के लिए उन्होंने देवर विमल व देवरानी पल्लवी को घर पर रोक लिया था। आरोप है कि इन दोनों ने मौके का फायदा उठाते हुए बेडरूम की अलमारी में रखी एक लाख रुपये की नकदी तथा पति मनोज गौड़ के दो मोबाइल

**मृतक प्रवक्ता की पत्नी की तहरीर पर देवर व देवरानी पर मुकदमा**

गायब कर दिए। इसके बाद 25 जून से 4 जुलाई के बीच उनके खाते से लगभग 3.51 लाख रुपये की धनराशि अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। रेनू को इस बात की जानकारी 6 जुलाई को उस समय हुई जब वह अपने ममेरे भाई अर्पित व पड़ोसी परवेज के साथ खाते से जुड़ी जानकारी लेने के लिए बैंक पहुंचीं। स्टेटमेंट देख उनके होश उड़ गए, पति मनोज गौड़ की मृत्यु के बाद उनके खाते से यह धनराशि निकाली गई थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में आरोपी विमल व उसकी पत्नी पल्लवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## तीज के अवसर पर मेंहदी प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** जय गोविंद पब्लिक स्कूल में तीज के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 8 की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमे कक्षा 8 की छात्राआयशा प्रथम, रहनुमा कक्षा 5 को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। मनतशा कक्षा 8 को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सानिया, रानिया, अलीशा, सोनिका, इलमा आदि मौजूद रहे। दौरान स्कूल प्रबंधक सरल कुमार एवं प्रधानाचार्य रिफाउल हसन ने विजेता छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# दुकानों पर भगवान वराह का चित्र लगाएं सनातनी दुकानदार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विश्व हिन्दू परिषद में संत मार्गदर्शन एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य यशवीर महाराज का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि, कांवड़ियों का धर्मभ्रष्ट करने के लिये जिहादी गैंग के लोगों ने कांवड़ मार्गों पर हिंदू देवी-देवाओं के नाम से होटल-ढ़ाबे खोल रखे हैं। इनसे कांवड़ियों को आगाह रहना है। इसलिए वे सनातन धर्म के लोगों को जागरूक करने के लिये प्रयासरत हैं। कहा कि हरिद्वार कांवड़ मार्ग पर अनेकों ऐसे लोग हैं जो कि सनातनी देवी देवताओं के नाम पर होटल आदि चला रहे हैं और सनातनियों का धर्म भ्रष्ट करने की मुहिम चला



रहे हैं। ब्रजघाट कांवड़ मार्ग पर भी यही स्थिति है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म से जुड़े दुकानदार अपनी दुकानों पर भगवान वराह का चित्र लगाएं और मोटे मोटे अक्षरों में प्रतिष्ठान का नाम लिखाएं। उन्होंने संभल के विधायक इकबाल महमूद द्वारा कांवड़ियों को गुडा कहने वाले बयान पर कहा कि संभल में वह खुद गुंडे हैं। कहा कि ये उनकी सनातन धर्म के कांवड़ियों के प्रति कुत्सित मानसिकता को दर्शाने वाला बयान है जिसकी जितनी निंदा की जाए वह कम ही कम है। उन्होंने कहा कि अमरोहा की

**प्रेसवार्ता**

**कुछ जिहादी हिंदु देवी देवताओं के नाम पर चला रहे हैं होटल ढाबे**

डीएम, एसपी और अन्य पुलिस प्रशासन कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि यदि कांवड़ मार्ग पर उन्हें कोई गड़बड़ी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। प्रेस वार्ता के बाद उन्होंने सनातनी दुकानदारों को भगवान वराह के चित्रों का वितरण किया और कहा कि अपनी दुकानों पर लगाएं। इस मौके पर अशोक सैनी, कुशल चौधरी, हेमंत सारस्वत, पीयूष चौधरी, प्रीतम सिंह, विनोद गर्ग, प्रवीण वर्मा आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली गए किसान की हादसे में मौत

## पिकअप में सब्जी लेकर जा रहे थे बेचने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** कमानी टूटकर अनियंत्रित होकर पलटी पिकअप के नीचे दबने से किसान की मौत हो गई। तीन किसान घायल हो गये। किसान की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी आधा दर्जन से आधिक किसान शुक्रवार की शाम पिकअप में लौकी लादकर बेचने के लिए दिल्ली की गाजीपुर मंडी जा रहे थे। रात्रि 11 बजे जैसे ही पिकअप सिंभावली के पास बक्सर में पहुंची तो अचानक पिकअप की कमानी टूट गई। कमानी टूटने से पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमे आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी ओमदत्त पुत्र राम कुंवर 35 वर्ष की मौके पर मौत हो गई।। जबकि गांव निवासी चन्द्रहाश पुत्र तिरमल, रिसाल पुत्र पर्वत, दिपक पुत्र रमेश, आदि किसान गाड़ी के नीचे दब गये। घटना की सूचना मिलते ही आसपास



के लोग मौके पर पहुंचे तथा मुश्किल से पिकअप के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। जिसमें ओम दत्त पुत्र राम कुंवर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सभी घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर मेरठ के लिए रेफर कर दिया।किसान की मौत की सूचना मिलने पर परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। मृतक ने अपने पीछे पत्नी सहित तीन छोटे-छोटे बच्चे छोड़े हैं।



हसनपुर।एसडीएम को ज्ञापन सौंपते शिक्षामित्र।

# पंचायत चुनाव का भुगतान कराया जाए

## शिक्षामित्र संघ ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। बताया कि तहसील क्षेत्र में कार्यरत शिक्षामित्रों के गत वर्ष के मानदेय का अभी तक भुगतान नहीं होने पर शिक्षा मित्र भड़क उठे है। कहा कि पिछले पंचायत चुनाव में शिक्षामित्रों ने बीएलओ ड्यूटी का कार्य किया था। लेकिन उसका मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। और इसके अलावा 2 वर्ष पूर्व नगर निकाय के चुनाव में नगर की सीमा के आसपास कार्यरत शिक्षामित्रों ने बीएलओ ड्यूटी कार्य किया था। उक्त ड्यूटी का भी मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। शिक्षामित्र ने एक स्वर में उप जिलाधिकारी से कहा कि अगर बकाया ड्यूटी के मानदेय का भुगतान नहीं कराया जाता है तो शिक्षामित्र बीएलओ ड्यूटी करने पर विचार करेंगे। साथ ही यह भी मांग की गई कि बीएलओ ड्यूटी दो से तीन किलोमीटर की परिधि में ही लगायी जाये। इस अवसर पर संघ के जिला संरक्षक रामवीर सिंह, जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौहान, ब्लॉक मंत्री जगत सिंह, भूरे सिंह,दारा सिंह,असलम अली, हरपाल सिंह, उमेश चंद्र,देवेश चौहान , रोहताश सिंह, प्रदीप कुमार, मेघराज सिंह,राजपाल सिंह,पन्नादत्त आदि शिक्षामित्र मौजूद रहे।

# विकास खण्ड सैदनगर को आधारभूत अवसंरचना में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त

**उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विकास कार्य हेतु 1.5 करोड़ रुपये की मिलेगी प्रोत्साहन राशि**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नियोजन विभाग द्वारा प्रदेश के पिछड़े 108 विकास खण्डों का चयन कर 50 इण्डीकेटर्स पर कार्य कराया जा रहा है। जनपद में विकास खण्ड सैदनगर का चयन किया गया था, जिसमें 6 विषयगत क्षेत्रों के 50 इण्डीकेटर्स पर कार्य किया गया।

नियोजन विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में विषयगत क्षेत्रवार डेल्टा रैंकिंग जारी की गई है। जिसमें विषयगत क्षेत्र- आधारभूत अवसंरचना में विकासखण्ड सैदनगर रामपुर को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुया है। जिसके लिए प्रदेश सरकार ने 150.00 लाख रूपये की प्रोत्साहन धनराशि के रूप में आवंटित किये जाने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल द्वारा आकांक्षात्मक विकास खण्ड में निर्धारित पैरामीटर के अनुसार सभी संसाधनों के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विकासखण्ड सैदनगर को वार्षिक ओवरऑल रैंकिंग में भी प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त हुआ है। आकांक्षात्मक विकास खण्डों की रैंकिंग में जनपद को मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आकांक्षात्मक विकासखंड में शासन द्वारा निर्धारित शिक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचा और सामाजिक विकास पर विभिन्न विभागों के 50 संकेत पर कार्य योजना बनाकर प्रभावी तरीके से




लागू कराया जा रहा है।

स्वास्थ्य एवं पोषण में 17 इण्डीकेटर्स सम्मिलित हैं, जिनमें मुख्य रूप गर्भवती महिलाओं का ए.एन.सी. पंजीकरण, पोषाहार वितरण, सस्थागत प्रसव, जनसामान्य की उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच आदि सम्मिलित हैं। शिक्षा में 17 इण्डीकेटर्स सम्मिलित हैं, जिसमें मुख्य रूप से छात्रों का की सतत शिक्षा हेतु पंजीकरण, विषयान्तर्गत उच्च अंक प्राप्त होना, प्राथमिक स्तर पर कार्ययोजना बनाकर गणित, भाषा, सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान आदि का ज्ञान कराना।

कृषि एवं सम्बद्ध सेवाओं में 05 इण्डीकेटर्स सम्मिलित हैं, जिसमें मुख्य रूप से मृदा स्वास्थ्य कार्ड, एफ.पी.ओ. गठन, पशुओं का टीकाकरण, किसान सम्मान आदि सम्मिलित हैं। बुनियादी ढांचा में 05 इण्डीकेटर्स सम्मिलित हैं, जिसमें मुख्य रूप से हर घर जल, विभिन्न प्रकार के आवास योजना, स्वच्छता कार्यक्रम, पंचायत भवनों तक इन्टरनेट पहुंचाना आदि और सामाजिक विकास में 06 इण्डीकेटर्स सम्मिलित हैं, जिसमें मुख्य रूप से वी.सी. प्वाइंट, डिजिटल साक्षरता, समूह गठन एवं कौशल विकास आदि सम्मिलित हैं।

# रामपुर को भरपूर मात्राा में प्राप्त हुई उवर्रक की रैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद रामपुर में निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में 8514 मीट्रिक टन यूरिया, 4008 मीट्रिक टन एन.पी.के. एवं 1463 मीट्रिक टन डी.ए.पी. उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त 2653.29 मीट्रिक टन यूरिया की एक रैक सहकारिता विभाग को प्राप्त हो गयी है, जिसका जनपद की समस्त सहकारी समितियों पर प्रेषण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद रामपुर में आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गयी है। उन्होंने कृषकों से अपील की




है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करे एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता समिति को उपलब्ध कराये। इसके अतिरिक्त यदि किसी उर्वरक विक्रेता समिति द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है तो कृषक भाई अपनी शिकायत 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते है।

## सड़क हादसे में घायल हुए किशोर की ईलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खण्ड विकास अधिकारी शाहबाद कार्यालय के निकट गुरुवार को दो बाइकों की भिड़ंत में घायल हुए चार लोगों में से एक किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम विकास खंड कार्यालय शाहबाद के निकट दो बाइकों की आपने सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चारों लोग घायल हुए थे, डॉक्टरों ने चारों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

परिजन हालत गंभीर देखते हुए रामपुर से मुरादाबाद ले गए जहां निजी अस्पताल में मोहल्ला फर्राशान निवासी 15 वर्षीय उजैर पुत्र नईम का



इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही शनिवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

हादसे की खबर के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। अन्य घायलों का इलाज जारी है।

# कारगिल शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के दर्जनों पदाधिकारी ने ग्राम नवाबगंज पहुंचकर कारगिल में शहीद हुए सरदार बलजीत सिंह की मूर्ति के गले में फूल माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाना चाहिए और हमारे बिलासपुर जिला रामपुर का नाम रोशन करने वाले अपने प्राणों की आहुति देकर शहीद सरदार बलजीत सिंह ने अपने परिवार माता-पिता का सीना चौड़ा किया है। यह जज्बा किसान व किसान के परिवारों में ही है जो देश और देशवा.



सियों के लिए सब कुछ अर्पण कर देते हैं देश का किसान अपने खेतों में बंजर जमीनों में अनाज पैदा कर देश को पालने का काम कर रहा है और किस का बेटा देश की सरहदों पर देश के दुश्मनों से लोहा ले रहा है और देश के दुश्मनों को खाक चढ़ा रहा है। शहीद सरदार बलजीत सिंह अमर रहे अमर रहे। शहीद सरदार बलजीत सिंह का परिवार जिंदाबाद जिंदाबाद और जिंदाबाद रहे हमेशा से प्रदेश सरकार से हम लोगों ने मांग रखी है। ग्राम नवाबगंज को तहसील बिलासपुर को एक हवाई अड्डा शाहिद बलजीत सिंह के नाम से बनाया जाए ग्राम नवाबगंज को विशेष ग्राम पंचायत का दर्जा प्रदेश सरकार दें किसानों के लिए कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख ने हाल ही में बिलासपुर के भाखड़ा डैम का नवीनीकरण कराया है जिससे क्षेत्र के किसानों को बहुत फायदा होगा। अब भाखड़ा डैम का नाम शहीद सरदार बलजीत के नाम से रखा जाए। इस मौके पर शहीद के परिवार से एवं गांव से सम्मानित परिवारजन मुराद खान, सलीम वारसी, इमरान खान, आरिफ अली, फैज खान, इकराम अली, श्याम मोहन पांडे, महेंद्र पाल सिंह, तरसेम सिंह, अब्दुल हसन पाशा, मतलूब अहमद, इरफान वारसी, मक्खन सिंह चौहान, संतोष कुमार, सिकंदर आदि शामिल रहे।

## थाना समाधान दिवस में आई सात शिकायतें, चार का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई सात शिकायतों में से चार का मौके पर हुआ निस्तारण। शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार अमित कुमार और प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत की अध्यक्षता में की गई। समाधान दिवस में सात शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनमे से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभाग को सौपते हुए जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस मौके पर तहसीलदार शाहबाद अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत, उप निरीक्षक आदेश कुमार, अंशुल कुमार, लेखपाल मनोज कुमार, लखमेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# रामपुर में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पत्रकारों को मिले पर्याप्त सुरक्षा और चिकित्सा लाभ, अगली रणनीति को लेकर लिए गए बड़े फैसले, पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है परंतु पिछले कुछ समय से पत्रकारों पर हमले की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं और अब तो इतना साहस हो गया है कि पत्रकार कार्यालय पर ही हमला बोला जाने लगा है जो की बहुत ही निंदनीय है , ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करता है, ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने रामपुर में बात कहीं।



इससे पहले दिल्ली से मेरठ पहुंचे ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी का रामपुर जिला अध्यक्ष शाहबाज खां, परवेज खां, असीम अजीज, सैफी निजामी साहब, नदीम मियां, नवाज खां, इमरान खां, शारिक खां, आदि ने भव्य स्वागत किया। इसके उपरान्त संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन अम्बेडकर पार्क मूड फूड रेस्टुरेंट पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी एवं संचालन पत्रकार परवेज खां ने किया।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि मेरठ में एक पत्रकार कार्यालय पर हमले की सूचना मिली थी जिसका संगठन कड़े शब्दों में निंदा करता है , यह हमला केवल एक अखबार के कार्यालय पर नहीं अपितु पत्रकार जगत पर हुआ और जिसने भी यह हमला करवाया है उसको कानूनी रूप से सख्त जवाब दिया जाएगा। संगठन उक्त संस्था के साथ मजबूती के साथ खड़ा रहेगा । संगठन के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने आगे कहा कि आज पत्रकार कहीं भी सुरक्षित नहीं है पहले एक समय था की सच बोलने और लिखने वाले का सम्मान किया जाता था लेकिन आज सच बोलने और लिखने वालों पर गोली चला दी जाती है। संगठन पत्रकार साथियों की सुरक्षा एवं उनकी चिकित्सा लाभ के लिए शीघ्र ही संबंधित मंत्रियों से मिलकर इस पर तेजी से कार्य करने की मांग करेगा ।

बैठक को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि संगठन ने पिछले महीने पत्रकार साथियों का 5 लाख का बीमा करवाया था और अगली कड़ी में स्वास्थ्य मंत्रालय से मिलकर पत्रकारों के लिए निशुल्क इलाज का बीड़ा उठाया जाएगा। बैठक को मजबूत बनाने के लिए निर्देश दिए की संगठन में भले ही संख्या बल कम हो लेकिन ऐसे पत्रकार साथी हो संगठन के प्रति निष्ठा रखते हो और एक आवाज में एकत्रित हो सके। कहा कि पीलीभीत एवं रामपुर मे संगठन की इकाई का मजबूत गठन हो गया है और शीघ्र ही अन्य कई जिलों में भी गठन होने जा रहा है। बैठक में रामपुर जिला अध्यक्ष शाहबाज खां ने भी अपने विचार रखें।

# बदहाल रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** ग्राम लाडपुर निकट सेमरा मंसूरपुर से 800 मी. मार्ग लगभग काफी समय से कच्चा है जिस पर राहगीरों का आवागमन रहता है। स्कूल के बच्चे भी आते जाते हैं यह सड़क काफी समय से ऐसी ही पड़ी हुई है कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

जिला पंचायत सदस्य रियासत को प्रार्थना पत्र दिया है और तहसील दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिया गया है और स्वतंत्र प्रभार प्रभारी जेपीएस राठौर को भी प्रार्थना पत्र दिया है और जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी को भी। इस मार्ग के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है यह सड़क



रहमतगंज सेमरा लालपुर और धर्मपुर को जोड़ती है थोड़ी ही बारिश के बाद इस सड़क पर निकलने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। काफी पानी भरा रहता है वह कीचड़ रहती है शनिवार को आसपास के ग्रामीणों ने मार्ग निर्माण न होने के विरोध में प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की और मार्ग दुरुस्त न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर संजय कश्यप, रमेश चंद्र, ओम प्रकाश, अजय, सुनील कुमार, राजपाल सिंह, सुनील कुमार, विनोद कुमार आदि ने जिलाधिकारी समेत अन्य अफसर को पत्र भेजकर मार्ग दुरुस्त करने की मांग की है।

## थाना प्रभारी ने थाना समाधान दिवस सहित ड्रोनों को लेकर की गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजन किया गया जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित जमीनी स्तर की तीन फरियादियों ने पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई शनिवार को थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन। थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। प्रभारी ने बताया कि तीनों फरियादियों की शिकायतों पर संज्ञान में लेते हुए राजस्व विभाग की टीम को बुलाकर उन्हें सुपुर्द कर राजस्व विभाग की टीम के साथ निस्तारण हेतु कांस्टेबलों को भेजा वहीं थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने ड्रोन उड़ने की अफवाहों को लेकर ड्रोन धारकों के साथ एक गोष्ठी भी की उनके नाम नंबर आदि अंकित करे और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कही भी ड्रोन चलाते हो अनुमति लेकर ही चलाए जिसमें उपस्थित ड्रोन धारकों सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# कंपोजिट इंग्लिश शराब की दुकान के निकट कैंटीन में भेजी जा रही थी देसी शराब

**आबकारी विभाग ने की छापेमार कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** अंग्रेजी शराब की दुकान के निकट कैंटीन में आबकारी विभाग को देसी शराब के पव्वे मिले जिन्हें आबकारी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और दुकानदार के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत चालान कार्रवाई की है।

शनिवार को आबकारी विभाग के क्षेत्रीय इंचार्ज रामपाल अपनी पुलिस टीम के साथ अंग्रेजी शराब की कंपोजिट दुकान के नजदीक कैंटीन में



छापे मार कार्रवाई की यहां आबकारी विभाग को छापामार कार्रवाई के दौरान10पव्वे देशी शराब के बरामद हुए यह देसी शराब यहां अवैध रूप से बेची जा रही थी। आबकारी विभाग बरामद शराब और कैंटीन संचालक को अपने साथ जिला मुख्यालय रामपुर ले गई यहां आबकारी विभाग ने आबकारी अधिनियम के तहत युवक का चालान कर दिया और जमानत पर रिहा कर दिया बताया जाता है कि जिस कैंटीन संचालक के यहां से देसी शराब बरामद हुई उसकी दुकानों में ही कंपोजिट अंग्रेजी की शराब की दुकान चलाई जा रही है जिसको लेकर हड़कंप मच गया क्षेत्रीय इंचार्ज ने बताया की देसी शराब अवैध रूप से बेची जा रही थी जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## वकीलों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सीनीयर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने तहसील में भ्रष्टाचार फैलने का आरोप लगाया है। वहीं वकीलों ने जिलाधिकारी को बिंदुवार संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कार्यालय में देकर तीन दिन तक सांकेतिक रूप से हड़ताल पर रहने की घोषणा की है।

शनिवार को दिये ज्ञापन में वकीलों ने आरोप लगाया है कि उपजिलाधिकारी (प्रशासनिक) द्वारा अधिवक्ताओ के प्रति अशोभनीय एंव अमर्यादित व्यवहार किया जाता है। जिससे अधिवक्ताओ में काफी रोष है। और बिना सुविधा शुल्क के किसी भी पटल पर कोई कार्य नही हो रहा है। वकीलों का आरोप है कि उपजिलाधिकारी महोदय का अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी अंकुश नहीं है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष, गुरनाम सिंह संधू, अय्यूब, बृज किशोर दिवाकर, सरफराज अहमद, लक्ष्मण सिंह, महिपाल, हरस्वेरुप सिंह, मुखत्यार अहमद, विक्रम सिंह संधू, सुन्दर लाल, चन्द्रपाल सिंह सागर, कमल दिवाकर, संदीप सिह सन्धू, आदिल, अनुज गौतम, राजू पाल, नन्द किशोर आदि वकील शामिल रहे।

## पीडब्ल्यूडी का नाला 24 घंटे में ही गिरा सभासद सहित दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** नरपत नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला में रोड चौड़ीकरण को लेकर पीडब्ल्यूडी का नाला निर्माण कार्य चल रहा है। नरपतनगर मार्केट में लगभग 30 मीटर नाले को बने हुए अभी 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि नाले की दीवारें भर भरा कर गिर गई। जिससे नगरवासियों ने जब सुबह देखा तो पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने का विरोध प्रदर्शन किया और उन्होंने आरोप लगाया कि नाले में गुणवत्ता के हिसाब से माल नही लग रहा है। और नगर पंचायत चेयरमैन खालिद अली को इसकी सूचना दी,चेयरमैन खालिद अली



मौके पर पहुचे और तत्काल पीडब्ल्यूडी ठेकेदार को बुलाया और घटिया सामग्री लगाने और गुणवत्ता का ध्यान ना रखने का आरोप लगाया है।

चेयरमैन खालिद अली ने कहा है कि नगर में चल रहे नाले निर्माण की गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा है जो बिल्कुल भी बर्दास्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालो में सभासद मो रफी,इमरान अहमद, बब्लू, शमशाद प्रधान महबूब अली, शाहनवाज हुसैन, सरफराज मास्टर, मोनीश अहमद आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कोतवाली शाहबाद क्षेत्र के गांव परौता निवासी सोहन सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री लक्ष्मी दिनांक- 23 07.2025 को गाँव में लग रहे शिव तेरस के मेला में सुबह लगभग 4:30 बजे अपने भाई विकास के साथ कावड चढ़ाने शिव मन्दिर परौता गई थी।

मन्दिर पर भीड-भाड अधिक होने के कारण वह अपने भाई से विछड़ गई कावड चढाने के बाद विकास ने लक्ष्मी को तलाश करने का बहुत प्रयास किया। लेकिन लक्ष्मी का पता नहीं चल पाया कल शाम काफी छान बीन के बाद पता चला की मेरी बेटी का गांव के ही जितेन्द्र पुत्र राकेश निवासी ग्राम परौता द्वार जबरन बहला फुसला कर गया है।

मेरी बेटी को ले जाने में विजय सिह पुत्र राजवीर व पुष्पेन्द्र पुत्र राकेश निवासीगण ग्राम परौता व श्याम पुत्र महीपाल निवासी ग्राम फतेहपुर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद व कमल सिंह पुत्र नमालूग निवासी ग्राम रामपुर पटटी थाना बिलारी जिला मुरादावाद का सहयोग व शामिल है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# शिक्षकों ने कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** शनिवार को विकास भारती स्कूल में कारगिल विजय दिवस को गर्व और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता एवं समस्त शिक्षकों ने एकत्रित होकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन से की गई, जिसके माध्यम से शहीदों के बलिदान को स्मरण किया गया। इसके पश्चात शिक्षकों ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए और भारत माता के वीर सपूतों को नमन किया।




प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने इस अवसर पर कहा, कारगिल विजय दिवस हमें देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों की वीरता और समर्पण की याद दिलाता है। हम सबका यह कर्तव्य है कि हम अपने कार्यों के माध्यम से राष्ट्र की सेवा में योगदान दें। इस मौके पर दलबीर सिंह आसरा विशाल, नाज विक्रम सौरभ माधुरी सौरभ उमेश प्रवीण कुमार अनिल अमन अनामिका अमिता ,फरीद आदि शामिल रहे।

# आज होगी समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा.) परीक्षा को सकुशल व निर्विघन ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत शनिवार को शहर के बेनहर पब्लिक स्कूल, ज्ञान इण्टरनेशनल स्कूल, सैन्ट एलायसिस व एसआरएम इंटर कालेज बीसलपुर परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा.) परीक्षा आज 27 जुलाई 2025 को प्रातः 9:30 बजे 12:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा.) परीक्षा हेतु जनपद में 14 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में विद्युत व्यवस्था, पेयजल, पंखा, शौचालय, सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि जो भी कमियां हो उन्हें समय से ठीक करा लिया जाय ताकि समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा.) परीक्षा बेहतर ढंग से कराई जा सके। उन्होंने कहा कि समस्त व्यवस्थाऐं सुचारू रूप से रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रार्थना सभा के दौरान भीषण गर्मी के कारण कम्पोजिट विद्यालय की छात्रा बेहोश होकर गिरी



**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने मौसम के उतार चढ़ाव एवं बड़ते तापमान के दृष्टिगत कक्षा नर्सरी से 12 वी तक के सभी निजी एवं सरकारी स्कूलों का समय बदलने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। ललौरीखेड़ा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सरौरी स्थित कम्पोजिट विधालय में गतदिवस एक छात्रा के स्कूल में बेहोश होने की घटना को गम्भीरता से लेते हुए राज्यमंत्री संजय गंगवार ने कहा है कि वर्तमान में मौसम का मिजाज हर रोज बदल रहा है और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हो रहे है ऐसी स्थिति में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी गर्मी का शिकार हो रहे है। राज्यमंत्री संजय गंगवार जिलाधिकारी को भेज पत्र में कहा है कि विधालयों के समय का संचालन पूर्वान्ह 7 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक किया जाना सुनिश्चित किया जाये जो वर्तमान में प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होनें यह भी कहा की गर्मी के चलते स्कूलों में कोई भी बच्चों की खुले में गतिविधियॉ आयोजित नही की जानी चाहिए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पूरनपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई, तड़के हाईवे पर शव देखे जाने से खलबली मच गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस शव लेकर सीएचसी पहुंची। काफी प्रयास के बावजूद मृतक की समाप्त नहीं हो सकी है। शव मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पीलीभीत नेशनल हाईवे पर मैरिज पैलेस के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। शनिवार सुबह तड़के चार बजे मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

## संविदाकर्मी करंट लगने से घायल

**कोसीकलां।** बिजली लाइन पर काम करते समय एक संविदाकर्मी को करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए नर्सिग होम में भर्ती कराया गया। शुक्रवार की शाम को करीब 8 बजे कमला नगर निवासी विशाल उर्फ छोटू नंदगांव रोड पर काम कर रहा था, तभी लाइन में अचानक करंट आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झूलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को वहां एकत्रित लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का आरोप है कि घटना की जानकारी मिलने के बाद विद्युत अधिकारियों ने घायल का हालचाल जानने का कोई प्रयास नही किया। बल्कि मोबाइल स्विच बंद आ रहे है। इससे पूर्व भी तत्कालीन एसडीओ सर्वज्ञ श्रीवास्तव के साथ इटावा के समीप हुई दुर्घटना में विशाल गंभीर रूप

# संस्कृति विवि आयोजित करेगा मेगा जॉब फेयर



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय देशभर के नौकरी से वंचित रह गए नौजवानों को रोजगार का एक बड़ा मौका दे रहा है। विवि में एक और दो अगस्त को एक मेगा जॉब फेयर आयोजित किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लगभग 100 कंपनियां दो हजार से अधिक विद्यार्थियों को नौकरियों का अवसर प्रदान करने आ रही हैं। संस्कृति विवि ने एक समग्र और सर्व कल्याण की भावना के तहत देशभर के सभी विवि और कालेजों के पासआउट विद्यार्थियों, जो अभी तक नौकरी पाने से वंचित रह गए हैं इस जॉब फेयर में आमंत्रित किया है। उद्योग विभाग के स्थानीय अधिकारियों द्वारा भी इस अवसर का लाभ उठाने में रुचि दिखाई है। संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता का कहना है कि उनकी शुरू से ही सोच रही है कि हमारे किसी भी नौजवान का सपना पूरा करने के लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं, तो जरूर करूंगा। यही वजह है कि संस्कृति विवि विद्यार्थियों को स्वयं का उद्योग खड़ा करने के लिए भी बड़े कदम उठा रहा है ताकि वे खुद नौकरी देने वाले बनें। इसी उद्देश्य से डीएसटी ग्रांट से विवि 10 स्टार्टअप को एक करोड़ रुपये दे रहा है। इस मेगा जॉब फेयर आयोजित करने के पीछे भी यही भाव है। यह पूरी पारदर्शिता के साथ और सबके लिए होगा। इसके लिए सभी विवि, कालेजों और उद्योग विभाग से संपर्क किया जा रहा है। विद्यार्थी सीधे भी इसमें बिल्कुल फ्री रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हम जो भी इस तरह का आयोजन करते हैं वह विद्यार्थियों के द्वारा विद्यार्थियों के लिए आयोजित करते हैं। इस मेगा जॉब का सारा मैनेजमेंट संस्कृति विवि के विद्यार्थी ही कर रहे हैं। इससे सबसे बड़ा लाभ तो यह होगा कि विद्यार्थियों का अनुभव बढ़ेगा। वे कंपनियों के एचआर से सीधे संपर्क कर सकेंगे, उनकी आवश्यकताओं को समझ सकेंगे।

जॉब फेयर का प्रबंधन देख रहे विद्यार्थियों ने बताया कि अभी तक 100 कंपनियों ने खुद से जॉब फेयर में आने में रुचि दिखाई है। इस जॉब फेयर में 100 से अधिक कंपनियां भी आ सकती हैं। इनमें से कुछ जैनपेक्ट, आरके ग्रुप, जेबीएम ग्रुप, जस्ट डायल, दैनिक जागरण, जेटीईकेटी, टेक महिन्द्रा, कोकाकोला, रायस पैक, स्विगी, योकोहामा टायर्स, ब्लिंकिट, मिल्को मोर, नौकरी डाटकाम, फ्लिपकार्ट, बिगएफएम, बाधो, न्यूएलनबरी वर्क्स, गोल्डी मसाले आदि हैं। ताजा जानकारी के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में दो हजार से अधिक नौकरियों की उपलब्धता सामने आ चुकी है, यह और भी अधिक हो सकती है। जाब फेयर में ऐंटरटेनमेंट, एफएम रेडियो के लिए जॉकी, एनीमेशन, एग्रो इंडस्ट्रीज, फैशन इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनियां भी आ रही हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि जापान की अकेली ही एक कंपनी याकुमा का कहना है कि छात्राओं के लिए उनके यहां असीमित संख्या में जरूरत है। रेलवे से जुड़े आरके ग्रुप को विभिन्न पदों के लिए एक हजार से अधिक युवाओं की आवश्यकता है वो भी बहुत अच्छे वेतनमान पर। इसी तरह से बहुत सारी कंपनियों ने अपनी जरूरत और युवाओं को नौकरियां देने की बात कही है।

डा. सचिन गुप्ता का कहना है कि हमारी इच्छा यही है कि हर युवा को अपने सपने पूरे करने का अवसर मिले। जो भी बच्चा नौकरी ढूंढ रहा है और मेहनती है उसको बेहतर

## बेनहर पब्लिक स्कूल ने ट्रॉफी के साथ जीता 5 हजार रुपये का कैश प्राइज़



शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** बरेली के बीबीएल पब्लिक स्कूल में आयोजित केके अग्रवाल मेमोरियल जीके क्विज कांटेस्ट में बरेली रीजन (बरेली, पीलीभीत, बदायूं व रामपुर) से शामिल 27 पब्लिक स्कूलों में प्रभावी स्थान बनाते हुए बेनहर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सेकंड रनर के रूप में 5000 रुपए का कैश प्राइज़, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र जीते। बेनहर पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 के रचित चंद्रा और कक्षा 11 की संस्कृति ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। वे शिक्षक नवीन उपाध्याय के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। विगत 17 वर्षों से आयोजित हो रही है ये प्रतियोगिता।चिक्कर इंटरनेशनल स्कूल, बरेली' और 'बेन–हर पब्लिक स्कूल, पीलीभीत' के प्रतिभागियों ने समान अंक अर्जित किये, अतः टाइ ब्रेकर के बाद उन्हें क्रमशः फर्स्ट रनर अप तथा सेकंड रनर अप घोषित किया गया। बेनहर पब्लिक स्कूल की संस्थापक प्रधानचर्या रंजीत सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, हेड मिस्ट्रेस निर्मला शर्मा और एक्टिविटीज़ इंचार्ज रोशनी बग्गा सहित बड़ी संख्या में बेनहर पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने उपरोक्त प्रतियोगिता में विजयी रचित चंद्रा और संस्कृति को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त करते हुए कहा कि बेनहर पब्लिक स्कूल ने स्पष्ट रूप से बरेली रीजन में अपनी मेरिट को बरकरार रखा है।

## बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोसीकलां।** बच्चों के विवाद को लेकर घंटाघर मनीरामवास में इस्लाम उर्फ मिच्चू और शाहिद में विवाद हो गया। दोनों के मध्य मारपीट हो गई। जिससे भीड एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख झगडा कर रहे लोग मौके से भाग निकले। मारपीट में दोनों के पक्षों के चार लोगों के चोटें आई बताई हैं। झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों के लोग थाने नही पहुंचे।

## ट्रैन की चपेट में आकर युवक की मृत्यु

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोसीकलां।** रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर एक युवक का समीप ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मृत्यु हो गई। मृतक की शिनाख्त मीना नगर निवासी गिरीश 38 वर्ष के रूप में हुई। जीआरपी ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक ट्रैक पार करते समय ट्रैन की चपेट में आ गया।

## ऐतिहासिक मेले के लिए दुग्धाभिषेक आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोसी कलां।** पश्चमी उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक रामलीला मेले के शुभारम्भ हेतु आज राम लीला सस्थान द्वारा राज राजेश्वरी भगवती पर दुग्धाभिषेक प्रातः 8 बजे किया जाएगा कार्यक्रम के पश्चात मेले के अन्य कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे आज ही मेला आचार्य लीला निर्देशक श्रृंगार प्रमुख को न्योता दिया जाएगा रामलीला संस्थान के अध्यक्ष अजय मंगला ने सभी नगर वासी एवं समाजसेवियों से प्रातः 8:00 बजे राजराजेश्वरी मां भगवती मंदिर पर पहुंचने की अपील की है वही जाहरवीर मेला समिति के तत्वधान में शोभा यात्रा रामनगर स्थित महावीर बगीची से प्रारंभ होगी जानकारी मनीष बठेनिया ने दी है

## मेहंदी से हाथों पर उकेरी अनूठी कलाकृतियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोसीकलां।** हरियाली तीज के मौके पर नगर के बजरंग विद्या मंदिर की छात्राओं ने मेंहदी से हाथों पर जीवन के रंग उकेरे। शिक्षा की लकीरों से लेकर विविधता की कला को देखकर हर कोई मुग्ध हो उठा। लोकेंद्र पाराशर ने मेहंदी प्रतियोगिता में हिमानी प्रथम, चंचल द्वितीय एवं सिवानी तृतीय स्थान पर रही। आर्ट में हिमांशी, चंचल, ज्योति, चेतना एवं ज्वैलरी में लक्षिता, वंदना, निधि को प्रमाण पत्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजेश कुमार, दिलीप, मदनमोहन, धनसिंह, अनुज, सोनु, योगेश, हिमांशु, बीना, राजेंद्र का सहयोग रहा।

## जहारवीर जागरण में भजनों को सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोसीकलां।** भगवान जाहरवीर गोगाजी के जन्मोत्सव के अवसर पर रामनगर में जहारवीर मंदिर पर जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जाहरवीर गोगाजी के दरबार को फूलों से सजाया गया। गणेश वंदना से जागरण का शुभारंभ किया। कलाकारों ने बड़ा प्यारा सजा है, बाबा का दरबार, मैं तो बाबा कु मनावा आई री... सुना कर भक्तों को बांधे रखा। मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है.., सत्यम शिवम सुंदरम्... एक बार तो जाओ फिर आके चले जाना... आदि भजन सुना कर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। सुबह 4 बजे आरती का आयोजन कर प्रसादी वितरित की।

# नि:शुल्क जांच शिविर 300 मरीजों का हुआ परीक्षण



**कोसीकलां।** अग्रवाल सभा के तत्वाधान में शुक्रवार को अग्रसेन वाटिका में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 300 मरीजों का परीक्षण कर परामर्श दिया गया। शिविर का आरम्भ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष वेद प्रकाश वेदी, मंत्री मनीष कॉदौनिया, डॉ. हरिशंकर अग्रवाल, डॉ मनीष जैन, कमल किशोर वार्ष्णेय ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के पर दीप प्रज्वल्लन करके किया।

शिविर में डा. रूचि भौहरा, वैभव जैन, मधुवन जैन आदि ने हड्डी रोग, नाक, कान, गला, आंख रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर, हड्ड्यिों की जांच के साथ स्कूल बच्चों की आंखों जांच की गई। शिविर में दून इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने पहुंचकर जांच कराई। चिकित्सक डा. मनीष जैन ने कहा कि इस समय बीमारियों से बचने के लिए सभी को सावधानी रखने की आवश्यकता है।

बरसात का मौसम चल रहा है, जिसमें बीमारियां हावी होने का प्रयास करती हैं। राकेश वकील, राजीव अग्रवाल, केके अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, प्रभूदयाल गोयल, सत्तो अगरारिया आदि थे।

## यूपी बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनोनीत हुए अरुण रस्तोगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत में यूपीबीबीएफए / आईबीबीएफएफ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अनुराग चौधरी ने डॉ. अरुण कुमार रस्तोगी को जनपद पीलीभीत का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बता दें विश्वजीत त्रिवेदी जरनल सेक्रेट्री ने एक निजी होटल में स्वागत एवं परिचय कार्यक्रम रखा जिसमें बॉडी बिल्डिंग संबंधित चर्चाएं एवं सुझाव रखे गए जनपद में कैसे बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र के विस्तार पर चर्चा की गई। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ अरुण कुमार रस्तोगी ने बताया कि बॉडी बिल्डिंग भी एक खेल है जिसमें बेहतर प्रतिभाग कर जनपद प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते है युवा। खेल कोटे में आरक्षण होता है जिसे सरकार प्रोत्साहन नौकरी में भी दे रही है। सभी लोग इस खेल को भी जनपद में विस्तार करेंगे। इस कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, संयुक्त बार अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा, सेंट्रल बार अध्यक्ष सरोज बाजपेई, एड. अश्वनी अग्निहोत्री, एड. विवेक वार्ष्णेय, सुबोध अवस्थी, देव पटेल, खालिद हुसैन प्रदेश उपाध्यक्ष, एड. अनिरुद्ध सिंह जर्नलिस्ट, अन्य लोग मौजूद रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की अद्वितीय वीरता एवं विजय की स्मृति में शनिवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, पीलीभीत के रक्तकोष केंद्र द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. विभूति गोयल एवं ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ. परीक्षित द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, सेवा भावना को प्रोत्साहित करना एवं चिकित्सा आपात स्थितियों हेतु सुरक्षित रक्त की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। शिविर का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर कुल 21 रक्तदाताओं ने स्वैच्छा से रक्तदान कर मानवीय सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

# सपाइयों ने मनाया संविधान दिवस



**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी ने शनिवार को प्रदेश व्यापी आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीलीभीत मे पूर्व लोकसभा कैम्प कार्यालय पर सविधान दिवस मनाया संविधान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधान परिषद सदस्य शशांक यादव उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शशांक यादव, पूर्व विधान परिषद सदस्य ने कहा "संविधान हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। हमें इसके प्रति सजग रहना होगा और इसकी रक्षा करनी होगी संविधान दिवस पर हम अपने पूर्वजों को याद करते हैं जिन्होंने हमें यह अधिकार दिलाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षत करते हुए जगदेव सिंह जग्गा, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने कहा "संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा "संविधान हमें युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर देता है। हमें इसके प्रति जागरूक रहना होगा।

## एआरटीओ ने अनाधिकृत स्कूल वाहनों के विरुद्ध चलाया गया चेकिंग अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** आरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न स्कूलों के निकट अनाधिकृत एवं पंजीकृत रूप से स्कूली बच्चों को ले जा रहे वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों को ला रहे वाहनों की सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान छह ऐसे ई रिक्शा वहां उसे स्कूली बच्चों का परिवहन करते पाए गए जिनमें 2 ई रिक्शा की फिटनेस समाप्त हो चुकी थी तथा 4 वाहन अपंजीकृत थे। जिन पर कार्यवाही करते हुए दो वाहनों को थाना कोतवाली एवं दो वाहनों को परिवहन कार्यालय में निरुद्ध कर दिया गया। शेष दो वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। एआरटीओ द्वारा बताया गया कि पूर्व में भी जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य प्रबंध को इस विषय में पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया गया था कि उनके यहां आने वाले स्कूली बच्चों का आवागमन असुरक्षित वाहनों से न होने दिया जाए। ऐसे असुरक्षित वाहन जिनकी फिटनेस समाप्त हो चुकी है। वाहन का बीमा, ड्राइवर का डीएल इत्यादि प्रपत्र पूर्ण नहीं है ऐसे वाहनों से स्कूली बच्चों का परिवहन कराया जाना उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने बताया कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी शिक्षा विभाग के माध्यम से विद्यालयों को एक सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

संक्षिप्त खेल समाचार

## निहाल-अखिलेश ने जीता एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक

मलेशिया, वार्ता। भारतीय एथलीट निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिए। मलेशिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में निहाल देवाली ने पुरुषों के 63 किलोग्राम और अल्मोड़ा निवासी अखिलेश सिंह ने 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने नाम कर लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने मलेशिया में आयोजित 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में क्रमशः पुरुषों के 63 किलोग्राम और 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। हमें आप दोनों पर गर्व है।

## देव मीणा ने 2025 में तीसरी बार तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड

जर्मनी, वार्ता। भारत के देव कुमार मीणा ने एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के क्वालिफाइंग राउंड में पुरुषों का पोल वॉल्ट राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां देव कुमार मीणा ने इस साल कोच्चि में हुए फेडरेशन कप में दर्ज किए अपने 5-35 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए, अपने दूसरे प्रयास में 5-40 मीटर का नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह इस साल 20 वर्षीय मीणा ने तीसरी बार भारतीय पोल वॉल्ट राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा है। उन्होंने 2025 के राष्ट्रीय खेल में 5-32 मीटर की ऊंचाई पार करने के साथ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जो 2022 में सुब्रमणि शिवा की 5-31 मीटर जंप के साथ उनके नाम दर्ज था।

# एशिया कप क्रिकेट यूएई में खेला जाएगा

● 9 से 28 सितम्बर के बीच होगा टूर्नामेंट, आईसीसी चीफ बोले-शेड्यूल जल्द जारी होगा




नई दिल्ली, वार्ता। एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू होगा और फाइनल 28 सितम्बर को खेला जाएगा।

एशियन क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अध्यक्ष मो. हसिन नकवी ने इसकी जानकारी दी है। टूर्नामेंट टी-20 फार्मेट में होगा। नकवी जो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं, ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आईसीसी एशिया कप 2025 अब आधिकारिक रूप से यूएई में 9 से 28 सितम्बर तक खेला जाएगा। यह एक शानदार टूर्नामेंट होगा और हम सभी को शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगा। शेड्यूल की पूरी जानकारी जल्द साझा की जाएगी। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा। एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था। अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को आपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आएगा। इसलिए आईसीसी टूर्नामेंट को यूएई में करा रहा है। एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है। इस साल फरवरी-मार्च में हुई चैंपियंस ट्राफी के लिए टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं गई थी। भारत के सभी मैच यूएई में कराए गए थे, यहीं भारत ने सेमीफाइनल और फाइनल भी यूएई में ही हुए थे। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा कर खिताब अपने नाम किया था। पाकिस्तान टीम पाकिस्तान की टीम साल 2023 में वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर आफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे। 2008 के मुंबई हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज बंद हैं। अब दोनों टीमें अब केवल आईसीसी और आईसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे का सामना करती हैं। ऐसे में जब भी भारत-पाकिस्तान मैच होता है तो दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें इस मुक़ाबले पर टिकी होती हैं। ऐसे में आयोजक और ब्राडकास्टर भारत-पाकिस्तान मैच से ज्यादा से ज्यादा कमाई करते हैं। टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाक का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था।

# तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने जीता कांस्य पदक

● भारत के लिए यह ऐतिहासिक मौका रहा जिसमें एक ही संस्करण में दो महिला शटलर खेली

सोलो, वार्ता। बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में भारत का शानदार अभियान तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला द्वारा महिला एकल वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ समाप्त हुआ। यह भारत के लिए ऐतिहासिक पहला मौका था, क्योंकि इस प्रतियोगिता के एक ही संस्करण में दो महिला एकल शटलर पोडियम पर पहुंची थीं।

एक रोमांचक सेमीफाइनल में, वेन्नाला कलागोटला ने चीन की लियू सी या के खिलाफ बहादुरी से मुकाबला किया। दूसरे गेम में 15-20 से पिछड़ने के बाद, युवा भारतीय खिलाड़ी ने तीन मैच पॉइंट बचाकर स्कोर 18-20 कर दिया, लेकिन आखिरी क्षणों में हुई एक महत्वपूर्ण गलती के कारण लियू ने मुकाबला 21-15, 21-18 से जीत लिया। दूसरे कोर्ट पर, दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त चीन की यिन यी किंग से हुआ। पहला गेम 13-21 से हारने के बाद, तन्वी ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी करते हुए 6-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, यिन ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर लिया और फिर 21-13, 21-14 से जीत हासिल की।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराया, सीरीज में बनाई अजेय बढ़त



● टिम डेविड नाबाद 107 रनों की तूफानी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है

बासेटेयर, वार्ता। टिम डेविड (नाबाद 107) की तूफानी शतकीय प्रहार की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 23 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है। इसी साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 215 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय वह 87 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। ग्लेन मैक्सवेल सात गेंद में (20) रनआउट हुए। इसके बाद जोश इंग्लिस (15), मिचेल मार्श (22) और कैमरून ग्रीन (11) रन बनाकर आउट हुए।

ऐसे संकट के समय टिम डेविड और मिचेल ओवेन की जोड़ी ने तूफानी बल्लेबाजी का मुज़ाहिरा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 16-1 ओवर में चार विकेट पर 215 रन बनाकर छह विकेट से जीत दिला दी। डेविड ने केवल 16 गेंदों में तूफानी अर्द्धशतक बनाया जो कि ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 क्रिकेट में अब तक का सबसे तेज अर्द्धशतक है। टिम डेविड ने रिकार्ड 36 गेंदों में 11 छक्के और छह चौकों की मदद से (नाबाद 102) की पारी खेली।

यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से किसी भी बल्लेबाज द्वारा टी-20 में बनाया गया सबसे तेज शतक है। मिचेल ओवेन ने 16 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए (नाबाद 36) रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने दो विकेट लिए। जेसन होल्डर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# रूट के निशाने पर अब सचिन का विश्व रिकॉर्ड


● जो रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए है, टेस्ट में उनसे ज्यादा सिर्फ सचिन तेंदुलकर, जैक कैलिस और रिकी पोंटिंग के शतक है



मैनचेस्टर, वार्ता। इंग्लैंड की रन मशीन जो रूट ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में शतक (150) लगाते हुए राहुल द्रविड़ (13,288), जैक कैलिस (13,289) और रिकी पोंटिंग (13,378) को एक झटके में पीछे छोड़ा और अब उनसे ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (15,921) के रह गए हैं। रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए हैं।

टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ तीन बल्लेबाजों ने लगाए हैं - तेंदुलकर (51), कैलिस (45) और पॉन्टिंग (41)। कुमार संगकारा के भी रूट के बराबर 38 शतक हैं। अब रूट के नाम टेस्ट में कुल 104 फिफ्टी-प्लस स्कोर हैं। इस मामले में वह पॉन्टिंग और कैलिस (103) से आगे चले गए हैं। अब सिर्फ तेंदुलकर (119) उनसे आगे हैं। रूट ने भारत के खिलाफ 12 टेस्ट शतक लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा भारत के खिलाफ सर्वाधिक शतक है। उन्होंने स्टीवन स्मिथ (11) को पीछे छोड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक डॉन ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 19) और सुनील गावस्कर (वेस्टइंडीज के खिलाफ 13) के नाम हैं। इनमें से 12 में से 9 शतक रूट ने इंग्लैंड में ही भारत के खिलाफ लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा घरेलू मैदान पर किसी एक विपक्षी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक है। उन्होंने ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 8) को पीछे छोड़ा। रूट ने इंग्लैंड में 23 टेस्ट शतक लगाए हैं। किसी भी देश में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में वह संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। रिकी पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया), जैक्स कैलिस (साउथ अफ्रीका) और माहेला जयवर्धने (श्रीलंका) के भी 23-23 शतक हैं। इंग्लैंड में टेस्ट में रूट के 7195 रन हो गए हैं। किसी एक देश में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में वह तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया में 7578 रन) और तेंदुलकर (भारत में 7216 रन) हैं। रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 1128 टेस्ट रन बनाए हैं। इस मैदान पर 1000 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। यह उनका दूसरा मैदान है जहां उन्होंने 1000 से अधिक टेस्ट रन बनाए हैं। लॉर्ड्स में उनके 2166 रन हैं। रूट ने अब तक टेस्ट में रवींद्र जडेजा के खिलाफ 588 बनाए हैं। साथ ही वह 37 पारियों में नौ बार आउट हुए हैं। यह किसी बल्लेबाज द्वारा किसी एक गेंदबाज के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड स्टीवन स्मिथ के नाम था। उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ 577 रन बनाए हैं।

# ओलंपिक चैंपियन नदीम ने कराई सर्जरी




नीरज से मुकाबले पर लगा प्रश्नचिन्ह

● अरशद नदीम ने आगामी विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अभी सर्जरी कराने का फैसला किया

लंदन, वार्ता। पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के काफ (पिंडली की मांसपेशी) की सर्जरी कराये जाने के कारण अगले महीने सिलेसिया डायमंड लीग 2025 में नीरज चोपड़ा के साथ होने वाले बहु-प्रतीक्षित भाला फेंक मुकाबले पर अब प्रश्नचिन्ह लग गया है। समझा जाता है कि 27 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अभी सर्जरी कराने का फैसला किया है। पेरिस 2024 ओलंपिक पुरुष भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता ने हाल ही में कैम्ब्रिज के स्पायर हॉस्पिटल में डॉ- अली बाजवा से अपने राइट काफ पर एक इंटरवेंशनल सर्जरी कराई। नदीम वर्तमान में लंदन में रिकवरी के दौर से गुज़र रहे हैं। पोलैंड में 16 अगस्त को होने वाली सिल.सिया डायमंड लीग में भारत और पाक के इन दो सितारों के बीच पेरिस 2024 में उनके ऐतिहासिक मुक.बले के बाद पहली भिड़ंत होने की उम्मीद थी, जहां नदीम ने 92-97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। टोक्यो 2020 चैंपियन नीरज को रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

# सेटअप से बाहर होकर खराब तो लगता है: उमेश

गुरुग्राम, वार्ता। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जब से आई है तब से एक चक्र के बाद दूसरे चक्र में भारत नए खिलाड़ियों को आजमाता दिखा है। अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, इशांत शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने अभी तक संन्यास नहीं लिया है लेकिन अब वह भारतीय सेटअप से बाहर ही हो गए हैं।

ऐसे ही एक तेज गेंदबाज़ उमेश यादव भी हैं, जिन्होंने 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपना पिछला टेस्ट खेला था। गुरुग्राम में पिकलपॉक्स खेल के एक इवेंट में पहुंचे उमेश ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से बातचीत में कहा कि हर किसी को सेटअप से बाहर होना खराब लगता है।, लेकिन यह एक सर्कल है, आज मैं बाहर हूं कल कोई बाहर होता है, जो बदलाव आने हैं, वह तो आने ही है।

● यह एक सर्कल है आज मैं बाहर हूं कल कोई दूसरा खिलाड़ी बाहर होगा

लाइफ हमेशा ऐसे नहीं चलती है, सबके साथ ही ऐसा होता है। हम पहले साइकिल से चलते थे, लेकिन अब हवाई जहाज से सफर कर रहे हैं। ऐसे में कोई नया लड़का आएगा तो सीनियर को बाहर जाना होगा, प्रतिस्पर्धा होना तो भारतीय क्रिकेट के लिए और भी अच्छा है, तो यही लजदगी है। मैं अभी भी फिट हूं तो कुछ ना कुछ नई कोशिश में लगा रहता हूं। वापसी का मौका मिलेगा तो मैं हमेशा तैयार हूं। भारतीय क्रिकेट टीम इस समय इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज़ खेल रही है और मोहम्मद शमी जैसे सीनियर गेंदबाज़ टीम में नहीं है, जसप्रीत बुमराह केवल तीन टेस्ट खेलने की बात कह चुके हैं।

# एम्मा डीसी ओपन के सेमीफाइनल में



● एम्मा राडुकानू ने मारिया सकारी को महिला एकल वर्ग में 6-4, 7-5 से हराया

वाशिंगटन, वार्ता। ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू ने यूनान की मारिया सकारी को महिला एकल वर्ग के मुकाबले में हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

क्वार्टर फाइनल में 22 वर्षीय खिलाड़ी राडुकानू ने अपने विजय अभियान को जारी रखते हुए उमस भरी गर्मी के बीच दो घंटे छह मिनट चले मुकाबले में मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। अब सेमीफाइनल में राडुकानू का मुकाबला रूस की अन्ना कालिंस्काया से होगा। अन्ना कालिंस्काया ने क्लारा टॉसन को 6-3 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

## राजस्थान शतरंज संघ के चुनाव के लिए शर्मा चुनाव अधिकारी नियुक्त

बीकानेर, वार्ता। राजस्थान शतरंज संघ के कार्यकारिणी के 28 अगस्त को होने वाले चुनाव के लिए सेवा. निवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष एवं राजस्थान शतरंज संघ के अध्यक्ष महावीर रांका ने शनिवार को बताया कि राजस्थान शतरंज संघ की कार्यकारणी का चार वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। अगली कार्यकारिणी चुनने के लिए पूर्व न्यायाधीश शर्मा राजस्थान शतरंज संघ से संबद्ध जिला शतरंज संघों की नवीनतम मतदाता सूची के अनुसार चुनाव सम्पन्न करवायेंगे।

# वेदा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

● वेदा कृष्णमूर्ति ने आज सोशल मीडिया पोस्ट किए गए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि एक छोटे शहर की लड़की जिसके बड़े सपने थे

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय महिला क्रिकेटर वेदा कृष्णमूर्ति ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। वेदा ने आज सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि एक छोटे शहर की लड़की जिसके बड़े सपने थे। कदुर में यह सब ऐसे ही शुरू हुआ।

मैंने बल्ला उठाया, यह नहीं जानते हुए कि यह मुझे कहां ले जाएगा। लेकिन मुझे पता था कि मुझे इस खेल से प्यार है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मुझे संकरी गलियों से लेकर सबसे बड़े स्टेडियमों तक, खामोश उम्मीदों से लेकर गर्व से भारतीय जर्सी पहनने तक, इतना आगे ले जाएगा। क्रिकेट ने मुझे एक करियर से कहीं बढ़कर दिया। इसने मुझे एहसास दिलाया कि मैं कौन हूँ। इसने मुझे सिखाया कि कैसे लड़ना है, कैसे गिरना है और कैसे खुद को साबित करना है। आज, पूरे मन से, मैं इस अध्याय को विराम दे रही हूँ। मध्यक्रम की आक्रामक बल्लेबाज वेदा ने भारत के लिए 48 एकदिवसीय और 76 टी-20 मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार एमसीजी में 2020 टी-20 विश्वकप फाइनल में देश का प्रतिनिधित्व किया था, जबकि भारत के लिए उनका आखिरी एकदिवसीय मुकाबला उससे लगभग दो साल पहले, अप्रैल 2018 में मेहमान इंग्लैंड टीम के खिलाफ खेला था। वेदा ने 50 ओवरों के प्रारूप में 829 रन बनाये और तीन विकेट लिए तथा सबसे छोटे प्रारूप में 875 रन बनाये। वेदा ने कहा कि मेरे माता-पिता और भाई-बहनों, खासकर मेरी बहन, मेरी पहली टीम होने के लिए धन्यवाद। और मेरी निरंतर शक्ति। मेरे कोचों, कप्तानों और मार्गदर्शकों को, मुझे आकार देने के लिए धन्यवाद। बीसीसीआई को, भारत का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान देने के लिए आभार। केएससीए, रेलवे और कर्नाटकओसी को, मुझे आगे बढ़ने का मौका देने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि मेरी टीम की साथियों को, आपने इस सफर के हर पल को सार्थक बनाया। हमने सब कुछ साझा किया है। जीत, हार और हंसी, जो हमेशा मेरे साथ रहेगी। आप कभी केवल टीम के साथी नहीं थे। आप परिवार थे। मेरे दोस्तों को, वहां मौजूद रहने के लिए धन्यवाद। कर्नाटक और रेलवे की कप्तानी करना मेरे लिए एक सम्मान की बात थी जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी। उन टीमों ने मुझे आकार दिया, मुझे चुनौती दी और मुझे पूरे दिल से नेतृत्व करने की जगह दी। और भारत की उस जर्सी को पहनने के एहसास को बराबरी कोई नहीं कर सकता। राष्ट्रगान, एड्रेनालाईन, गर्व-ये सब हमेशा आपकी हड्डियों में बसता है। वेदा ने लिखा कि 2017 एक ऐसे विश्वकप का हिस्सा बनने के लिए क्या ही शानदार साल रहा जिसने भारत में महिला क्रिकेट के प्रति लोगों के नजरिए को बदल दिया। मुझे इस पर हमेशा गर्व रहेगा। फिजियो, ट्रेनर, सिलेक्टर और पर्दे के पीछे काम करने वाले हर व्यक्ति का धन्यवाद।

# राहुल-गिल ने भारतीय पारी को संभाला

● मैनचेस्टर टेस्टः दोनों में फिफ्टी की साझेदारी, इंडिया ने जीरो पर गंवा दिए थे दो विकेट, इंग्लैंड 669/10




मैनचेस्टर, वार्ता। मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन भारतीय टीम मुश्किल में है। टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में 81 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए हैं। टीम इंग्लैंड से 230 रन पीछे है। केएल राहुल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद हैं। दोनों में फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। दोनों को क्रिस वोक्स ने पहले ओवर में आउट किया। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन का स्कोर बनाया। यह ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में पारी का सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया के 656/8 के स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा। जो कंगारू टीम ने 1964 में बनाया था। इस तरह इंग्लिश टीम को पहली पारी में 311 रन की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया पहली पारी में 358 रन पर आउट हुई। इंग्लैंड से स्टोक्स-रूट ने शतक बनाए, 3 बैटर्स की फिफ्टी इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रन बनाए, जबकि जो रूट ने 150 रन की पारी खेली। ओप. नर बेन डकेट ने 94, जैक क्राली ने 84 और ओली पोप ने 71 रन बनाए। नंबर-8 के बैटर ब्रायडन कार्स ने 47 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और वाशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट अंशुल कम्बोज और मोहम्मद सिराज के खाते में आया। 25वें ओवर की आखिरी बाल पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल को जीवनदान मिला। ब्रायडन कार्स की आउट स्विंग बाल पर गिल ने पाइंट की दिशा में खेला। लियम डासन ने छलांग लगाकर कैच करने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। 16वें ओवर में केएल राहुल और शुभमन गिल ने शतकीय साझेदारी कर पूरी कर ली है। टीम इंडिया ने शून्य के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन शून्य पर आउट हुए। मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन का पहला सेशन इंग्लैंड के नाम रहा है। 25.1 ओवर के इस सेशन में 126 रन बने और 5 विकेट गिरे। इनमें 2 विकेट इंडिया ने एक रन बनाने में गंवा दिए। वहीं, 544/7 से दिन की शुरुआत करने वाली इंग्लैंड 669 रन पर आलआउट हो गई। कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रनों की पारी खेली। 311 रन से पिछड़ रही भारतीय टीम ने दूसरी पारी के पहले ओवर में दो विकेट गंवाए।




आणंद। गुजरात में जिला अध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## हवा में टक्कर से बचने के लिए यात्री विमान को नीचे उतरना पड़ा, दो घायल

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफोर्निया से उड़ान भरने वाले साउथवेस्ट के एक विमान को शुक्रवार को संभावित हवा में टक्कर से बचने के लिए नीचे उतरने पर मजबूर किया गया, जिससे दो परिचारक घायल हो गए। साउथवेस्ट फ्लाइट 1496 के चालक दल ने शुक्रवार दोपहर हॉलीवुड बरबैंक हवाई अड्डे से उतरते समय विमान में दो ट्रैफ़िक अलर्ट देखे, जिसके बाद उन्हें अलर्ट का पालन करने के लिए विमान को चढ़ाना और उतारना पड़ा। साउथवेस्ट एयरलाइंस के एक बयान के अनुसार, उड़ान लास वेगास के लिए रवाना हुई, जहां बिना किसी घटना के उतर गई।

# मालदीव के मामलों में किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं: मुइज्जू

## मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा

**माले/नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को जोर देकर कहा कि उनकी सरकार की किसी भी देश को अपने मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने देने की स्पष्ट नीति है और मालदीव के लोग देश की एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुइज्जू मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को संबोधित कर रहे थे।

मालदीव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब राष्ट्रपति ने संयुक्त समारोह में दोनों बलों को संबोधित किया हो। मालदीव की दो दिन की राजकीय यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समारोह में मुख्य अतिथि थे। पुलिस और रक्षा बलों को सरकार द्वारा दी जाने वाली प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि इसे लेकर पहले भी कई बार सवाल उठते रहे हैं। मालदीव के विशाल समुद्री क्षेत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अपेक्षाकृत कम आबादी के



■ प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए: मालदीव राष्ट्रपति

बावजूद, मालदीव के लोग स्वयं ही मातृभूमि की रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाएंगे। साथ ही उन्होंने माना कि मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा, और इस संबंध में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

राष्ट्रपति ने उन राष्ट्रीय नायकों को भी श्रद्धांजलि दी जिनके बलिदान से देश को स्वतंत्रता मिली। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लाभ के लिए देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा को बनाए रखने की साझा जिम्मेदारी पर ज़ोर दिया। मालदीव की स्वतंत्रता के इतिहास की चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने देश की संप्रभुता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय रक्षा बलों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को मज़बूत और आधुनिक बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## मालदीव के उपराष्ट्रपति व पूर्व राष्ट्रपति से मिले मोदी

**माले/नई दिल्ली।** मालदीव की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां माले में वहां के उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ़, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला के साथ मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मोदी ने उपराष्ट्रपति के साथ मुलाकात के बाद कहा कि इस दौरान बातचीत भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केन्द्रित रही और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी और अधिक

■ दोनों देशों के संबंधों पर हुई बात

प्रगाढ होगी। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ़ के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमारी चर्चा भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित रही। हमारे देश बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करना जारी रखे हुए हैं। यह हमारे लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आने वाले वर्षों में इस साझेदारी को और गहरा करने की आशा करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया: राजनेता गैरेथ वार्ड दुष्कर्म के दोषी पाए गए

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के एक राजनेता को दो युवकों के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। एक जूरी ने अभी भी राज्य संसद के सदस्य गैरेथ वार्ड को अभद्र हमले के तीन मामलों और बलात्कार के एक मामले में दोषी पाया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पीड़ितों, जिनकी उम्र 18 और 24 वर्ष थी, ने कहा कि 2013 और 2015 के बीच राजनीतिक हलकों के माध्यम से 44 वर्षीय वार्ड से मिलने के बाद उनके साथ वार्ड के घर पर मारपीट की गई थी। वर्ष 2021 में आरोप सामने आने पर वार्ड ने राज्य सरकार के मंत्री और लिबरल पार्टी से इस्तीफा दे दिया, लेकिन संसद छोड़ने से इनकार कर दिया और 2023 में कियामा के सदस्य के रूप में फिर से चुने गए। वार्ड इस साल के अंत में सजा सुनाए जाने के लिए अदालत में पेश होंगे।

### थाईलैंड कंबोडिया संघर्ष का कारण राजनीतिक गलतियां: विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** विशेषज्ञो का कहना है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हाल ही में बढ़ा तनाव महज दुर्घटना नहीं है बल्कि यह राजनीतिक गलतियों और राष्ट्रवादी प्रवृत्तियों की सुप्त आग को फिर से भड़काने का परिणाम है। मलेशिया में कुआलालंपुर स्थित मलाया विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबध एवं मानवाधिकार मामलों के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. खू यिग हूई ने संवाद एजेंसी स्पुतनिक को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ताज़ा झड़पें लंबे समय से चले आ रहे तनाव और एक नई राजनीतिक चिंगारी का नतीजा हैं। थाईलैंड में शिनावात्रा और कंबोडिया में हुन परिवारो जैसे दो शक्तिशाली पक्षों से जुड़ा एक राजनीतिक नाटक इस मामले को और तूल दे रहा है।

# अमेरिकी कोर्ट से ट्रम्प को फिर बड़ा झटका

## जन्मसिद्ध नागरिकता को खत्म करने की कोशिश पर लगी रोक



■ कई राज्यों ने दी थी आदेश को चुनौती
■ यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है: लियो सोरोकिन
■ लियो ने यह भी कहा: मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रम्प का आदेश अमान्य रहेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने एक बार फिर डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन के उस आदेश को रोक दिया है, जिसके जरिए अमेरिका में अवैध या अस्थाई रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को जन्मसिद्ध नागरिकता देने से इन्कार किया गया था।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश के जरिए यह नियम लागू करना चाहा था कि अमेरिका में जन्मे ऐसे बच्चों को नागरिकता न दी जाए जिनके माता-पिता अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे हैं या अस्थाई वीजा पर हैं। ट्रम्प प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ कई राज्यों ने अदालत में चुनौती दी थी। उनका कहना था कि यह आदेश न सिर्फ असंवैधानिक है, बल्कि इससे उन्हें उन बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाएं देने में आर्थिक नुकसान भी होगा।

मामले में सुनवाई के दौरान बोस्टन के जिला न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने कहा कि यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति केवल एक कलम से देश के कानून को नहीं बदल सकते। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रम्प का आदेश अमान्य रहेगा। बात अगर अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन की करें तो यह अमेरिका का वो संवैधानिक प्रावधान है जो कहता है कि अमेरिका में जन्मा हर व्यक्ति अमेरिकी नागरिक होगा चाहे उसके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो। गौरतलब है कि ट्रम्प के इस आदेश के खिलाफ पूरे अमेरिका में चर्चा तेज है। ऐसे में इस मामले में इससे पहले न्यू हैम्पशायर, सैन फांसिस्को और मैरीलैंड की अदालतें भी इस आदेश को असंवैधानिक बता चुकी हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में निचली अदालतों को पूरे देश में रोक लगाने से मना किया था, लेकिन राज्यों और समूहों द्वारा दायर मुकदमों में अभी भी राष्ट्रव्यापी प्रभाव वाले फैसले दिए जा सकते हैं। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से अभी इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## ट्रम्प बोले: हमास की वजह से सीजफायर डील टूटी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में सीजफायर डील पर बातचीत टूटने के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने आगे कहा मुझे लगता है कि हमास मरना चाहता है, और ये बहुत ही बुरी स्थिति है। अब वक्त आ गया है कि ये काम पूरा किया जाए। इससे कुछ हफ्ते पहले ट्रम्प ने कहा था कि गाजा में जल्द सीजफायर और बंधकों की रिहाई के लिए समझौता जल्द हो सकता है। इस हफ्ते ट्रम्प प्रशासन ने दोहा में चल रही बातचीत से अपने वार्ताकारों को वापस बुला लिया था। ट्रम्प ने कहा कि अब जब केवल कुछ ही बंधक बचे हैं, तो हमास की बातचीत में दिलचस्पी कम हो गई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायली बंधकों की रिहाई में हमास सबसे बड़ी रुकावट है। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने बताया कि इजरायल और अमेरिका अब मिलकर इस संकट से निपटने के लिए रास्ता खोज रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा हम अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि बंधकों को वापस लाया जा सके। हमास के आतंक के शासन को खत्म किया जा सके।

# ईरान में आतंकवादी हमले में आठ लोगों की मौत, 13 घायल

■ हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल
■ हमले में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर: आईआरजीसी

**तेहरान।** ईरान में सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी दक्षिण-पूर्वी शहर ज़ाहेदान में न्याय विभाग की इमारत पर शनिवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए और अन्य 13 घायल हो गए।

हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल हैं। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने ली है। ईरान ने इसे एक आतंकवादी समूह घोषित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि न्याय विभाग के परिसर में घुसते ही आतंकवादियों ने वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे हताहतों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई गई है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपने आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि उसके जवानों ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। आईआरजीसी ने बताया कि हमले में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर है। सुरक्षा बल ने स्थिति को नियंत्रण कर लिया है। ज़ाहेदान यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के प्रमुख मोहम्मद-हसन मोहम्मदी ने एक बयान में कहा कि सभी घायलों को पास के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रांतीय अधिकारियों ने लोगों से न्याय विभाग और आसपास के इलाकों से दूर रहने का आह्वान किया है। सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने हाल के वर्षों में ईरानी सुरक्षा बलों और नागरिकों पर कई घातक हमले किए हैं।

# पाक में भारी वर्षा के कारण अब तक 266 लोगों की मौत

■ बारिश से जुड़े हादसों में पाक के पंजाब में सबसे जयादा 144 लोग मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 30 दिनों के दौरान मूसलाधार बारिश से संबंधित दुर्घटनाओं में 266 लोगों की मौत हो गई और 633 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के कल जारी आंकड़ों में इस आशय की सूचना दी गई।

एनडीएमए की नवीनतम स्थिति रिपोर्ट के अनुसार हालांकि पिछले 24 घंटों में बारिश के कारण कहीं से भी किसी की मृत्यु होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन पांच लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। ये आंकड़े 26 जून से 25 जुलाई की अवधि के हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बारिश से जुड़े हादसों में पंजाब में सबसे जयादा 144 लोग मारे गए और 493 घायल हुए। उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 63 लोगों की मौत और 79 अन्य के घायल होने की खबरें हैं। रिपोर्ट के अनुसार सिंध में 25 से लोग मारे गए हैं, जबकि 40 अन्य घायल हुए हैं। बलूचिस्तान में 16 लोगों की मृत्यु होने और चार अन्य के घायल होने की खबर है। गिलगिट-बाल्टिस्तान और इस्लामाबाद में आठ लोग मारे गए, जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में दो लोगों की जानें गईं। एनडीएमए द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार देश भर से प्राप्त इन आंकड़ों में बच्चों की मृत्यु का अनुपात काफी जयादा है। इनमें 126 बच्चों की मृत्यु और 209 अन्य के घायल होने की खबर है।

## साद में यमनी सेना और हूतियों के बीच संघर्ष में 10 सैनिकों की मौत

**अदन, यमन।** उत्तरी प्रांत सादा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हूती मिलिशिया द्वारा किए गए बड़े पैमाने के हमले को नाकाम कर दिया गया है। यमन के सरकार समर्थक बलों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक बयान में बलों ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने सादा प्रांत के उत्तर में अलेब सैन्य मोर्चे पर हूतियों के बड़े पैमाने के हमले को विफल कर दिया। बयान में कहा गया है कि इस संघर्ष में 10 सरकारी सैनिक मारे गए, जबकि दर्जनों दुश्मन लड़ाके मारे गए या घायल हुए। इसमें यह भी कहा गया है कि हूती आतंकवादियों के शव इलाके की घाटियों में बिखरे पड़े मिले और तीन हूती सैन्य वाहन नष्ट हो गए।

# इजरायली हमलों में मारे गए 25 फलस्तीनी

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह में शनिवार को इजरायली हवाई हमलों और गोलीबारी में 25 लोग मारे गए। इस बीच, अमेरिका और इजरायल ने युद्धविराम वार्ता के लिए भेजी गई टीमों को वापस बुला लिया है और गाजा में फलस्तीनियों को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारियों और एंबुलेंस सेवा ने यह जानकारी दी। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि ज्यादातर लोग जिकिम क्रासिंग के पास मदद के लिए ट्रकों का इंतजार करते समय मारे गए। इजरायली सेना ने इस घटना पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अस्पताल और एंबुलेंस सेवा ने बताया कि हमलों में गाजा सिटी में चार लोग मारे गए, जो अपार्टमेंट पर थे। यह हमले ऐसे समय हुए हैं जब इजरायल और हमास के बीच

### मदद पाने की कोशिश में कई घायल



युद्धविराम वार्ता रुक गई है। अमेरिका और इजरायल ने अपनी वार्ता टीमों को वापस बुला लिया है, जिससे वार्ता के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार हमास के साथ युद्धविराम वार्ता के अलावा 'वैकल्पिक विकल्प' पर विचार कर रही है। वहीं, हमास के एक अधिकारी ने कहा कि वार्ताअगले सप्ताह फिर शुरू हो सकती है और उन्होंने इजरायली और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की वापसी को दबाव की रणनीति बताया। मिस्र और कतर ने कहा कि यह वार्ताएं अस्थाई रूप से रुकी हैं और फिर से शुरू होंगी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कब शुरू होंगी। ये दोनों देश अमेरिका के साथ मिलकर वार्ता में मध्यस्थता कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र और विशेषज्ञों का कहना है कि बेबस फलस्तीनियों के लिए जल्द युद्धविराम होना जरूरी है। गाजा के फलस्तीनियों को भूखमरी का

■ अमेरिका और इजरायल ने युद्धविराम वार्ता के लिए भेजी गई टीमों को वापस बुलाया

खतरा है और कुपोषण से मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। हालांकि, इजरायली सेना का कहना है कि वह बिना किसी रोकटोक के मदद के ट्रकों को गाजा में प्रवेश करने दे रही है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इजरायली सैन्य प्रतिबंधों और लूटपाट की घटनाओं के कारण मदद कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कुछ दिन पहले भी जिकिम क्रासिंग पर गोलीबारी हुई थी, जिसमें 79 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी, जो उसी क्रासिंग से मदद पाने की कोशिश कर रहे थे। इजरायली सेना ने उस वक्त कहा था कि उसके सैनिकों ने उन हजारों फलस्तीनियों पर गोली चलाई जो खतरा पैदा कर रहे थे।

# थाईलैंड-कंबोडिया संघर्ष में मौत का आंकड़ा 33 हुआ

## कंबोडिया बोला: पड़ोसी देश जानबूझकर जंग बढ़ा रहा, यूएन से संघर्ष रुकवाने की मांग

**बैंकाक/नोम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष तीसरे दिन भी जारी है। इस संघर्ष में अब तक 33 लोगों की मौत हो गई है। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक लड़ाई में उसके 13 लोगों की मौत हुई है।

इनमें 8 नागरिक और 5 सैनिक शामिल हैं। इसके अलावा 71 लोग घायल हुए हैं। वहीं, थाईलैंड के भी 20 लोग मारे गए हैं। इनमें 14 नागरिक और 6 सैनिक शामिल है। कंबोडिया ने थाईलैंड पर जानबूझकर हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि थाई सेना उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रही है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार को दावा किया कि मलेशिया की मध्यस्थता में 24 जुलाई की रात दोनों ही देश सीजफायर पर समहत हुए थे, लेकिन समझौते पर पहुंचने के

■ मरने वालों में कंबोडिया के आठ नागरिक, पांच सैनिक शामिल व 71 लोग घायल भी हुए

1 घंटे से भी कम वक्त में थाईलैंड ने अपना रुख बदल दिया और समझौते से हट गया। यूएन सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी बैठक में कंबोडिया ने जंग को रुकवाने की मांग की है। इस मीटिंग में थाईलैंड ने कंबोडिया पर सीमावर्ती इलाके में बारूदी सुरंगें बिछने का आरोप लगाया। थाई राजदूत ने कहा कि कंबोडिया ने ही हमले शुरू किए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने न्यूयार्क में बंद कमरे में एक आपात बैठक की। इसमें सभी 15 देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने और कूटनीतिक समाधान निकालने की अपील की। कंबोडिया के यूएन राजदूत छेआ कीओ ने कहा हम बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं। हमारी कोई आक्रमण की मंशा नहीं है, हम एक छोटा देश हैं, हमारे पास एयरफोर्स तक नहीं है। विवाद को देखते हुए थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों से थाईलैंड और कंबोडिया सीमा के पास 7 राज्यों में जाने से बचने की अपील की गई है। इनमें उबोन रत्चथानी, सुरिन, सिसाकेत, बुरीराम, सा काओ, चंथाबुरी और ट्राट शामिल हैं। इसके अलावा इमरजेंसी की स्थिति में दूतावास से संपर्क करने के लिए कहा गया है। कंबोडिया ने जंग शुरू होने के बाद पहली बार हताहतों की संख्या बताई है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अब तक 13 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 5 सैनिक हैं। वहीं, 71 घायल हुए हैं, जिसमें 21 सैनिक हैं। सबसे ज्यादा नुकसान ओड्डार मीनचे प्रांत में हुआ है। लड़ाई की वजह से हजारों लोगों को सुरक्षित जगहों पर पलायन करना पड़ा है।

## कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ जुड़े संघर्ष क्षेत्रों में उड़ानों पर लगाए प्रतिबंध

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया के नागरिक उड्डयन राज्य सचिवालय (एसएससीए) ने उन क्षेत्रों में सभी उड़ानों को प्रतिबंधित कर दिया है, जहां कंबोडिया और थाईलैंड के बीच संघर्ष चल रहा है। एसएससीए के राज्य सचिव सिन चांसरे वुथा ने एक ऑडियो संदेश में कहा कि सभी हवाई कंपनियों को सूचित कर दिया है कि संघर्ष क्षेत्रों से उड़ान न भरें और कोई भी जहाज समुद्री सतह से 12000 मीटर से कम की ऊंचाई पर न उड़े। पोइपेट शहर, पैलिन प्रांत और सिएम रीप प्रांत के कुछ हिस्सों को भी प्रतिबंधित क्षेत्र में शामिल कर दिया गया है। वुथा ने कहा कि सभी उपाय हवाई संचालन और नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए उठाये गए हैं।

# रूस ने गुप्त ड्रोन संयंत्र को किया सार्वजनिक

**मास्को।** रूस ने अपने ड्रोन संयंत्र और रूस के युद्ध प्रयास में इसके योगदान को सार्वजनिक करने का निर्णय लिया है और ड्रोन उत्पादन सुविधा के अंदर की पहली आधिकारिक झलक सार्वजनिक की है।

यह जानकारी सीएनएन ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में दी। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अलाबुगा के कारखाने में विशिष्ट काले, त्रिकोणीय ईरानी डिज़ाइन वाले हमलावर ड्रोन (जिन्हें रूसी भाषा में गेरान कहा जाता है) पंक्तियों में लगे हुए हैं जो देश के सबसे बड़े ड्रोन कारखानों में से एक है। यह रूस का मुख्य हमलावर ड्रोन कारखाना है जो यूक्रेनी शहरों पर क्रेमलिन के बढ़ते ड्रोन हमले में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रिपोर्ट के मुताबिक इस बात के भी सबूत हैं कि युवाओं को न केवल अलाबुगा में ड्रोन संयोजन में बल्कि निर्माण कार्य में भी शामिल किया जा रहा है। अलाबुगा के महानिदेशक शगिवालेव ने कहा कि तीन वर्षों से ईरानी-डिज़ाइन किए गए शाहेद ड्रोन का उत्पादन करने वाला अलाबुगा अब पूरी तरह से ईरानी फैंचाइज़ी से पूरी तरह से स्थानीय उत्पादन में स्थानांतरित हो गया है। विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के प्रमुख और संयुक्त राष्ट्र के पूर्व हथियार निरीक्षक डेविड अलब्राइट ने सीएनएन से कहा कि कारखाने पर से पर्दा उठाने का निर्णय दर्शाता है कि रूसी अधिकारी ड्रोन बनाने की अपनी क्षमता पर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं। अलाबुगा ने 2023 में शाहेद ड्रोन का उत्पादन शुरू किया और अब यह सस्ते संस्करण भी बना रहा है (जिन्हें गेरबेरा के नाम से जाना जाता है)। पिछले अगस्त में यूक्रेन पर रूसी ड्रोन हमलों में तेज़ी आने के साथ ही इस संयंत्र का विस्तार शुरू हो गया था।



■ रूसी अधिकारी ड्रोन बनाने की अपनी क्षमता पर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं

# दर्शकों को खूब पसंद आ रही सैयारा



## नौवें दिन 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई सैयारा बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर, बनी 2025 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

**मुंबई।** फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया है। 18 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में लगी इस फिल्म ने शानदार ओपनिंग के साथ शुरुआत की। इसके पहले दिन की कमाई और दर्शकों की प्रतिक्रिया से ही अंदाजा हो गया कि यह फिल्म कमाल करने वाली है और ऐसा ही हो रहा है। हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही इस फिल्म ने आज शनिवार को नौवें दिन एक और उपलब्धि दर्ज की है। यह 200 करोड़ी बन गई है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 21.5 करोड़ रुपये जुटाए। महज चार दिनों में यह 100 करोड़ी बन गई थी। इस फिल्म ने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर 172.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। कल आठवें दिन इसकी कमाई 18 करोड़ रुपये रही। वहीं, खबर लिखे जाने तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक आज शनिवार को फिल्म ने अब तक 11.21 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। वीकएंड पर एक बार फिर दर्शकों की भीड़ इस फिल्म को देखने उमड़ पड़ी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 201.96 करोड़ रुपए हो गया है। देश के साथ-साथ वर्ल्डवाइड भी फिल्म का जलवा बरकरार है।
यह वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में इस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्म बन गई है। वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में रेस में सिर्फ विक्की कौशल की फिल्म छावा इससे आगे है। सैयारा ने वर्ल्डवाइड 278.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वहीं, छावा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 797.34 करोड़ रुपये है। इस साल की बाकी फिल्मों को सैयारा ने धूल चटा दी है। सितारे जमीन पर, हाउसफुल 5, रेड 2 सभी इससे पीछे हैं। फिल्म सैयारा एक रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी फिल्म है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा दोनों ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखे हैं। पहली ही फिल्म से दोनों ने दर्शकों पर जादू कर दिया है। फिल्म सैयारा का बजट करीब 50 करोड़ रुपए है।

## सैयारा की सफलता के बाद पहली बार दिखाई दीं अनीत

**मुंबई।** एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी पहली ही फिल्म सैयारा से सफलता का स्वाद चख चुकी हैं। फिल्म की सक्सेस के बाद अनीत को पहली बार पब्लिक प्लेस पर देख गया है। 23 जुलाई को अनीत मुंबई में एक सैलून से बाहर देखी गईं, जहां उनका सामना फोटोग्राफरों से हुआ। वायरल वीडियो में अनीत ब्लू डेनिम और मैचिंग शर्ट पहने नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने ने अपने चेहरे पर मास्क लगा रखा है। सैलून के बाहर फोटोग्राफर और भीड़ को देखकर वह चौंक जाती हैं, जिसके बाद उन्हें तुरंत कार तक ले जाया गया। अनीत न सिर्फ फोटोग्राफरों से बचते दिखीं बल्कि उन्होंने एक फैन की सेल्फी रिक्वेस्ट को भी मना कर दिया। फैन की सेल्फी रिक्वेस्ट मना करने पर सोशल मीडिया पर मिक्स रिएक्शन मिल रहा है। कुछ लोगों ने अनीत को घमंडी कह रहे हैं, तो कुछ ने उनका बचाव किया। एक यूजर ने लिखा- वाह, क्या एटीट्यूड है। वहीं, अनीत के फैन ने उनका बचाव करते हुए लिखा- उस कैमरा और पैपराजी की आदत नहीं है। उसे कुछ समय दीजिए। वहीं, एक यूजर ने लिखा- यशराज ने उन्हें मीडिया से दूरी बनाने के लिए कहा है। अनीत के एक और फैन ने लिखा- यह उसका पहली बार है दोस्तों। उसे इसकी आदत नहीं है। बता दें कि अनीत पड्डा और अहान पांडे ने यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है। इस फिल्म को मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म के साथ मोहित सूरी ने तीन साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है।



# वॉर 2 में कैमियो करेंगी आलिया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी आदित्य चोपड़ा निर्मित फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका है। वॉर 2 का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। चर्चा है कि वॉर 2 में आलिया भट्ट भी नजर आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि आलिया इस फिल्म में एजेंट की भूमिका में नजर आने वाली है। आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म वॉर 2 का ट्रेलर शेयर किया और इसके कैप्शन में लिखा, मजेदार। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे नजदीकी सिनेमाघरों में मिलती हूं। इस पोस्ट के सामने आने के बाद से ही मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। फिल्म वॉर 2, 14 अगस्त को हिदी, तेलुगु व तमिल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# महावतार नरसिम्हा ने रिकॉर्ड तोड़ रेटिंग हासिल की

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स और क्लीम प्रोडक्शन्स की फिल्म महावतार नरसिम्हा ने आईएमडीबी और बुक माय शो पर रिकॉर्ड तोड़ रेटिग हासिल की है।

फिल्म महावतार नरसिम्हा, सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शानदार दृश्य, बड़ा पैमाना और दिलचस्प कहानी के साथ यह फिल्म एक जबरदस्त कामयाबी के रूप में सामने आई है, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा की खूबसूरती को अच्छे तरीके से दिखाती है। महावतार नरसिम्हा एक शानदार सिनेमाई अनुभव से कम नहीं है, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। फिल्म को मिल रही जबरदस्त सराहना के बीच इसकी रेटिंग्स भी रिकॉर्ड तोड़ रही हैं। बुक माय शो पर 9-8/10, गूगल पर 5/5 और आईएमडीबीपर 9-8/10। यह रेटिंग्स किसी भी भारतीय फिल्म के लिए अब तक की सबसे ऊंची मानी जा रही हैं, जो दर्शकों से मिल रहे अपार प्यार और सम्मान को साफ दिखाती हैं। महावतार नरसिम्हा का निर्देशन अश्विन कुमार ने किया है और इसे शिल्पा धवन, कुशल देसाई और चैतन्य देसाई ने क्लीम प्रोडक्शंस के तहत प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 3 डी और पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज की गई है।

# एक जैसे किरदारों को दोहराने में दिलचस्पी नहीं: सिद्धांत

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी का कहना है कि उन्हें कभी भी फिल्मों में एक जैसे किरदार को दोहराने में दिलचस्पी नही रही है। सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही फिल्म धड़क 2 में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। वह एक बार फिर एक ऐसी भावनात्मक दुनिया में कदम रख रहे हैं जो उनके लिए अबतक अनछुई रही है। पारंपरिक ढांचे से हटकर किरदार चुनने के लिए पहचाने जाने वाले सिद्धांत ने कहा कि उन्हें कभी खुद को दोहराने में दिलचस्पी नहीं रही। उन्होंने कहा, यदि लोगों को मेरा कोई एक रोल पसंद आया, इसका मतलब यह नहीं कि मैं वही करता रहूं। असली मजा है खुद को बदलने में और हर बार खुद को एक नई चुनौती देने में है। सिद्धांत ने कहा, मैं यहां मार्केट बनाए रखने नहीं, उसे हिलाने आया हूं। मैं अलग-अलग उम्र के लोगों, अलग इलाकों और सोच रखने वाले दर्शकों से जुड़ना चाहता हूं। तभी मैं सिर्फ एक अभिनेता नहीं, एक इंसान के तौर पर भी आगे बढ़ता हूं।

## बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** मशहूर पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना थे। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की अहम भूमिका होगी।



# ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बैन के बाद एकता ने दी सफाई

## कहा: मेरा और मेरी मां का इस प्लेटफार्म से कोई लेना-देना नहीं है

**मुंबई।** ALTT, Ullu समेत 25 ओटीटी ऐप्स पर बैन लगने के बाद एकता कपूर ने कहा है कि ALTT से उनका और उनकी मां शोभा कपूर का कोई लेना-देना नहीं है। इस मामले को लेकर बयान जारी कर एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर लिखा बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड, जो BSE और NSE में लिस्टेड एक प्रोफेशनल तरीके से चलने वाली मीडिया कंपनी है। हाल ही में ALTT डिजिटल मीडिया एंटरटेनमेंट लिमिटेड (जो पहले इसकी पूरी तरह से अपनी कंपनी थी) के साथ हाल ही में विलय के बाद 20 जून, 2025 से ALTT का संचालन कर रही है। मीडिया में ऐसी खबरें चल रही हैं कि ALTT को सरकार ने बंद कर दिया है, लेकिन इन खबरों के उलट, एकता कपूर और शोभा कपूर का ALTT से अब कोई भी सबंध नहीं है। वे जून 2021 में ही ALTT से अलग हो चुकी हैं। अगर कोई इसके उलट दावा करता है, तो वह गलत है।

मीडिया से अनुरोध है कि सही और सटीक जानकारी ही दी जाए। बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड सभी लागू कानूनों का पूरी तरह पालन करती है और अपना काम सबसे ऊंचे कार्पोरेट नियमों के साथ करती है।



ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

THE S.D. DEGREE COLLEGE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
JANSATH ROAD, NIRANA, Muzaffarnagar (U.P)
Invite Applications for the
APPOINTMENT OF PRINCIPAL & FACULTIES for
B.A. Hindi, English, History, Political Science, Drawing, Education & Sociology
B.Com. Commerce
B.Sc. Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates may send their resume to thesddegree@gmail.com